आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 6 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 230, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com






फिल्म अल्फा में नजर आएंगी आलिया भट्ट 14

रोहित के बिना नई शुरूआत करेगी युवा टीम 13


## सुनक हटे, कीर स्टार्मर बने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में शुक्रवार 4 जुलाई को हुए आम चुनाव में लेबर पार्टी को प्रचंड जीत मिली है। कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी को 650 में से 412 सीटें मिली हैं। किंग चार्ल्स तृतीय ने बकिंघम पैलेस में बैठक के दौरान स्टार्मर को नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। इसी के साथ स्टार्मर आधिकारिक तौर पर देश के 58वें प्रधानमंत्री बन गए। ब्रिटेन में लेबर पार्टी 14 वर्ष के इंतजार के बाद वापस सत्ता में आई है। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी की हार स्वीकार कर ली। सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को अब तक की सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि, ऋषि सुनक अपनी सीट से चुनाव जीत गए हैं। इस बीच लेबर पार्टी नेता कीर स्टार्मर ने कहा कि इस तरह का जनादेश एक बड़ी जिम्मेदारी का अहसास दिलाता है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने स्टार्मर को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कीर स्टार्मर को बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि कीर स्टार्मर को ब्रिटेन के आम चुनावों में जीत के लिए बधाई और शुभकामनाएं। मैं आपसी विकास, समृद्धि को बढ़ावा देने, भारत-यूके व्यापक साझेदारी को और मजबूत करने करे सकारात्मक सहयोग की आशा करता हूं।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा-ईमानदार छात्रों के हित प्रभावित होंगे

## नीट-यूजी को रद करना व्यापक जनहित के प्रतिकूल

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि विवादों से घिरी नीट-स्नातक 2024 परीक्षा को रद करना बेहद प्रतिकूल होगा और व्यापक जनहित के लिए, विशेष रूप से इसे उत्तीर्ण करने वालों के करियर की संभावनाओं के लिए काफी हानिकारक होगा।

शीर्ष अदालत में दायर एक याचिका के जवाब में दाखिल अपने हलफनामे में एनटीए ने कहा कि कथित घटना/लीक के प्रयास का 5 मई को आयोजित पूरी परीक्षा के संचालन पर कोई असर पड़ता नहीं दिखा है क्योंकि जांच एजेंसियों द्वारा इसमें शामिल पाए गए उम्मीदवारों की संख्या, परीक्षा में शामिल उम्मीदवारों की संख्या की तुलना में नगण्य है। उपर्युक्त कारक के आधार पर पूरी परीक्षा को रद करना, व्यापक जनहित के लिए, विशेष रूप से योग्य उम्मीदवारों के करियर के लिए, अत्यधिक प्रतिकूल और हानिकारक होगा।



एजेंसी ने कहा कि नीट-स्नातक 2024 परीक्षा बिना किसी अवैध गतिविधि के पूरी तरह से निष्पक्ष और गोपनीयता के साथ आयोजित की गई थी और सामूहिक कदाचार का दावा पूरी तरह से अपुष्ट, भ्रामक है। एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा पांच मई को नीट-यूजी आयोजित की गई थी। शीर्ष अदालत 8 जुलाई को विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करेगी, जिनमें पांच मई को आयोजित परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली तथा परीक्षा को नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिकाएं भी शामिल हैं।

### 11 अगस्त को दो पालियों में होगी नीट-पीजी

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2024 का आयोजन 11 अगस्त को दो पालियों में किया जाएगा। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने शुक्रवार को यह घोषणा की। पहले यह परीक्षा 23 जून को होनी थी। बोर्ड ने कहा एनबीईएमएस के 22 जून 2024 के नोटिस के क्रम में नीट-पीजी 2024 परीक्षा का कार्यक्रम अब पुन: निर्धारित किया गया है। अब यह 11 अगस्त को दो पालियों में होगी। नीट-पीजी 2024 में शामिल होने के लिए पात्रता के उद्देश्य से कट-ऑफ तारीख 15 अगस्त, 2024 रहेगी।


MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर
ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती
फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
7 DAYS OPEN
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050
DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन


# बाबा भोले लापता, आश्रमों पर छापा

**हाथरस हादसा**

## मैनपुरी स्थित आश्रम में घुसी पुलिस, नोएडा में कार्रवाई की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाथरस हादसे में प्रवचनकर्ता बाबा भोले फिलहाल लापता हैं। पुलिस उनके अलग-अलग आश्रमों का पता लगाकर छापेमारी कर रही है। गुरुवार की देर रात पुलिस ने मैनपुरी स्थित आश्रम में छापा मारा। कहा जा रहा है कि पुलिस यहां से दो वाहन भी उठा कर ले गई है। इसी तरह नोएडा स्थित एक आश्रम का भी पता चला है। पुलिस को जानकारी मिली है कि आश्रम अवैध है, ऐसी स्थिति में आश्रम पर कार्रवाई करने की तैयारी हो रही है।

मैनपुरी स्थित आश्रम पर रात 12 से एक बजे के बीच छापा मारा गया था। इस दौरान पुलिस आश्रम के अंदर एक घंटे तक मौजूद रही। पुलिस के बाहर आने के दौरान देखा गया कि आश्रम के अंदर खड़े दो अतिरिक्त वाहन लेकर जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने हल्ला उड़ाया कि पुलिस बाबा को गिरफ्तार करके ले जा रही है, हालांकि पुलिस ने इसका खंडन किया है। बाबा साकार विश्वहरि के अधिवक्ता डॉ. एपी सिंह ने बताया कि इन गाड़ियों में कौन था इसका पता नहीं चल सका है। उधर, गौतमबुद्धनगर में नोएडा के सेक्टर 87 में वर्ष 2021 में निर्मित आश्रम पर कार्रवाई की तैयारी की सूचना है। बताया जा रहा है कि इस आश्रम में शनिवार और रविवार को कीर्तन होता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि आश्रम बनने के बाद बाबा यहां सिर्फ एक बार आए हैं।

### पीड़ितों से मिले राहुल, कहा-प्रशासन से चूक हुई



**हाथरस।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाथरस में भगदड़ की घटना के संबंध में शुक्रवार को कहा कि प्रशासन की ओर से चूक हुई थी। कांग्रेस नेता ने साथ ही कहा कि वह इसे राजनीतिक रंग नहीं देना चाहते। गांधी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पीड़ितों के लिए बिना किसी देरी के अधिकतम मुआवजा जारी करने का भी आग्रह किया। हाथरस में शुक्रवार सुबह पीड़ित परिवारों से मुलाकात के बाद गांधी ने कहा कि यह दुख की बात है कि इतने परिवारों को कष्ट सहना पड़ा, इतने लोगों ने अपनी जान गंवा दी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रशासन की ओर से कुछ चूक हुई है। गलतियां हुई हैं और उनकी पहचान की जानी चाहिए। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि उन्होंने मृतकों के परिजनों से बातचीत की। उनका कहना है कि प्रशासन की ओर से चूक हुई है। पुलिस की जो व्यवस्था होनी चाहिए थी वो नहीं थी। हाथरस से पहले गांधी ने अलीगढ़ में भी पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उनके साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रभारी अविनाश पांडे, पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और अन्य पदाधिकारी भी थे।

### वकील का दावा- बाबा भागे नहीं, आश्रम में हैं

**एटा।** हाथरस में मची भगदड़ में 121 मौतों के बाद से भोले बाबा सामने नहीं आया है। भोले बाबा के वकील एपी सिंह ने कहा कि बाबा देश में ही अपने आश्रम पर हैं और पुलिस की जांच में सहयोग कर रहे हैं। कहीं भागे नहीं हैं। वह बहुत जल्दी सामने आएंगे। शुक्रवार को एटा के मेडिकल कालेज में हाथरस हादसे के घायलों को देखने पहुंचे वकील एपी सिंह ने कहा, पुलिस जब बाबा को बुलाएगी आ जाएंगे।

### मुख्य आरोपी मधुकर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** हाथरस भगदड़ हादसे का मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। वह हादसे के बाद से फरार था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 1 लाख रुपये का ईनाम घोषित किया था। सूत्रों के मुताबिक उसने शुक्रवार शाम दिल्ली में यूपी पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेने के बाद संक्षिप्त पूछताछ की फिर उसे गिरफ्तार कर लिया। बताते हैं कि वह दिल्ली में किसी अस्पताल में भर्ती था। देव प्रकाश मधुकर को साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा का मुख्य सेवादार बताया जाता है। हादसे के बाद सत्संग आयोजन को लेकर उसका नाम मुख्य रूप से आया था। तभी से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। एटा में मीडिया से वार्ता में बाबा के वकील एपी सिंह ने कहा था कि मधुकर घायल हैं, वह हार्ट पेशेंट हैं। अस्पताल में भर्ती हैं।

### आज हाथरस पहुंचेगा तीन सदस्यीय जांच आयोग

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच आयोग की टीम शनिवार को हाथरस पहुंचेगी। जांच आयोग की इस टीम में पूर्व आईएएस हेमंत राव, पूर्व आईपीएस भावेश कुमार सिंह मौजूद रहेंगे। न्यायिक जांच आयोग की टीम सुबह 11 बजे हाथरस पहुंचेगी। सुबह 11 से 12 बजे तक टीम के डीएम, एसपी व अन्य अधिकारियों से वार्ता करेगी। दोपहर एक बजे घटनास्थल फुलरई मुगलगढ़ी के लिए रवाना होंगे। दोपहर दो से चार बजे तक घटनास्थल का निरीक्षण करेंगे। शाम छह से आठ बजे के मध्य अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, मंडलायुक्त अलीगढ़, पुलिस महानिरीक्षक अलीगढ़ सहित अन्य अफसरों से मुलाकात व अभिलेखों का अवलोकन करेंगे। 7 जुलाई को सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोग के सदस्य जन सामान्य से मुलाकात करेंगे।

## एसआईटी ने दर्ज किए सौ से अधिक लोगों के बयान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव और डीजीपी ने मुख्यमंत्री से मिलकर की ब्रीफिंग
- जांच रिपोर्ट में हादसे के मूल कारण और लापरवाही का जिक्र

**अमृत विचार :** हाथरस दुर्घटना पर एसआईटी ने अपनी जांच लगभग तैयार कर ली है। इस जांच रिपोर्ट में डीएम-एसपी समेत फिलहाल 100 से अधिक के लोगों के बयान दर्ज है। रिपोर्ट अभी शासन तक नहीं पहुंची है, हालांकि मुख्यमंत्री को इस संबध में मुख्य सचिव व डीजीपी ने ब्रीफिंग की है।

शासन ने मंगलवार को हुए हादसे के बाद एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया था। जिसमें मंडलायुक्त चैत्रा बी. को भी शामिल किया गया। हादसे के बाद बुधवार सुबह तक राहत व बचाव कार्य और फिर दोपहर में मुख्यमंत्री घटनास्थल का दौरा रहने के चलते एसआईटी की जांच रफ्तार नहीं पकड़ पाई थी। मुख्यमंत्री के जाने के बाद जांच तेज हो गई। सबसे पहले यह प्रारूप तैयार किया गया, जिसमें तय किया गया कि किन-किन लोगों के बयान होने हैं। उन सभी की सूची बनाकर उन्हें बयान दर्ज कराने के लिए समय तय किया गया था। और भी लोगों से पूछताछ पुलिस लाइन में हो रही है। गुरुवार रात तक करीब 100 से अधिक लोगों के बयान दर्ज हो चुके थे।



### भीड़ पर सेवादारों की जबरदस्ती पड़ी भारी

जांच में डीएम-एसएसपी सहित लगभग सौ लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, घटनास्थल पर तैनात एक-एक पुलिस और अन्य सभी विभागों के कर्मचारी-अधिकारी, प्रारंभिक सूचना वाले कर्मी, एंबुलेंस कर्मी, डॉक्टर, पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर, किसान, चश्मदीद, घायल, तहसील और जिला स्तर के अधिकारी आदि शामिल हैं। रिपोर्ट में भगदड़ का मूल कारण, लापरवाही और अनदेखियों का भी जिक्र है। कार्यक्रम स्थल पर जमीन के दलदली होने व सेवादारों की भूमिका को लेकर जिक्र किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर कोई एग्जिट गेट नहीं बनाया गया था। बाबा के करीब जाने के लिए लोग धक्का-मुक्की करने लगे थे। सेवादारों ने डंडा दिखाकर रोकना चाहा। इस बड़े कारण से भगदड़ होने की बात कही जा रही है।

**एक नजर**

### अगस्त में गिर सकती है मोदी सरकार : लालू



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शुक्रवार को दावा किया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार कमजोर है और अगले महीने की शुरुआत में गिर सकती है। प्रसाद ने राजद के स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह दावा किया। पार्टी के 28 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लालू के छोटे बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। प्रसाद ने पार्टी कार्यकर्ताओं से ऐसी किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने का आग्रह किया।

### दिल्ली जल बोर्ड घोटाले में 4 राज्यों में ईडी का छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भ्रष्टाचार मामले में दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई और हैदराबाद में छापे मारे हैं। ईडी ने कहा कि 3 जुलाई को तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान 41 लाख रुपये, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज़ और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए। ईडी, दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) की प्राथमिकी के आधार पर जांच कर रही है। एजेंसी ने दिल्ली में 10 एसटीपी के विस्तार में 1943 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया है।

## सरोगेसी से मां बनीं तो भी मातृत्व अवकाश का हक

भुवनेश्वर, एजेंसी

- 3 महीने के अंदर याचिकाकर्ता को मातृत्व अवकाश देने का निर्देश

उड़ीसा हाईकोर्ट ने व्यवस्था दी है कि किराए की कोख के जरिए मां बनने वाली महिला कर्मियों को वैसे ही मातृत्व अवकाश एवं अन्य लाभ पाने का अधिकार है जो प्राकृतिक रूप से बच्चे को जन्म देने वाली या बच्चा गोद लेकर मां बनने वाली महिलाओं को प्राप्त है।

न्यायमूर्ति एसके पाणिग्रही की एकल पीठ ने 25 जून को ओडिशा वित्त सेवा की महिला अधिकारी सुप्रिया जेना की 2020 में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह व्यवस्था दी। जेना किराए की कोख के जरिए मां बनीं लेकिन उन्हें ओडिशा सरकार में उनके उच्च अधिकारी ने 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि जिस तरह प्राकृतिक रूप से मां बनने वाली सरकारी कर्मियों को 180 दिन का अवकाश मिलता है, एक साल उम्र तक के बच्चे को गोद लेने वाली सरकारी कर्मियों को भी छुट्टी मिलती है। लेकिन किराए की कोख से प्राप्त संतान की देखभाल के लिए मातृत्व अवकाश का प्रावधान नहीं है। कोर्ट ने तीन महीने के अंदर याचिकाकर्ता को 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने का निर्देश दिया।

**आबकारी घोटाला**

## केजरीवाल की बेल याचिका पर सीबीआई से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत (बेल) याचिका पर सीबीआई से शुक्रवार को जवाब मांगा। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 जुलाई की तारीख निर्धारित की। केजरीवाल ने जमानत की मांग करते हुए दावा किया कि सीबीआई के मामले में उन्हें गिरफ्तार करने की कोई आवश्यकता नहीं थी।

## लड़की करती रही बरात का इंतजार... दूल्हे के घर प्रेमिका करती रही हंगामा

संवाददाता, निगोही/ शाहजहांपुर

- लड़की पक्ष ने फोनकर बहाने से दूल्हे को बुलाया और फिर पुलिस के सुपुर्द किया

**अमृत विचार :** वधू और उसके परिजन बरात आने का इंतजार कर रहे थे उधर दूल्हे के घर उसकी प्रेमिका ने हंगामा खड़ा कर रखा था। कन्या पक्ष को पता चला तो उनके होश उड़ गए। फोन कर किसी तरह दूल्हे को बुलाया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

कस्बे के एक मोहल्ला निवासी युवती की शादी मिर्जापुर क्षेत्र के एक गांव के युवक से तय हुई थी। 4 जुलाई को बरात आनी थी। कन्या पक्ष ने पूरी तैयारी कर ली थी, मंडप सजा था। बरातियों के लिए खाना तैयार हो रहा था। बरात का इंतजार हो रहा था। फोन पर दूल्हा पक्ष से जल्द बरात के पहुंचने का आश्वासन दिया जा रहा था। रात करीब नौ बजे तक बरात नहीं आने पर कन्या पक्ष ने दूल्हे के एक रिश्तेदार को फोन किया। उसने जो बताया उससे वधूपक्ष के होश उड़ गए। उसने बताया कि दूल्हे की प्रेमिका उसके घर आ धमकी है और हंगामा कर रही है। बरात आना मुश्किल है। सहेलियों संग अठखेलियां कर रही लड़की को पता चला तो बेहाल हो गई। कन्या पक्ष के कुछ लोगों ने लड़की से फोन कराके जैसे-तैसे दूल्हे को बुलवाया फिर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। कन्या पक्ष का कहना है कि सब कुछ बर्बाद तो हुआ ही, इज्जत को भी बहुत ठेस लगी। पिता ने कहा कि बिटिया को कैसे संभालेंगे। उन्होंने दूल्हे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## अमृतपाल व अब्दुल रशीद ने ली सांसद पद की शपथ





**नई दिल्ली।** पैरोल पर जेल से बाहर आए कट्टरपंथी सिख उपदेशक अमृतपाल सिंह और कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद ने शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। रशीद आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं जबकि सिंह राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत दर्ज मामले में असम के डिब्रूगढ़ की जेल में कैद हैं। सुरक्षाकर्मी सुबह उन्हें संसद परिसर लाए थे। सिंह (31) और रशीद (56) ने जेल में रहते हुए क्रमशः पंजाब के खडूर साहिब और जम्मू-कश्मीर के बारामूला से निर्दलीय उम्मदीवार के रूप में लोकसभा चुनाव जीता था।

## बिहार में पुल ढहने के मामले में 14 अभियंता निलंबित

पटना, एजेंसी

- 17 दिन में 10 पुलों के ढहने के मामले में सरकार की कार्रवाई

बिहार सरकार ने शुक्रवार को राज्य में पिछले कुछ दिनों में कई पुलों के ध्वस्त होने की घटनाओं के सिलसिले में 14 अभियंताओं को निलंबित कर दिया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जांच समिति द्वारा जल संसाधन विभाग को जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने यहां कहा कि जांच में अभियंता लापरवाह और निगरानी को अप्रभावी पाया गया जिसके कारण राज्य में कई छोटे पुल ढह गए। जिन कर्मचारियों पर गाज गिरी है उनमें तीन अधिशासी अभियंता भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 17 दिनों में सीवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में कुल 10 पुल ढह गए। लगातार पुल ढहने की घटनाओं को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा था। राजद के तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री मोदी पर भी तंज कसे थे। इन घटनाओं के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उच्च स्तरीय समिति गठित कर राज्य के सभी पुलों की जांच के निर्देश दिए हैं।

## महाराष्ट्र में प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने को विधेयक

**मुंबई।** परीक्षाओं के पेपर लीक को लेकर चिंताओं के बीच, महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में एक विधेयक पेश किया, जिसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार को रोकना है। इस विधेयक में अपराधियों को पांच साल तक जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। विधानसभा में मंत्री शंभुराज देसाई ने महाराष्ट्र प्रतियोगी परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 विधेयक पेश किया। विधेयक के तहत, प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन से संबंधित अपराध संज्ञेय, गैर-जमानती और गैर-समझौता योग्य होंगे।

# लावारिस गायों को अपनाएगी सरकार, मां जैसी होगी देखभाल

## मिशन गोवंश में जुटीं गृह, राजस्व, पशुपालन, नगर विकास, ग्राम्य विकास और पंचायतीराज विभाग की संयुक्त टीमें

अजय दयाल, लखनऊ

- लखनऊ और बरेली मंडल में चला अभियान बनेगा प्रदेशव्यापी
- छह सरकारी विभागों को है सड़क पर घूमती गायों की तलाश
- फिलहाल लगभग 15 लाख गोवंशों का रखा जा रहा है ख्याल



**अमृत विचार :** राज्य सरकार को सड़क पर छुट्टा घूम रहीं एक-एक गायों की तलाश है। इन लावारिस गायों को अपना बनाकर गो-माता मानकर ही देखभाल करने का उद्देश्य है। इस सर्च-आपरेशन को उप्र. सरकार के छह विभाग मिलकर अंजाम तक पहुंचाएंगे।

बेसहारा गायों का न केवल ऑनलाइन डेटा फीड होगा बल्कि मेडिकल चेकअप करने बाद उन्हें विभिन्न गोशालाओं में लाकर अच्छे से देखभाल भी की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरुप तैयार यह योजना फिलहाल लखनऊ और बरेली मंडल के लिए है। इस दौरान 20 जुलाई तक लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई और लखीमपुरखीरी के अलावा पश्चिम प्रदेश के बदायूं, बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर में भी सड़कों पर बेसहारा विचरण कर रहीं गायों को पकड़कर गोशालाओं में लाया जा रहा है। अभी यह 15 दिनों का विशेष अभियान है, आने वाले दिनों में राज्य के सभी मंडलों में ऐसी मुहिम चलेगी। इस बाबत प्रमुख सचिव पशुपालन रविन्द्र की तरफ से आदेश सभी जिलाधिकारियों को भेज दिया गया है।

> सर्च-आपरेशन जैसे इस अभियान का उद्देश्य शहरों-गांवों में बेसहारा विचरण कर रहे गोवंशों का शत-प्रतिशत संरक्षण करना है। इसके लिए शहरी क्षेत्रों में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय जबकि ग्रामीण क्षेत्र में मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे।
>
> – सतीश अग्रवाल, संयुक्त निदेशक, गोशाला

### बड़ी राजनीतिक काट भी बना अभियान

गोवंश से जुड़ी ताजा मुहिम सड़क से सदन तक छुट्टा जानवरों को लेकर आवाज बुलंद कर रहे विपक्ष के मुद्दे की भी बड़ी काट है। इस अभियान को अंजाम देने में पशुपालन के अलावा गृह, राजस्व, ग्राम्य विकास, नगर विकास और पंचायतीराज विभाग शामिल हैं।

### 18 हजार 230 गोवंशों की हो रही देखभाल

राज्य में कुल 313 गो-संरक्षण केन्द्र क्रियाशील हैं जिनमें अभी 18 हजार 230 गोवंशों की देखभाल की जा रही है। इनके चारे पर 14 लाख 97 हजार 943 रुपये खर्च भी किए जा रहे हैं। 174 गो-आश्रय स्थल निर्माणाधीन हैं जहां निराश्रित गायों को रखा जाना है। नए स्थलों के बन जाने के बाद ऐसे केन्द्रों की कुल संख्या 487 हो जाएगी।

## एक नजर

### कार्यों की माइक्रो प्लानिंग तैयार कर लें: डीएम

शाहजहांपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में औद्योगिक इकाइयों व बैंकों से सीएसआर फंड से कराए गए कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। डीएम ने औद्योगिक इकाइयों व बैंकवार सीएसआर फंड से कराए गए कार्यों की जानकारी ली इस दौरान उन्होंने सभी औद्योगिक इकाइयों व बैंक के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गत वर्ष कराए गए कार्यों का पूरा विवरण फोटोग्राफ सहित एक सप्ताह में प्रस्तुत करें। कराए जाने वाले कार्यों की माइक्रो प्लानिंग तैयार कर ली जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कराए गए कार्यों से लोगों को लाभ मिले और जो भी कार्य कराए जाएं वह सभी कार्य गुणवत्ता पूर्ण होने चाहिए। उन्होंने कहा कि सोशल सेक्टर में अच्छे से कार्य करें, जिससे लोगों को भरपूर लाभ मिले। साथ ही कराए गए कार्यों का आवश्यक निरीक्षण कराया जाए। उन्होंने सभी औद्योगिक इकाइयों व बैंक के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी कार्य कराया जाए उसकी पहले जिला प्रशासन से अनुमति अवश्य ले ली जाए। सभी कार्य गंभीरता से कराए जाएं। इस अवसर पर सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव सहित संबंधित औद्योगिक इकाई व बैंक के अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएम सदर, सीडीओ कलान में सुनेंगी जनसमस्याएं

शाहजहांपुर। जिले की सभी तहसीलों में आज शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। जिसमें डीएम उमेश प्रताप सिंह सदर, सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह कलान और एडीएम वित्त डॉ. सुरेश कुमार कलान में जन समस्याएं सुनेंगे। इसी तरह जलालाबाद में एसडीएम और तिलहर में एसडीएम समाधान दिवस में मौजूद रहेंगे। जिला मुख्यालय पर रहकर एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय फरियादियों की समस्याओं को सुनेंगे।

# गांवों के पंचायत भवनों में लटके ताले... कौन करे समस्याओं की सुनवाई

## खुटार के वाशिंदे बोले- सचिवालयों में समय से नहीं पहुंच रहे कर्मचारी, गांवों का हाल बेहाल

अमृत विचार लाइव

पारूल मिश्र, खुटार

- शुक्रवार को कढ़ैया, नवदिया ओरीलाल, हरनाई और बढ़ईपुर में बंद मिले सचिवालय
- निकास के रास्तों में जलभराव और दलदल, निकलना हो रहा मुश्किल

**अमृत विचार:** क्षेत्रों में बने ग्राम पंचायत सचिवालयों का हाल बहुत ही खराब है। हालत यह है कि समय से पंचायत सहायक और ग्राम विकास अधिकारी नहीं पहुंच रहे है इसलिए पंचायत घर कब खुले कब बंद हो गए कुछ पता ही नहीं चल पाता। यहां आने जाने वाले फरियादियों को बैठकर अधिकारी के आने का इंतजार करना पड़ता है या फिर खुटार ब्लॉक के दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। वहीं गांव में पानी निकास की समस्या भी बड़ी जटिल है। बारिश का पानी कच्चे रास्तों पर बहता है और जल भराव के साथ ही कीचड़, गंदगी फैलती है।

शुक्रवार को अमृत विचार संवाददाता ने कई गांव में पहुंच कर ग्राम पंचायत सचिवालय में रोजाना ड्यूटी पर जाने का दावा करने वाले अधिकारियों की हकीकत देखी। आलम यह है कि जिम्मेदारी का दम भरने वाले अधिकारी पंचायत घर में समय से नहीं पहुंच रहे है। यहां ताला ही लटकता मिला। ग्रामीणों से पता चला कि अधिकारी कभी कभार आते है और समय निश्चित नहीं है। जबकि उच्च अधिकारियों ने आदेश दे रखे है कि सचिव और पंचायत सहायक समय से ग्राम पंचायत सचिवालय पहुंचे और फरियादियों की समस्या का समाधान करें। इसके बावजूद जिम्मेदारों ने सुनवाई को दरकिनार कर रखा है इसलिए लोग काम कराने को दफ्तरों के चक्कर लगाने को भटकते रहते है।



बंद पड़ा हरनाई का पंचायत सचिवालय। ● अमृत विचार

> समयानुसार सचिवालय खोलने का आदेश है। अगर सचिवालय समय से या फिर बिल्कुल नही खुल रहे है तो मामले की जांच कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **-डॉ. अपराजिता सिंह,** सीडीओ

### हरनाई के सचिवालय के आसपास उगी है घास, गांव में खड़ंजे पर फिसल रहे लोग

गांव हरनाई में शुक्रवार दिन में 12 .22 बजे पंचायत सचिवालय पर ताला लटका मिला। इसके आसपास काफी गंदगी मिली। काफी समय से सफाई नहीं होने से घास उग आई है। जबकि अधिक समय होने के बाद भी अधिकारी नहीं पहुंच सके थे। इससे फरियादी इंतजार कर लौट गए। उधर, गांव में खड़ंजा पर बारिश से पानी भर गया है और कीचड़ के साथ ही फिसलन हो गई है। आने वाले बाइक सवार, पैदल निकल रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांव में सफाई व्यवस्था के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है।


कढैया गांव में कच्चे रास्ते पर पर दलदल। ● अमृत विचार


सफाई न होने से नवदिया ओरीलाल में सड़क पर भरा बरसात का पानी। ● अमृत विचार

### 11:56 बजे : नवदिया ओरीलाल में कब आते है अफसर कुछ पता नहीं, दिक्कतें बहुत लेकिन समाधान नहीं

गांव नवदिया ओरीलाल का पंचायत घर शुक्रवार दिन के करीब 11 .56 बजे बंद मिला। इसी मार्ग पर बारिश से जलभराव और कीचड़ की स्थिति है। सफाई कर्मचारी भी सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों ने बताया कि पंचायत घर का यह आलम है कि अधिकारी कितने समय पर आते हैं इसका अता पता नहीं है। पंचायत सहायक और सचिव कब आते है इसकी जानकारी नहीं है और न ही जनसुनवाई पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही गांव में बारिश से सड़क पर जलभराव हो गया है। यह से निकलना काफी कठिन है और वाहन से आने जाने वाले लोगों को गिरने की आशंका है।

### 11:06 बजे : कढ़ैया में कच्चे रास्तों पर बहता रहता है गंदा पानी, पानी निकास है बड़ी समस्या

गांव कढ़ैया में शुक्रवार दिन के 11 .06 बजे पंचायत घर के गेट पर ताला लटक रहा था। गांव के हरिश्चंद्र, शंभू, आकाश, काशीराम, विजय प्रसाद आदि ने बताया कि गांव में पानी निकास की समस्या है। नालियां नहीं होने से पानी कच्चे रास्तों पर बहता है और जलभराव के साथ ही कीचड़, गंदगी होती है लेकिन प्रधान इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। पंचायत घर कभी कभार खुलता है। जिससे जरूरी दस्तावेज बनवाने और हस्ताक्षर करने के लिए अधिकारी का इंतजार करना होता है। अगर यहां नहीं मिलते तो खुटार ब्लॉक के दफ्तर पहुंच कर काम करना पड़ता है।

### बढ़ईपुर में सचिवालय मार्ग पर ही था कीचड़

शुक्रवार को दिन के 12 .44 बजे गांव बढ़ईपुर का पंचायत घर में सचिव और न ही पंचायत सहायक पहुंचे थे और गेट पर ताला लगा हुआ था। पंचायत सचिवालय मार्ग पर कीचड़ भरा हुआ था। यहां आने जाने के लिए लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना होता है। ग्राम विकास अधिकारी और सहायक के नदारद रहने से लोगों को परेशानी होती है। इसके साथ ही गांव और मजरा भीरा के रास्तों में कीचड़ है साथ ही नालियों की सफाई नहीं रहने से घास उग गई है। लेकिन सफाई व्यवस्था चौपट है।



बंद पड़ा बढ़ईपुर के पंचायत सचिवालय में लगा ताला। ● अमृत विचार

# परिषदीय स्कूलों के बच्चों के बनेंगे दिव्यांगता प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आज से ब्लॉकवार अलग-अलग तिथियों में लगेंगे मेडिकल एसेसेमेंट कैंप
- बीएसए ने दिशा निर्देश जारी कर खंड शिक्षा अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**अमृत विचार:** डीएम के निर्देश पर परिषदीय स्कूलों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र बनवाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस बावत सीएमओ ने ब्लॉकवार मेडिकल एसेसमेंट कैंप के लिए तिथियां घोषित कर दी हैं, जिनमें चिकित्सकों की देखरेख में बच्चों की जांच कर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे।

बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया कि दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों को दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया खंड शिक्षा अधिकारी शिक्षकों के सहयोग से निर्धारित तिथि पर अपने ब्लॉक संसाधन केंद्र में दिव्यांग बच्चों को प्रमाण पत्र के लिए मेडिकल एसेसमेंट कैंप के आयोजन की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। जिन दिव्यांग बच्चों के पास दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है, उनकी सूची समय से तैयार कर ली जाए। सूची में अंकित दिव्यांग बच्चों के मेडिकल एसेसमेंट कैंप आयोजन की व्यवस्था में प्रधान अध्यापक, इंचार्ज प्रधान अध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र, अनुदेशक और स्पेशन एजूकेटर सहयोग करेंगे।

बीएसए ने बताया कि मेडिकल एसेसमेंट कैंप प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा के निर्देश पर लगाया जा रहा है, इसलिए खंड शिक्षा अधिकारी कैंप की सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही कैंप के दौरान अनिवार्य रूप से कैंप स्थल पर उपस्थित भी रहेंगे। कैंप में आने वाले दिव्यांग बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल एवं मेडिकल बोर्ड के चिकित्सकों तथा बच्चों के लिए सुविधाजनक ढंग से बैठने तथा सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

### इन तिथियों में लगेंगे मेडिकल कैंप

जिला समन्वयक सोहन शुक्ला ने सीएम डॉ. आरपी गौतम के हवाले से बताया कि दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र बनवाने के लिए मेडिकल एसेसमेंट कैंप छह जुलाई को नगर क्षेत्र के ब्लॉक संसाधन केंद्र किला में 12 जुलाई को ददरौल, 13 जुलाई को खुटार, 18 जुलाई को बंडा, 19 जुलाई को पुवायां, 26 जुलाई को निगोही, 27 जुलाई को भावलखेड़ा, एक अगस्त को सिंधौली, दो अगस्त को मिर्जापुर, 10 अगस्त को कलान, 16 अगस्त को मदनापुर, 17 अगस्त को जैतीपुर, 23 अगस्त को तिलहर, 24 अगस्त को खुदागंज, 30 अगस्त को कांट और 31 अगस्त को जलालाबाद ब्लाक संसाधन केंद्र पर कैंप लगाया जाएगा।

# परिषदीय स्कूलों का डिजिटल क्रियान्वयन कराएं बीईओ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- डिजिटाइजेशन मामले में 75वें स्थान पर आने पर महानिदेशक ने जताई नाराजगी
- बोलीं- आज से ही प्रतिदिन शत-प्रतिशत उपयोग कराना सुनिश्चित करें

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों की सभी 12 पंजिकाओं के डिजिटाईजेशन के क्रियान्वयन के लिए बीएसए दिव्या गुप्ता ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। इस बावत उन्होंने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने क्षेत्र में छह जुलाई (शनिवार) से ही डिजिटल पंजिकाओं का दैनिक रूप से शत-प्रतिशत उपयोग कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में कार्य में शिथिलता एवं लापरवाही पाए जाने पर वेतन अवरुद्ध करते हुए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी जाएगी।

बीएसए ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा के हवाले से बताया कि वर्तमान में प्रयुक्त की जा रही भौतिक पंजिकाओं के अनुरूप ही पंजिकाओं का डिजिटल प्रारूप तैयार किये जाने के निर्देश दिए गए थे। डिजिटल पंजिकाओं का क्रियान्वयन जनपद के समस्त परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में होना है।

उन्होंने बताया कि पांच जुलाई को प्रेरणा पोर्टल पर जनपद के 75वें स्थान पर प्रदर्शित होने पर महानिदेशक द्वारा अत्यधिक रोष व्यक्त किया गया है और तत्काल समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में छात्र उपस्थिति पंजिका एवं मध्याह्न भोजन पंजिका का डिजिटल रूप ही मान्य किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

बीएसए ने कहा है कि सभी खंड शिक्षा अधिकारी अपने विकास खंड के टेबलेट प्राप्त परिषदीय विद्यालयों में छह जुलाई से ही समस्त 12 डिजिटल पंजिकाओं का दैनिक रूप से शत-प्रतिशत उपयोग कराना सुनिश्चित करें अन्यथा उनका वेतन अवरुद्ध कर दिया जाएगा।

# सड़क पर भरा रहता है पानी बच्चों को होती है परेशानी


स्कूल गेट के पास रास्ते पर जलभराव। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

- गांव सिल्हुआ का हाल: काफी जर्जर हैं रास्ते, उनमें हो गए गहरे गड्ढे

**अमृत विचार:** गांव सिल्हुआ जाने वाला मार्ग काफी जर्जर है और गहरे गड्ढे है। जहां बारिश के साथ ही घरों से आने वाला पानी एकत्र होता है। इसी मार्ग पर स्कूल है। इससे बच्चों को काफी दिक्कत होती है। मामले में कई बार जिम्मेदारों से कहा गया। बावजूद इसके ध्यान नहीं दिया गया। शुक्रवार को खुटार भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी ने खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र मिश्रा को पत्र सौंपा है।

पत्र में कहा गया है कि गांव रसवां कलां में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल है।

इस मार्ग पर घर से निकलने वाला पानी और बरसात का पानी रुक जाता है। जिससे जलभराव हो जाता है। उन्होंने खंड विकास अधिकारी से पानी निकास की समुचित व्यवस्था करने के लिए सोक पिट बनवाने की मांग की है।

# ग्रेच्युटी विकल्प आवेदनों के निस्तारण को बीएसए से वार्ता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने बीएसए को दिया ज्ञापन

**अमृत विचार:** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मगरे लाल के नेतृत्व में संघ की ओर से शुक्रवार को बीएसए को ज्ञापन देकर शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण कराने की मांग की गई।

जिलाध्यक्ष मगरे लाल ने बीएसए दिव्या गुप्ता को बताया कि शिक्षकों द्वारा एक वर्ष पूर्व ग्रेच्युटी विकल्प आवेदन पत्र जमा किये गए थे, लेकिन विकल्प पत्रों पर आज तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा सकी है, जिससे शिक्षकों में रोष व्याप्त है। विकल्प पत्र स्वीकृति के लिए मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) बरेली कार्यालय नहीं भेजे गये हैं। उन्होंने बताया कि यदि कोई भी शिक्षक 60 वर्ष की अधिवर्षता पर यानि दो वर्ष पूर्व स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेना चाहता है तो दो वर्ष पूर्व ग्रेच्युटी विकल्प आवेदन पत्र स्वीकृत होना आवश्यक है।

जनपद में कई ऐसे शिक्षकों द्वारा स्वैच्छिक सेवानिवृत्त के लिए ग्रेच्युटी विकल्प पत्र भरा गया था, जो वर्ष 2024 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेना चाहते थे, लेकिन आवेदन पत्र स्वीकृत न होने के कारण वंचित रह गए। अब जो प्रकरण लंबित हैं, उनका निस्तारण होना बहुत आवश्यक है। इसके अलावा अन्य मांगें भी उठाई गईं। ज्ञापन देने वालों में मंडल अध्यक्ष दिनेश गंगवार, महामंत्री विश्राम सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष गौरव पांडेय, धीरेंद्र यादव, चित्रेश यादव, बबलू पाल, कमलेश गंगवार, चंद्रकांत भारती, ब्रजेश कुमार वर्मा, अजय वर्मा, विनोद कुमार, व्यास मुनि, गीता भारती, सुनीता वर्मा, वेदपाल सुमन, धर्मेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।


बीएसए दिव्या गुप्ता से शिक्षकों की समस्याओं के संबंध में वार्ता करते जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मगरे लाल व अन्य। ● अमृत विचार







कार्यक्रम

## वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लगा जागरुकता कैंप

# पर्यावरण को दूषित होने से बचाना ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नीति का उद्देश्य

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के वैज्ञानिकों ने अनुभव साझा करते हुए दी महत्वपूर्ण जानकारी

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल, बंथरा में शुक्रवार को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भानु देव शर्मा के निर्देशानुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नीति-2016 के अंतर्गत विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का प्रारंभ करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीयूष तिवारी ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नीति के बारे में तथ्यात्मक जानकारी दी।

सचिव ने कहा कि किसी भी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नीति का उद्देश्य पर्यावरण को दूषित होने से बचाना है। साथ ही उसका नियमानुसार उपचार कर प्रबंधन करना है।

उन्होंने घरेलू कचरा प्रबंधन के संबंध में जागरूक करते हुए कहा कि सभी लोग अपने घर का सूखा व गीला कूड़ा प्रथक रूप से नगर निगम के कूड़ेदान में ही डालें। प्रदूषण को रोकना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड बरेली के सहायक वैज्ञानिक डॉ. पीसी कन्नौजिया ने बायोमेडिकल वेस्ट, सालिड वेस्ट, हेजारडस वेस्ट, बैटरी वेस्ट आदि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। माइक्रोबायोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. राजेश शाह ने सालिड वेस्ट जनरेट के डिस्पोजल के बारे में जागरू किया। इससे पहले वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज के उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह के संचालन में चले कैंप में मेडिकल कालेज के डीन डॉ. केजी पॉल ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और आभार भी व्यक्त किया।


विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर में जानकारी देते अधिकारी। ● अमृत विचार

### मिशन शक्ति: डायल 1090, 1098 और 112 के बारे में भी दी जानकारी

तिलहर की सब इंस्पेक्टर कल्पना सिंह ने मिशन शक्ति के बारे में जागरूक करते हुए सभी को डायल 1090, 1098 और 112 के बारे में जानकारी दी। बताया कि दिक्कत आने पर इन नंबरों पर तुरंत समाधान मिलेगा।

### ये लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर शिविर में प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय बरेली के सहायक वैज्ञानिक अधिकारी सुनील सिंह चौहान, मॉनिटरिंग सहायक एसबी द्विवेदी, फार्मेसी प्रधानाचार्य डॉ. पीके सिंह, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी ललित चौहान, प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद अफजल समेत स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।




### ट्रामा सेंटर में मरीजों की भीड़ और गंदगी मिलने पर जताई नाराजगी, जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर दिए सुधार के निर्देश

# डीएम को कंप्यूटर पर फीड नहीं मिला दवाओं का डाटा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** डीएम उमेश प्रताप सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। दवाओं का डाटा कंप्यूटर में फीड न होने, ट्रामा सेंटर में मरीजों की भीड़ देखकर तथा गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि दवाइयों का डाटा कंप्यूटर में फीड किया जाए और ट्रामा सेंटर से मरीजों को वार्ड में शिफ्ट किया जाए। मरीजों की भीड़ नहीं लगनी चाहिए। उन्होंने खामियों को सुधारने के निर्देश दिए।

डीएम उमेश प्रताप सिंह शुक्रवार की दोपहर एक बजे मेडिकल कॉलेज पहुंचे। वह सीधे ट्रामा सेंटर पहुंचे और वहां संख्या अधिक होने पर मरीजों से इंतजार करने के समय की जानकारी ली। डॉक्टर से बोले, मरीजों को ट्रामा सेंटर में देर तक नहीं रोका जाए। उन्होंने भर्ती मरीजों की संख्या रजिस्टर में देखी और कर्मचारी से पूछा कि कितने मरीज चौबीस घंटे भर्ती होते है। गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई।

- वार्ड में मरीजों से मेडिकल कॉलेज में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में ली जानकारी

सर्जिकल वार्ड में भर्ती मरीजों से दवा मिलने की जानकारी ली। मरीजों ने कहा कि दवाएं अस्पताल से मिल रही है। डॉक्टर सुबह और शाम देखने आते है। उन्होंने देखा कि एक बेड पर मरीज के साथ तीन और चार लोग थे। डीएम ने आदेश दिए कि वार्ड में एक मरीज के साथ एक ही तीमारदार रहेगा। मरीज से चादर के बारे में पूछा कि नई चादर मिलती है। मरीजों ने कहा कि नई चादर मिलती है और कोई कर्मचारी पैसे तो नही मांगता है। मरीजों ने कहा कि कोई पैसे नहीं लेता है। डीएम ओपीडी में गए और डॉक्टर से पूछा कि किस बीमारी के मरीज अधिक आ रहे है। बताया गया कि बुखार तथा डायरिया के मरीज अधिक आ रहे है। डीएम ने दवा काउंटर पर कंप्यूटर में दवाएं फीड नहीं मिलने पर कड़े निर्देश दिए।

दवाओं की एक्सपायरी तिथि देखी। निरीक्षण के दौरान कुछ खामियां मिलने पर सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार, सीएमएस डॉ नेपाल सिंह आदि थे।


वार्ड में मरीजों से मेडिकल कॉलेज में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

**आज का मौसम**

आसमान में तेज धूप खिली रहेगी।

| 31.8⁰ | 27.1⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.18 | सूर्यास्त 07.13 |

## एक नजर

### बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** बंडा थाना क्षेत्र के गांव भगवंतापुर निवासी सूरज ने मदनापुर थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 1 जुलाई को दोपहर तीन बजे वह अपनी नानी रामा देवी निवासी फरीदापुर थाना फतेहगंज पश्चिमी, बरेली को बाइक से लेकर नया गांव लौट रहा था। गांव चंदोखा के पास दूसरी बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी नानी सड़क पर गिर गई और घायल हो गई। वह अपनी नानी को लेकर मदनापुर सीएचसी पर गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मदनापुर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### सास को पीटकर मायके चली गई बहू, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** कटरा थाना के गांव पिपरी निवासी विमला देवी ने बताया कि उसके बेटे उदयवीर की पत्नी धनदेवी ने बुधवार की शाम सात बजे उसे मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। धनदेवी मारपीट करके मायके चली गई। घटना का कारण पारिवारिक विवाद बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी बहू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने को लेकर अस्पताल के सामने जाम की सड़क

### इंस्पेक्टर व दरोगा के निलंबन की भी उठाई मांग, मेडिकल कॉलेज चौकी पर परिजनों ने किया हंगामा, नारेबाजी की

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** महिला की संदिग्ध परिस्थितियों की मौत के मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर निगोही प्रभारी निरीक्षक और हल्का दरोगा को निलंबित करने की मांग को लेकर परिवार वालों ने राजकीय मेडिकल कॉलेज गेट के बाहर रोड पर जाम लगा दिया और अस्पताल पुलिस चौकी पर हंगामा किया। पुलिस के विरोध में नारेबाजी की। सीओ सिटी तथा नगर मजिस्ट्रेट मेडिकल कॉलेज पहुंचे और परिवार वालों को समझाकर शांत कराया।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला निजामपुर गौटिया निवासी आशाराम ने बताया कि उसने अपनी बेटी निशा(26) की शादी नौ साल पहले अमित कुमार निवासी सतवां खुर्द थाना निगोही के साथ की थी। उसका आरोप है कि उसकी बेटी का पति तथा अन्य लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। बेटी को अमित शराब पीकर आए दिन मारता पीटता था। उसका आरोप है कि वृहस्पतिवार की शाम ससुराल वालों ने उसकी बेटी को मारा पीटा और मारकर कमरे में कुंडे से दुपट्टे से लटका दिया। उन्होंने बताया कि शाम छह बजे खबर मिली तो परिवार के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे। बेटी का शव मोर्चरी में रखा हुआ था और ससुराल वाले कोई नहीं थे। आशाराम रात में एक बजे निगोही थाने पर गए। उन्होंने ससुराल वालों पर मार डालने का आरोप लगाते हुए निगोही प्रभारी निरीक्षक तथा हल्के दरोगा को तहरीर दी। दरोगा ने कहा कि सुबह तहरीर लेकर आना और थाना से भगा दिया। मृतका के परिवार वाले शुक्रवार की दोपहर 12 बजे मेडिकल कॉलेज पहुंचे। हल्का दरोगा प्रवीण सिंह ने परिवार वालों से पंचनामा भरने के लिए पांच गवाह बुलाए। मृतका के पिता आशाराम ने कहा कि पहले हत्या की रिपोर्ट दर्ज की जाए और रिपोर्ट दर्ज न करने वाले प्रभारी निरीक्षक व हलका दरोगा को निलंबित किया जाए। पुलिस चौकी अस्पताल में मृतक के परिवार वालों ने हंगामा किया और नारेबाजी करते हुए अस्पताल गेट के बाहर आ सड़क जाम कर दी। परिवार तथा गांव वालों ने ससुराल वालों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने, निगोही प्रभारी निरीक्षक व हलका दरोगा को निलंबित करने तथा पोस्टमार्टम पैनल के आधार पर कराए जाने की मांग को लेकर जाम लगा दिया। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सीओ सदर वीएस वीर कुमार सिंह तथा नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और मृतका के परिवार वालों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस फोर्स मेडिकल कॉलेज में पहुंच गया।

- निगोही के सतवा गांव में गुरुवार शाम फंदे से लटका मिला था महिला का शव
- सीओ व नगर मजिस्ट्रेट के आश्वासन पर माने मृतका निशा के मायकेवाले


मृतका निशा।


अस्पताल गेट के सामने जाम लगाते मृतका के परिवार वाले। ● अमृत विचार


अस्पताल परिसर में हंगामा करते परिवार वाले। ● अमृत विचार

### ... जब डीएम के आगे फफक-फफक कर रो पड़े

डीएम उमेश प्रताप सिंह दोपहर मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे तो ट्रामा सेंटर के सामने कार से उतरे। वहीं खड़े मृतका के पिता आशाराम, मां गजरानी डीएम के आगे फफक-फफक कर रो पड़े। परिवार वालों ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी बेटी निशा को ससुराल वालों ने मार डाला है। वह निगोही थाने में रात रिपोर्ट दर्ज कराने गए तो प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह तथा हलका के दरोगा प्रवीण कुमार ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की और थाना से भगा दिया। डीएम ने फोन पर एसपी से बात की। उन्होंने पीड़ित परिवार को कार्रवाई का आश्वासन दिया।



## हत्या में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भरा गया पंचनामा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मृतका के परिवार वालों ने कहा था कि शव का पंचनामा तभी भरा जाएगा, जब एफआईआर की काफी हाथ में आ जाएगी। एफआईआर कापी हाथ में आने के बाद शव का पंचनामा भरा गया। आशाराम निवासी निजामपुर गौटिया थाना सदर बाजार ने निगोही थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपनी बेटी निशा की शादी 2014 में अमित निवासी सतवां खुर्द थाना निगोही के साथ की थी। उसका आरोप है कि ससुराल वालों ने चार जुलाई की शाम पीटकर मार डाला है। ससुराल वाले बाइक तथा सोने की चेन मांग कर रहे थे। सीओ सदर वीएस वीर कुमार सिंह ने बताया कि पति अमित, सुरेश, महेश, अखिलेश, जदुनाथ सतवां खुर्द थाना निगोही समेत 15 लोगों के खिलाफ हत्या आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई और विवेचना की जा रही है।


परिवार वालों को समझाते सीओ सदर वीएस वीर कुमार सिंह। ● अमृत विचार

> निशा की मौत पर पिता की तरफ से हत्या आदि की धाराओं में ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शव का पोस्टमार्टम पैनल से कराया जाएगा और वीडियोग्राफी कराई जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। **-संजय कुमार**, एएसपी सिटी

# घर में घुसा विषखपड़ा, मारकर नाले में फेंका

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहर में एक मकान में विषखपड़ा घुस गया। मोहल्लों के लोगों ने उसे मारकर नाले में फेंक दिया। विषखपड़ा डेढ़ मीटर लंबा बताया जाता है। इधर वन विभाग की टीम पहुंची और जानकारी करने के बाद वापस लौट गई।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला ककरा निकट बिजली उप सब स्टेशन निवासी आसिफ के मकान में शुक्रवार की दोपहर साढ़े 12 बजे बारिश के दौरान दरवाजे से एक विषखपड़ा घुस गया। विषखपड़े को घर के अंदर देखकर महिलाओं ने शोर मचा दिया। मोहल्ले वाले एकत्रित हो गए। लोगों ने उसको डंडे से मार डालाऔर नाले में फेंक दिया।

- डेढ़ मीटर था लंबा, डिप्टी रेंजर पहुंचे और जानकारी की

इधर किसी ने वन विभाग की टीम को फोन कर दिया और बताया कि लोगों ने विषखपड़ा मार दिया है। वन विभाग के डिप्टी रेंजर अजय कुमार टीम के साथ मोहल्ला ककरा में पहुंचे और मकान मालिक आसिफ के परिवार वालों से जानकारी की। परिवार वालों ने बताया कि लोगों ने उसे मारकर नाले में फेंक दिया है। इस पर टीम वापस चली गई।


विषखपड़ा को फेंकने के लिए लेकर जाते मोहल्ले के बच्चे।

## रंजिशन दो लोगों को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली के मोहल्ला हुंडालखेल निवासी अनिरुद्ध शुक्ला ने बताया कि तीन जुलाई की रात दस बजे वह और उसका दोस्त मयंक राठौर पुवायां रोड पर एक ढाबे से खाना खाकर घर वापस आ रहे थे। मेडिकल कॉलेज के पीछे नवादा मोड़ पर मनीश का नाम का युवक अपने पांच साथियों के साथ आयाऔर गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे तथा उसके दोस्त को पीटकर घायल कर दिया। अनिरुद्ध की मारपीट में चेन कहीं टूटकर गिर गई। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी मनीश तथा चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# तालाब में नहाने गए युवक और बालक की डूबकर मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** कांट क्षेत्र में नहाने गए युवक की डूबकर मौत हो गई। वहीं, तिलहर में बच्चों के साथ नहाने गया बालक भी डूब गया।

कांट क्षेत्र के गांव महमदपुर आजमाबाद के रहने वाले व्यास देव का बेटा सनोज (24) वृहस्पतिवार की शाम पांच बजे घर से थोड़ी दूरी पर स्थित तालाब में नहाने के लिए घर से निकला था। बड़े भाई मनोज की पत्नी सरोज ने बताया कि उसने उसे काफी रोका। उसने कहा था कि तालाब काफी गहरा है, वहां नहाना खतरनाक हो सकता है। सनोज ने उसकी बात नहीं मानी और नहाने चला गया। काफी देर तक जब वह नहीं लौटा तो परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। ग्रामीणों ने तालाब में उतरकर उसे खोजा। काफी देर की मशक्कत के बाद सनोज मृत हालत में तालाब में मिला। शाम छह बजे उसका शव बाहर निकाला जा सका।

- कांट में नहाते समय गहराई में पहुंच गया था सनोज
- तिलहर में बच्चों के साथ नहाने गया था संकेत

शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। चाचा संत कुमार ने बताया कि तालाब काफी पुराना और गहरा है। गहराई लगभग 12 फिट है। शुक्रवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। चार भाइयों में सनोज सबसे छोटा और अविवाहित था। उसके एक भाई की रोटावेटर से कटकर मौत हो चुकी है।


सनोज।

**तिलहर।** बंथरा गांव निवासी अरविंद कुमार का पुत्र संकेत कुमार(8) वृहस्पतिवार शाम अपने हमउम्र पांच-छह साथियों के साथ घर के पीछे बने अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब में नहाने पहुंच गया। तालाब में बरसात का पानी इकट्ठा होने से तालाब काफी गहरा हो गया था। जिसकी बच्चों को कोई जानकारी नहीं थी। नहाते समय संकेत गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। कुछ ही देर में संकेत कुमार पानी के अंदर चला गया जिस पर बच्चे घबरा गए और गांव में पहुंचकर उन्होंने इसकी जानकारी दी। सूचना पर परिजन व तमाम ग्रामीण तालाब पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने लगभग दो घंटे बाद उसका शव तालाब से खोज निकाला। संकेत की मौत पर उसकी मां सुमन, पिता अरविंद का रो-रोकर बुरा हाल है।

# खंभे में उतरे करंट से तीन मवेशियों की मौत

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** गांव रौतापुर कलां में विद्युत ट्रांसफार्मर के पास लोहे के पोल में उतरे करंट की चपेट में आकर दो सांड़ों की मौत हो गई। तीन दिन पहले एक बछिया की करंट की चपेट में आकर जान चली गई थी। सांडों की मौत पर ग्रामीणों ने सप्लाई बंद कराने को सूचना खुटार विद्युत उपकेंद्र के जेई के साथ ही लाइनमैन को दी। लेकिन फोन रिसीव नहीं किया। इसके बाद सूचना पर पुलिस पहुंच गई और जांच की। प्रधान पति और ग्रामीणों की मदद से जेसीबी मशीन से तालाब में खोदाई कर गड्ढे में सांड़ के शवों को दफन करवा दिया गया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ काफी नाराजगी जताई है।

गांव रौतापुर कलां में उत्तर दिशा में ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। इसके पास में ही दो बिजली के पोल लगे हैं। जिसमें करंट उतर रहा है। लोगों ने बताया कि करीब चार दिनों से बिजली के पोल में करंट आ रहा था। इसकी सूचना कर्मचारियों को दी थी लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। तीन जुलाई को पोल में आ रहे करंट की चपेट में आने से बछिया मर गई थी। बावजूद इसके जिम्मेदारों ने कोई सुध नहीं ली। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे दो सांड़ घूमते हुए बिजली पोल के पास पहुंच गए। जहां करंट की चपेट में आने से मौके पर ही दोनों ने दम तोड़ दिया। लोगों के देखने के बाद सप्लाई बंद कराने के लिए जेई और कर्मचारियों को फोन लगाया गया। लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। मजबूरन टोल फ्री नंबर 1912 और खुटार पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संजय कुमार ने दरोगा मोहम्मद आरिफ के साथ पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजा। जहां जांच की। इसके कुछ देर बाद बिजली विभाग के दो कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और फॉल्ट देखा। ग्रामीणों का कहना है कि कर्मचारियों की लापरवाही से यह घटना हुई है और फॉल्ट के नाम पर खानापूर्ति कर वापस चले गए। पुलिस ने प्रधान पति लेखराज और ग्रामीणों की मदद से जेसीबी मशीन से उत्तर दिशा में स्थित तालाब किनारे गड्ढा खोदकर दोनों शवों को दफनवा दिया लेकिन पोस्टमार्टम कराने की जरूरत नहीं समझी गई। इस मामले में ग्रामीणों ने काफी रोष जताया है।


ट्रांसफार्मर के पास से मृत सांडों को निकालते ग्रामीण।


तालाब किनारे मृत सांडों को दफनवाते पुलिसकर्मी।

- गांव रौतापुर कलां में विद्युत ट्रांसफार्मर के खंभों में चार दिन से आ रहा था करंट
- तीन दिन पहले एक बछिया और शुक्रवार को दो सांड़ों की गई जान

> सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची थी। दोनों मृत सांडों को वहां से हटवा कर गांव के बाहर तालाब किनारे दफनवा दिया गया है। **-संजय कुमार**, थानाध्यक्ष, खुटार

### गंभीर रूप से घायल युवक की राहगीर ने बचाई जान

**कलान।** नगर के सरस्वती मोहल्ला निवासी गौरव टीवीएस की विक्की से बाजार करके वृहस्पतिवार रात 10 बजे लौट रहा था। अचानक उसकी हालत बिगड़ गई और वह गाड़ी से गिर गया। जिससे उसका हाथ टूट गया और वह बेहोश हो गया। उसके साथ उसका छोटा बच्चा भी था। उसने अपने पिता को बचाने के लिए शोर मचाया। उसी समय नगर के दुर्गा नगर निवासी थाना रोड रजनीश गुप्ता अपनी बाइक से एक दावत खाकर लौट रहे थे, उनकी नजर गलियां छवि मार्ग पर सथरा गोशाला के पास बेहोश हुए युवक एवं चिल्ला रहे बच्चे पर पड़ी। रजनीश गुप्ता ने तत्काल उसे बेहोश अवस्था में उठाया और बच्चे को भी कलान तक लाए, जहां उसका इलाज कराया गया। गौरव टॉर्च आदि सामग्री बेचता है।

### रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

**शाहजहांपुर।** जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव अगरौली निवासी राजेश कुमार ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसका आरोप है कि गांव का एक व्यक्ति शराब पीकर वृहस्पतिवार की रात दस बजे उसके दरवाजे पर आया और दरवाजा खोलने के लिए कहा। उन्होंने दरवाजा खोलना से मना कर दिया। आरोप है कि आरोपी ने मकान का दरवाजा तोड़ दिया। घर में घुसकर आरोपी तथा उसके दो साथियों ने मारा पीटा।

# पटना देवकली मंदिर के पास तेंदुआ दिखने से दहशत, नहीं पहुंचे वन कर्मी

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार:** क्षेत्र में स्थित पटना देवकली मंदिर के दक्षिण में पतेल आदि के झुंडों की तरफ एक टीले पर पशु चराने वाले व फसल की रखवाली करने वालों ने वृहस्पतिवार को तेंदुआ को विचरण करते देखा। जिससे लोग दहशत में हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पुलिस चौकी वाराकला इंचार्ज हरकेश को सूचित किया। जिन्होंने वन विभाग को बताया लेकिन अभी तक वनविभाग की टीम क्षेत्र में तेंदुआ को पकड़ने की बात दूर रही, घटना स्थल का निरीक्षण करने तक नहीं आ पाई है।

उधर यह भी बताया जाता है कि तीन जुलाई को कलान थाना क्षेत्र के नौगमा पटना निवासी एक किशोर को पंजा मार के तेंदुआ ने घायल कर दिया था, जबकि आधा दर्जन किशोर एक मचान पर चढ़ गए थे, जब तेंदुआ ने जमीन पर खड़े राजेश पर हमला किया था।

### जंगली जानवर ने बकरी का किया शिकार महिलाओं ने भाग कर बचाई जान

**खुटार।** जंगल किनारे घास चर रही बकरी पर जंगली जानवर ने हमला कर उसका शिकार कर लिया। चराने गई महिलाओं ने घर पहुंच कर अपनी जान बचाई। नगर के मोहल्ला नौगवां कोट में रहने वाले स्व. मंगू लाल की पत्नी वीरवती पड़ोस में रहने वाली कुछ महिलाओं के साथ अपनी चार-पांच बकरियों को लेकर गोला मार्ग पर स्थित भुईहार बाबा के स्थान के पास जंगल किनारे बकरियां चराने गुरुवार को गई थी। उसी दिन शाम करीब पांच बजे एक जंगली जानवर ने उनकी एक बकरी पर अचानक हमला कर दिया और उसे घसीट कर जंगल में ले गया और उसका शिकार कर लिया। यह देख वीरवती और अन्य महिलाओ के होश उड़ गए। शोर मचाते हुए सभी भूईहार बाबा स्थान पर मौजूद लोगों के पास पहुंच गए। जहां बकरियों को घर लेकर आ गए। सूचना मोहल्ले के लोगों को दी। महिलाओं के मुताबिक, बाघ ने बकरी पर हमला कर दिया और उसे घसीटते जंगल में ले गया। काफी मुश्किलों से जान बचाकर घर पहुंचे। बाघ होने की आशंका से लोगों में भय व्याप्त है। इस संबंध रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने बताया की किसी के द्वारा कोई सूचना नही दी गई है। वनकर्मियों को मौके पर भेजकर मामले की जांच कराई जाएगी।


खेत से होकर गुजर रहा तेंदुआ।

## चार दिन से रुक-रुक हो रही बरसात, खतरे की बात नहीं, प्रशासन अलर्ट

# गंगा और रामगंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


बारिश के बाद गर्रा नदी का बढ़ा जलस्तर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लगातार चार दिन से रुक-रुक हो रही बारिश के चलते जिले की दो नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। जबकि एक नदी का घटा है। हालांकि अभी खतरे की बात नहीं है। इसके बाद भी प्रशासन ने नदियों के किनारे बसे लोगों को सावधान रहने को कहा है। गंगा नदी का जलस्तर शुक्रवार को कछला घाट पर 159.85 सेंटीमीटर मापा गया, जो गुरुवार की अपेक्षा 0.04 सेंटीमीटर ज्यादा रहा।

इसी तरह गंगा नदी का जलस्तर भैंसार ढाई घाट तटबंध पर 141.04 सेमी रहा, यह भी गुरुवार की अपेक्षा 0.02 सेमी ज्यादा रहा। जबकि शुक्रवार को रामगंगा का जलस्तर चौबारी घाट पर 0.830 सेमी और राम गंगा का जलस्तर डबरी घाट पर 0.17 सेमी बढ़ा हुआ मापा गया। गर्रा नदी का जलस्तर अजीजगंज पुल पर 0.23 पर बढ़ा। जबकि खन्नौत नदी का जलस्तर लोधीपुर पुल पर 0.05 सेमी घटा। इसी तरह नरौरा बैराज से गंगा नदी में 8890 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसी तरह राम गंगा नदी में विभिन्न बैराज से 5252 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। दयूनी से गर्रा नदी में 2772 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

### खन्नौत के किनारे बसे लोगों से सतर्क रहने को कहा

बारिश के बाद जिले की नदियों में बढ़ रहे जलस्तर के कारण बाढ़ का खतरा बना हुआ है। इसको लेकर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को डीएम के निर्देशन पर सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र सिंह ने महानगर की खन्नौत नदी, गर्रा नदी के आसपास इलाकों का निरीक्षण कर जलस्तर देखा। सिटी मजिस्ट्रेट ने इस दौरान नदी के आसपास रहने वाले लोगों को सचेत व सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने बताया कि नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जा चुका है। प्रशासनिक अधिकारी निरीक्षण कर रहे हैं। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर संबंधित एसडीएम, निगम अधिकारियों को अवगत कराए।

## जरियनपुर, पृथ्वीपुर ढाई व परौर में बाढ़ चौकी सक्रिय

संवाददाता, मिर्जापुर


ग्रामीणों को जानकारी देते तहसीलदार मोहम्मद अजहर अंसारी। ● अमृत विचार

● **मिर्जापुर के पहरूआ में राहत चौपाल का आयोजन**

**अमृत विचार:** बारिश का मौसम आते ही रामगंगा के तटवर्ती गांव के लोगों की धड़कनें तेज होने लगती हैं। लगातार हो रही बारिश के बाद नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। शुक्रवार को बाढ़ प्रभावित पहरूआ गांव में तहसीलदार की ओर से राहत चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

मिर्जापुर क्षेत्र में रामगंगा की बाढ़ हर साल तबाही मचाती है। रामगंगा सैकड़ों हेक्टेयर फसल बर्बाद करने के साथ बेशकीमती जमीन को अपने आगोश में लेकर किसानों की कमर तोड़ देती है। बीते वर्षों में कीलापुर में बने तटबंध से ग्रामीणों ने कुछ राहत की सांस ली है, लेकिन क्षेत्र के दर्जनों गांव पहाड़पुर, कुनिया, पहरूआ, हरिहरपुर, मौजमपुर, अतरी, बीघापुर, औरंगाबाद, मईखुर्दकला आदि आज भी नदी के निशाने पर हैं। रामगंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे प्रशासन भी चौकन्ना हो गया है। शुक्रवार को तहसीलदार मोहम्मद अजहर अंसारी ने रामगंगा किनारे पहरूआ गांव में राहत चौपाल लगाई। उन्होंने कहा कि जलस्तर बढ़ने के साथ ही ग्रामीणों को नाव उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के जरियनपुर, पृथ्वीपुर ढाई व परौर में बाढ़ चौकी सक्रिय कर दी गई है। मिर्जापुर सीएचसी व कलान पीएचसी पर एंटी स्नैक वेनम पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करा दिए गए है। दवाएं भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बाढ़ की स्थिति पर प्रभावित क्षेत्र में राहत सामग्री का वितरण किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### तिकोला मेले में बजरंग दल ने बनाया कैंप कार्यालय

**जैतीपुर।** जलालाबाद क्षेत्र के ग्राम तिकोला स्थित पांडव कालीन प्राचीन देवी माता के मंदिर पर हर वर्ष भव्य मेला लगता है। इस वर्ष मेले में सुदृढ़ व्यवस्था की मंशा से राष्ट्रीय बजरंग दल ने कार्यालय स्थापित किया है। कैंप के माध्यम से मुख्य रूप से महिलाओं के साथ कोई दुर्घटना न हो व अधिक भीड़ होने पर मेला व्यवस्थित रूप से चलता रहे। इस मंशा से इस बार मेला में राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता पूरे मेला के दौरान तैनात रहेंगे। शुक्रवार को कैंप के उद्घाटन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री अर्पित भामाशाह एडवोकेट, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष हरिओम कौशल, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष सुमित गुप्ता, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला महामंत्री धर्मपाल सिंह, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला महामंत्री राहुल कुमार, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप, तहसील महामंत्री भूपेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष हरिओम शुक्ला, नगर महामंत्री पंकज कुमार गुप्ता, ब्लॉक उपाध्यक्ष भानु प्रताप आदि उपस्थित रहे।

### जरी-जरदोजी ट्रेड: साक्षात्कार 9-10 जुलाई को

**शाहजहांपुर।** उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने बताया कि एक जनपद, एक उत्पाद कार्यक्रम के तहत दक्षता, कौशल विकास उद्यमिता विकास प्रशिक्षण व टूलकिट वितरण योजना के तहत वित्तीय वर्ष-2024-25 के लिए जरी-जरदोजी ट्रेड में 25 जून तक जिन्होंने आवेदन किया है। उन अभ्यार्थियों का साक्षात्कार 9 जुलाई को सुबह 11 बजे से और 5 जुलाई तक आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 10 जुलाई को सुबह 11 बजे से कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन व उद्यमिता विकास केंद्र में होगा। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्र की प्रति व संलग्नक सभी दस्तावेज मूल प्रपत्रों के साथ साक्षात्कार में आवेदक उपस्थित हों। जिससे मुख्यालय की ओर से जारी स्कोर कार्ड के तहत चयन समिति से प्रक्रिया पूरी की जा सके।


अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली


# दिन भर छाए रहे बादल, शाम को हुई झमाझम बरसात

## सड़कें लबालब, पानी के बीच से होकर निकलने को मजबूर हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** लगातार चार दिन से हो रही बारिश शुक्रवार को दिन में थमी रही लेकिन बादल छाए रहे। शाम करीब 3:45 बजे झमाझम बारिश हुई तो शहर के कई प्रमुख मार्गों पर जलभराव हो गया। वहीं गलियों में भी जलभराव की वजह से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। जब तक पानी कम नहीं हुआ, तब तक ज्यादातर लोग घरों में कैद रहे। वहीं पुवायां क्षेत्र में तड़के झमाझम बारिश हुई, दो घंटे बाद बारिश थमी लेकिन शाम को फिर से बरसात शुरू हो गई। बरसात की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

शुक्रवार को सुबह से ही बादल छाए हुए थे और कुछ देर के लिए हल्की बूंदाबांदी भी हुई जिससे मौसम खुशगवार बना हुआ था लेकिन बूंदाबांदी थमने के बाद हल्की उमस भरी गर्मी का अहसास होने लगा। दोपहर तक गर्मी से परेशान रहे, वहीं बिजली की भी ट्रिपिंग होती रही। एक घंटे के अंदर लगभग बार बिजली की ट्रिपिंग हुई।

लोग गर्मी से परेशान हो रहे थे, तभी शाम करीब 3:45 बजे बादल गहरा गए और तेज बारिश शुरू हो गई। लोग जो बाजार में सामान की खरीदारी करने निकले थे, उन्होंने इधर-उधर छिप कर अपने आप को बारिश से बचाया। बारिश लगातार तेज होती जा रही थी। इससे शहर के प्रमुख मार्गों में जलभराव हो गया।


बारिश से बचने के लिए छाता लगाकर निकलतीं युवतियां। ● अमृत विचार

### घरों में भरा पानी

चौक और सदर इलाके की गलियों में पानी नालियों से ऊपर घुटनों तक आ गया। जिन लोगों के घर नीचे से थे उनके घरों में भी पानी भर गया। लगभग 5:30 बजे थमी तो बाजार में अचानक भीड़ बढ़ गई। जिससे घरों के लिए जल्दी निकलने वाले लोग फिसलन वाली सड़क पर गिरकर चोटिल हो गए। वहीं गलियों में जलभराव होने की वजह से लोग तब तक घरों में कैद रहे, जब तक कि पानी पूरी से बह कर नालियों से होकर नालों में नहीं पहुंच गया लेकिन इसके बाद कीचड़ हो गई।


त्रिमूर्ति चौराहे के पास जलभराव के बीच गुजरते चौपहिया वाहन। ● अमृत विचार


कलान की पीएचसी में जलभराव। ● अमृत विचार

### कलान में हुआ जलभराव

**कलान।** मूसलाधार बारिश की वजह से ब्लॉक रोड, थाना रोड, साप्ताहिक बाजार से थाने की तरफ आने वाला रोड एवं प्रमुख वाली गली उल्फत नगर में शिव नगर में स्थित गलियों एवं साप्ताहिक बाजार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने जलभराव हो गया है। इस वजह से लोग गंदे पानी से निकलने को मजबूर होना पड़ रहा है। नगरवासियों ने नगर में बंद पड़े नालों को खुलवाकर गलियों एवं साप्ताहिक बाजार में हो रही जलभराव की समस्या से नहीं निजात दिलाए जाने की मांग की है।


चौक इलाके की गलियों में जलभराव के बीच दोपहिया वाहन से निकलते लोग।


रोडवेज बस स्टैंड के पास पुलिस लाइन को जाने वाले रास्ते के सामने जलभराव के बीच निकलते बच्चे। ● अमृत विचार

## हाय बिजली: धरनारत किसानों से अफसरों की वार्ता रही विफल

**निगोही, अमृत विचार:** निगोही के पावर हाउस पर विद्युत समस्याओं को लेकर भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी के पदाधिकारी आज पांचवे दिन भी धरने पर बैठे रहे।

इस बीच अपराह्न करीब दो बजे धरना स्थल पर अधिशासी अभियंता व उपखंड अधिकारी वार्ता करने को पहुंचे लेकिन किसानों की मांगों का समाधान न करके सिर्फ धरना समाप्त करने की बात कहने लगे जिस पर अधिकारियों और यूनियन के पदाधिकारियों की बीच वार्ता विफल रही। इस दौरान यूनियन ने निर्णय लिया कि यदि रविवार तक समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता तो सोमवार से क्रमवार प्रतिदिन विद्युत अधिकारियों का पुतला दहन किया जाएगा। पांचवें दिन धरने पर अनिल कुमार वर्मा के साथ ओम प्रकाश, प्रेम कुमार, राजीव, रणजीत कुशवाह व जगपाल कुशवाह बैठे थे। इस दौरान अनिल कुमार वर्मा, रवि, जोगेन्द्र कुशवाह अंशू भारती, राहुल कुशवाहा मौजूद रहे।

## फार्मर ने काट दी सड़क, लोगों ने जताया विरोध

संवाददाता, निगोही


ग्रामीणों द्वारा पाटी गई सड़क। ● अमृत विचार

● **रोड़ा डालकर पाटी गई सड़क तब मिली राहत**

"जेई को भेजकर मामले की जांच कराई जाएगी, जो भी दोषी होगा सख्त कार्रवाई होगी। - **चंद्रशेखर नौटियाल**, अधिशासी अभियंता

**अमृत विचार:** एक सिख फार्मर ने निगोही-बिलंदपुर मुख्य मार्ग जेसीबी से काट दिया। दूसरे फार्मर जब विरोध में खड़े हो गए, तो रोड़ा डालकर सड़क पाट दी गई।

निगोही से बिलंदपुर वाया ढकिया तिवारी मुख्य मार्ग काफी खस्ता हालत में था। जगह-जगह गड्ढे होने की वजह से समस्या होने लगी, तो पीडब्ल्यूडी ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत इस मार्ग का निर्माण करा दिया। सड़क का निर्माण अभी कुछ दिन पूर्व ही पूर्ण हुआ था। वृहस्पतिवार रात काले देव बाबा मंदिर के पास बारिश का पानी खेत में भर जाने पर इलाके के एक सिख फार्मर ने जेसीबी मंगाई और बगैर प्रशासनिक अनुमति के सड़क को काट दिया। गड्ढ का पानी जब दूसरे किसानों के खेत में जाने लगा, तो उन्होंने विरोध करना शुरू कर दिया। मामला तूल पकड़ता देख फार्मर ने पाइप मंगाकर सड़क पाट दी, ऊपर से ईंट का रोड़ा डाल दिया। फिर भी जब पानी बंद न हुआ तो समझौते में तय हुआ कि दो दिन बाद पाइप को निकालकर रोड़े से सड़क पाट दी जाएगी। फिलहाल सड़क कटने से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

धर्म-कर्म

### कई वर्षों से चली आ रही परंपरा, आषाढ़ माह अमावस्या के बाद सोमवार को लगता है जात का मेला

# युद्ध में जीत के बाद आल्हा ऊदल ने किया था मां जालिपा का पूजन

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी

● **सैकड़ों वर्ष पूर्व बिरिया मकरंदपुर के राजा हरि सिंह और वीर सिंह के साथ हुआ था ऊदल का युद्ध**

● **मां जालिपा मंदिर परिसर में मेले की तैयारियां पूरी, दूर दराज के व्यापारी लगाते हैं मेले में दुकानें**

**अमृत विचार:** कस्बा स्थित मां जालिपा मंदिर परिसर में हर साल की भांति इस बार आठ जुलाई को जात का मेला लगेगा। इसके लिए मेला की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। मंदिर परिसर में दुकानें भी सजने लगी हैं और बच्चों के लिए झूले भी लग गए हैं।

मंदिर के पुजारी सियाराम माली बताते हैं कि कई वर्ष पूर्व बिरिया मकरंदपुर के राजा हरि सिंह और वीर सिंह के साथ आल्हा ऊदल का युद्ध हुआ था। हरि सिंह और वीर सिंह को पराजित करने के बाद आषाढ़ माह की अमावस्या के बाद सोमवार को आल्हा ऊदल ने मां जालिपा मंदिर आकर पूजन अर्चना कर मेला लगवाया था। तबसे यही प्रथा चली आ रही है। प्रत्येक साल आषाढ़ की अमावस्या के बाद जो भी सोमवार पड़ता है। उसी दिन जात का मेला लगता है। यहां बाहरी व्यापारी अपनी दुकानें लगाते हैं। लकड़ी, खेल-खिलौने, हिंडोला झूले, चाट पकौड़ी, आदि बहुत सी दुकानें लगती है।


मां जालिपा मंदिर में लगी माता की मूर्ति और पास में खड़े मंदिर के पुजारी।


मैदान में लगे मेले के लिए झूले। ● अमृत विचार

### नए जोड़े मांगते हैं मनौती

इस मेले में एक प्रथा यह भी है। जिसकी नई शादी होती है। वह जोड़े आकर पूजा-अर्चना कर माताजी से मनौती मांगते हैं और गांठ बांधते हैं। बताया जाता है कि उनकी मन्नतें पूरी भी होती है। वहीं बाबा भैरवनाथ के पुजारी मुनेश्वर दयाल मिश्रा भी बताते हैं कि सैकड़ों वर्षों से यह मेला लगता चल रहा है। इस दिन मंदिर में बहुत ज्यादा ही भीड़ होती है। लोग प्रसाद चढ़ाकर पूजा अर्चना कर मनौतियां मांगते हैं। सुरक्षा के तहत मंदिर परिसर से लेकर मेले में पुरुष कांस्टेबल महिला कांस्टेबल तैनात रहते हैं।


बरम देव बाबा मंदिर।

### ...मान्यता है कि यहां ठीक हो जाते हैं पशुओं के कीड़े

**सेहरामऊ दक्षिणी।** क्षेत्र के गांव चंदगोई प्राचीन देव स्थल बरम देव बाबा मंदिर पर भी मेला लगता है जहां पर दूध व चावल चढ़ाया जाता है। मान्यता है कि किसी पशु के कीड़े पड़ जाए तो बरम देव बाबा को दूध चावल चढ़ा दें। इससे जानवरों के कीड़े ठीक हो जाते हैं। वहीं श्रद्धालु ब्राह्मणों को भोज भी कराते हैं और देसी घी से हवन होता है।

## असंतुलित ट्रैक्टर-ट्रॉली से दो बाइक क्षतिग्रस्त

**अल्हागंज, अमृत विचार :** थाने के सामने मूंगफली के छिलकों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली असंतुलित होकर बाइक पर चढ़ गया। जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बिजली का पोल टूट गया। अल्हागंज थाने के सामने इस्लामगंज मार्ग पर शुक्रवार को बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। ढलान पर मूंगफली के छिलके से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो गई। ट्रैक्टर समेत ट्रॉली पीछे जाने लगी, जिसकी चपेट में खड़ी दो बाइकें आ गईं, जिससे अफरातफरी मच गई। ट्रॉली के पहिये से दोनों बाइकें कुचल गईं। इसके बाद पीछे बिजली के खंभे से टकराकर ट्रॉली रुकी। हादसा देख लोगों का कलेजा कांप गया।


ट्रॉली के नीचे दबी बाइक।

# बंद कमरे में मिला महिला का शव, शरीर में पड़ गए थे कीड़े

## कांशीराम कॉलोनी में पुलिस ने दरवाजा तोड़कर निकाला शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला कांशीराम कालोनी में एक अधेड़ महिला का शव कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। शव से दुर्गंध आ रही थी और उसमें कीड़े पड़ गए थे। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को निकाला और मामले की जानकारी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी बेटी मोहल्ला गदियाना में रहती है। बेटी का कोई आरोप नहीं है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला काशीराम कालोनी निवासी बसंत कुमार सक्सेना दिल्ली में काम करते है। उसकी पत्नी 55 वर्षीय मंजू सक्सेना काशीराम कालोनी में अकेले रहती थी। उसकी शादी शुदा बेटी नीतू सक्सेना सदर बाजार के मोहल्ला गदियाना में रहता है। तीन दिन से उसका दरवाजा नहीं खुला था। पड़ोसियों ने सोचा कि घर में ही रह रही होगी। शुक्रवार दोपहर बाद चार बजे उसके मकान से लोगों को दुर्गंध आनी महसूस हुई तो लोगों ने उसकी बेटी नीतू को को फोन किया। वह अनहोनी की आशंका मन में लिए, काशीराम कालोनी पहुंची, तो मकान अंदर से बंद था और उसमें से दुर्गंध आ रही थी।

कॉलोनी के लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। मामले की जानकारी चौक कोतवाली पुलिस को दी गई। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर सिपाहियों के साथ कॉलोनी में पहुंचे। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो मंजू का शव जमीन पर पड़ा था। उसके शरीर में कीड़े पड़ गए थे। शव दिन तीन दिन पुराना था। मृतका की बेटी ने बताया कि चार दिन पूर्व अपनी मां से मिलकर गई थी और उसकी मां बीमार रहती थी। उसका कोई आरोप नहीं है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

- दिल्ली में काम करता है पति, तीन दिन से नहीं खुला था दरवाजा अंदर से आ रही थी बदबू

> कांशीराम कॉलोनी में अंदर से बंद मकान से एक महिला का शव निकाला गया है, शव लगभग तीन दिन पुराना लग रहा है, उसमें कीड़े पड़ जाने की वजह से दुर्गंध आ रही थी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इसमें किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया गया है। – राजीव कुमार तोमर, कोतवाल, चौक कोतवाली

### ...इसलिए किसी ने नहीं दिया ध्यान

मंजू सक्सेना कॉलोनी में किसी से ज्यादा बात नहीं करती थीं और अधिक से अधिक समय वह घर के अंदर ही रहती थी, इसलिए कॉलोनी में उनके आवास के पास रहने वाले लोगों ने ध्यान नहीं दिया। उन्हें लगा कि घर में कुछ अपना काम कर रही होंगी लेकिन जब उनके मकान से दुर्गंध आनी शुरू हुई तब लोगों को अनहोनी की आशंका हुई, तब बेटी को सूचना दी गई।

# सीओ की जांच के बाद धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** धोखाधड़ी कर संपत्ति हड़पने के मामले में सीओ की जांच रिपोर्ट के बाद तिलहर पुलिस ने एसपी के आदेश पर 25 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली। इस मामले में एक व्यक्ति को नामजद किया गया और उसकी पत्नी व अन्य लोगों को शामिल किया गया है। यह कार्रवाई आस्ट्रेलिया के मेलबर्न से पिता की मौत की खबर पर भारत आए एयरक्राफ्ट इंजीनियर बेटे की तहरीर पर की गई है।

दर्ज कराई गई रिपोर्ट में ऑस्ट्रेलिया में 40 साल से रह रहे एयरक्राफ्ट इंजीनियर असद उल्ला खान ने कहा है कि उसके पिता सबिह उल्लाह खान पुत्र वसी उल्ला खां तिलहर के मोहल्ला कांकड़ स्थित अपने पैतृक मकान में रह रहे थे। उनकी आयु करीब 90 वर्ष थी । उनकी तिलहर के कई गांवो लगभग 42 बीघा जमीन, प्लॉट तथा पैतृक मकान है। जिसे मोहल्ले के ही मो. मैनाज खान ने उसके पिता की बीमारी तथा बढ़ी उम्र का लाभ उठाकर षड्यंत्र व धोखाधडी कर कुछ लोगों के साथ मिलकर सारी आराजी बैनामा अपने व अन्य लोगों के नाम करा दिया। धोखाधड़ी से कई प्लाटों व मकान का भी बैनामा अपने नाम कराने के साथ ही पिता के बैंक अकाउंट में लाखों रुपये भी मो. मैनाज खान ने निकाल लिए और अपने घर पर बंधक बना लिया था। किसी भी परिचित व रिश्तेदार से मिलने भी नही दिया। पिता की मौत की सूचना मिलने पर वह उसी दिन भारत आया और उसके घर पहुंचने पर ही अंतिम संस्कार करने की बात कही। इसके बावजूद आरोपी ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया। आरोप है कि जब उसने अपने पिता के समान व उनका पासपोर्ट, आधार कार्ड , बैंक पासबुक , मोबाइल आदि रिकार्ड मांगा तो देने से मना कर दिया। जब उसने धोखाधड़ी की कानूनी कार्रवाई करने की बात कही तो मैनाज उसे व रिश्तेदारों को फर्जी मुकदमों में फंसवा ने की धमकी देने लगा। असद उल्ला खान ने मैनाज खान से अपनी जान को भी खतरे की आशंका जताई है। बीती नौ जून को उक्त मामले की तहरीर दिए जाने पर एसपी अशोक कुमार मीणा ने सीओ प्रयांक जैन को जांच सौंपी थी। जैन की जांच रिपोर्ट पर एसपी के आदेश पर शुक्रवार को कार्रवाई की गई।

- बुजुर्ग से आरोपियों ने अपने नाम करा ली थी संपत्ति
- ऑस्ट्रेलिया में रह रहे इंजीनियर बेटे की तहरीर पर हुई कार्रवाई

> असद उल्ला खान की ओर से आरोपी मो . मैनाज खान और उसकी पत्नी व साजिश में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। –विशाल प्रताप सिंह, कोतवाल

## दो वारंटी गिरफ्तार चालान किया

**शाहजहांपुर।** परौर पुलिस ने वृहस्पतिवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने बताया कि गांव दहेलिया निवासी कुशलपाल सिंह उर्फ लल्ला और रामपाल के खिलाफ जलालाबाद कोर्ट से वांरट जारी किया गया था। दोनों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया गया है।

# 50 लाख रुपये मांग रहे दहेज लोभी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला अशोक बिहार कॉलोनी निवासी शुचि ने बताया कि उसकी शादी चार साल पहले अमित कुमार निवासी हरवंशपुर थाना जगाधरी जिला यमुनानगर के साथ हुई थी। पति में रेलवे विभाग में कार्यरत है। दहेज के बावजूद ससुराली 50 लाख रुपये की मांग कर रहे है। उसके मना करने पर तीन जून को ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और घर के बाहर छोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि पति समेत तीन के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मांग पूरी न करने पर घर से निकाल दी बहू

सदर बाजार थाना क्षेत्र मोहल्ला गदियाना निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि पुत्री पिंकी की शादी तीन साल पहले अरुण कुमार निवासी परा थाना फरीदपुर जिला बरेली के साथ की थी। उसने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से उसकी बेटी के ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। उसकी पुत्री ने एक बेटी को जन्म दिया। ससुराल वालों ने उसकी बेटी से कहा दो लाख रुपये मंगाकर दो। उसकी बेटी को पांच माह पूर्व घर से निकाल दिया। उसकी बेटी मायके में रह रही है।

# आम-नीम, पीपल व बरगद की पौध रोपी

संवाददाता, कुर्रियां कलां

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिवस के अवसर से शुरू हुए पौधरोपण साप्ताहिक पखवाड़े के तहत शुक्रवार को पांचवें दिन ददरौल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डींगुरपुर में समाजवादी लोहिया वाहिनी की ओर से पौधे रोपे गए। जिलाध्यक्ष उत्पल यादव की ओर से आयोजित पीडीए पौधरोपण कार्यक्रम में आम-नीम, पीपल और बरगद की पौध रोप कर अखिलेश यादव की लंबी उम्र की कामना की गई। इस अवसर पर उत्पल यादव, प्रसून कुमार जिलाध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा, पार्थ सिंह राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा, सौमित्र यादव महासचिव छात्र सभा, अभिषेक दिनकर, गोविंद यादव डींगुरपुर, चक्रपाल आशाराम, राधे, जदुवीर, रामकिशोर, लालू, पप्पू सोनालिका, प्रहलाद, हरीराम आदि मौजूद रहे।


पीडीए पौधरोपण कार्यक्रम में पौध लगाते लोहिया वाहिनी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### बारिश के बीच अटल पार्क में रोपी पौध

**शाहजहांपुर।** वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड की ओर से चलाए जा रहे पौधरोपण महाअभियान का सिलसिला झमाझम बरसात में भी जारी रहा। शुक्रवार को बरेली मोड़ स्थित आवास विकास कॉलोनी में अटल पार्क में पौध रोपित की गई। ग्रुप के सदस्य शुभम मौर्य के संरक्षण में चले अभियान में अशोक एवं गुलमोहर के पौधे रोपित किए गए। पौध रोपित करने वालों में अभियान प्रभारी ज्योति गुप्ता और महेंद्र दुबे, ग्रुप क्रिएटर अभिनय गुप्ता, अध्यक्ष नीतू गुप्ता, उपाध्यक्ष शाहनवाज़ खान, प्रधान अनिल गुप्ता, अधिवक्ता अनूप कुमार, सुषमा मौर्य, शालू यादव आदि शामिल रहे।

## गैरइराइतन हत्या के आरोपी पिता पुत्र को भेजा जेल

**जहानाबाद, अमृत विचार:** गैर इरादतन हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों की गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया। घटना 22 जून को जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर में हुई थी। यहां के रहने वाले माखनलाल (35) खेती करते थे। बंटवारे का विवाद अपने चाचा और चचेरे भाइयों से चल रहा था।

घटना की रात आरोपियों ने घर में घुसकर हमला किया। 26 जून की रात इलाज के दौरान माखननाल की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने नन्हेलाल, उसके दो बेटे दीनदयाल, छोटे लाल और पुत्रवधू रेवती देवी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। शुक्रवार को आरोपी नन्हेलाल और उसके बेटे छोटेलाल को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत बच्चों ने रोपी पौध


लीड कांवेंट में मां के नाम पर पौध रोपित करते बच्चे। ● अमृत विचार


पौध रोपित करती विधायक सलोना कुशवाहा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** लीड कान्वेंट स्कूल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बच्चों ने पौध रोपित की। जिले भर में कई जगह पौधरोपण अभियान चलाया गया।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने शिक्षिकाओं के सहयोग से अमरूद, जामुन, बेल, आंवला, करौंदा आदि के पौधे रोपित किए। मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि रमन गुप्ता और प्रधानाचार्य तराना जमाल ने भी पौध रोपित की। प्रधानाचार्य तराना जमाल बच्चों को एक पेड़ मां के नाम अभियान जारी रखने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने बच्चों को पेड़ों का महत्व समझाया।

**निगोही।** राना पब्लिक स्कूल बैदापुर में वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विधायक सलोना कुशवाहा, क्षेत्रीय वन अधिकारी तिलहर घनश्याम शुक्ला, वन दरोगा निगोही सतीश पाल गौतम, वनरक्षक निगोही चंद्रपाल सिंह, वनरक्षक राशिद हुसैन, सहकर्मी संदीप कुमार मिश्रा, अंबिका प्रसाद की अध्यक्षता में विद्यालय प्रांगण में सभी छात्र छात्राओं के साथ मिलकर पौधरोपण किया। जिसमें विद्यालय के उपनिदेशक अवतार सिंह राना तथा विद्यालय प्रबंधक प्रदीप पाण्डेय ने अतिथियों को अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दानिश खान,श्रवण कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ शिक्षक सत्यपाल, लुबना खान, धर्मेंद्र कुमार आदि शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपे जाने की अपील की।

## सार-संक्षेप

### प्रांतीय अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक संघ ने दिया बुके



**शाहजहांपुर।** प्रांतीय अनुसूचित जाति जनजाति बेसिक शिक्षक संघ ने नवागत बीएसए दिव्या गुप्ता और वित्त एवं लेखाधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंटकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। साथ ही विभागीय व्यवस्थाओं में सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। जिलाध्यक्ष अजय वर्मा और महामंत्री विनोद कुमार के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष हरिश्चंद्र आनंद, राजीव कुमार वर्मा, रितेंद्र कुमार, अखिलेश गौरव, विनोद कुमार, वीरपाल सिंह, बृजेश वर्मा, चंद्रकांत भारती, पवन सिंह दिनकर, महेंद्र पाल कठेरिया, ममता बौद्ध, विमला बौद्ध, मुन्नी आर्य, सचिन प्रेमी, योगेश कुमार, रामावतार, खुशीराम आदि शामिल रहे।

### प्राथमिक शिक्षक संघ ने बुके देकर दी बधाई



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकांत पांडेय के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए दिव्या गुप्ता से शिष्टाचार भेंटकर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। नवागत बीएसए ने शिक्षकों को भरोसा दिया कि शिक्षकों की समस्याओं का जिम्मेदारी के साथ समय पर निस्तारण किया जाएगा। संघ प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष के साथ जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नाकर दीक्षित, जिला कोषाध्यक्ष भुवनेश गुप्ता, जिला संयुक्त मंत्री सचिन मिश्रा,जिला उपाध्यक्ष धीरज रस्तोगी और पल्लवी गुप्ता तथा हरिकिशोर दीक्षित, नवनीत तिवारी साथ रहे।

### शिक्षामित्रों ने किया बीएसए का स्वागत



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष डॉ . रत्नाकर दीक्षित के नेतृत्व में बीएसए दिव्या गुप्ता का बुके भेंटकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में महामंत्री रामपूत पाल, जिला प्रभारी वेद वर्मा, जितेंद्र दीक्षित, सुबोध वर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उषा मिश्रा, जितेंद्र कुमार, मुकेश पाल, अरुण शुक्ला, सिकंदर खां, मानवेंद्र सिंह, विपिन मिश्र, राम गोपाल, जगपाल आदि शामिल रहे।

## घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सिंधौली थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसकी बहन झारखंड से मेहमानी में आई हुई थी। तीन जून की रात 12 वह और उसकी बहन सो रही थी। पड़ोस का विपिन दीवार फांदकर उसके मकान में घुस आया। आरोपी ने उसे गलत नीयत से पकड़ लिया और जबरन बाथरूम में ले गया।

आरोप है कि दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी विपिन के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# हाथरस कांडः मृतकों के परिजनों को दिए दो-दो लाख के चेक


मृतकों के परिजनों को चेक देते नायब तहसीलदार अनुराग दुबे। ● अमृत विचार


पीड़ितों को चेक देते तहसीलदार जय प्रकाश यादव ।

संवाददाता, कुर्रियां कला


**अमृत विचारः** हाथरस जिले में भोले बाबा के सत्संग में हुई भगदड़ में क्षेत्र के दो भाई-बहनों की भी मौत हो गई थी। भमौली निवासी आनंद भोले बाबा के अनुयायी हैं। हाथरस में सत्संग की सूचना पर आनंद की पत्नी दुर्गेश, बहन रामा, सीमा व बेटे आरुष, आयुष और बेटी काव्या के साथ गई थीं। भगदड़ में आनंद के बच्चों की मौत हो गई। शुक्रवार को शासन के आदेश पर नायब तहसीलदार अनुराग दुबे ने मृतकों के परिजनों से मिलकर दो-दो लाख रुपये के चेक दिए।

तिलहर। हाथरस सत्संग कांड में तहसील क्षेत्र के परगना तिलहर व निगोही क्षेत्र की एक एक महिला के मारे जाने पर मुख्यमंत्री विवेकाधीन राहत कोष से डीएम उमेश प्रताप सिंह के निर्देश पर मृतकों के वारिसों को दो-दो लाख रुपये के सहायता चेक दिए गए। तिलहर क्षेत्र के गांव रजाक पुर निवासी मृतका धनदेवी पत्नी राजाराम के वारिस पुत्र बदनपाल व मदनपाल को तहसीलदार जय प्रकाश यादव ने उनके गांव जाकर चेक प्रदान किए। इसी क्रम में परगना व कस्बा निगोही के मोहल्ला नई बस्ती निवासी मृतका रामादेवी के पति हरिशरण को नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी ने विधायक सलोना कुशवाहा के सानिध्य में दो लाख रुपए का आर्थिक सहायतार्थ चेक प्रदान किया।

## पुलिस समझौते के लिए बना रही दबाव

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला काशीराम कॉलोनी निवासी राम विलास ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता है। उसका आरोप है कि कॉलोनी का एक युवक उसको आए दिन मारपीट करता था। आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का है। बुधवार की रात आठ बजे आरोपी ने उसे मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। कॉलोनी में शाम को अपराधियों का जमावाड़ा लग जाता है। लोग खुलेआम शराब पीते है। पीड़ित ने पुलिस चौकी अजीजगंज में उसके खिलाफ तहरीर दी थी। उसका आरोप है कि पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई न करके समझौते के लिए दबाव बना रही है। चौकी के दो सिपाही उल्टा उसे ही धमका रहे है। पीड़ित ने एसपी से मांग की है कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# सीओ ने खुटार थाने का निरीक्षण कर परखी सफाई व्यवस्था


खुटार थाने का वार्षिक मुआयना करते सीओ पंकज पंत। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचारः** पुवायां सीओ पंकज पंत ने शुक्रवार शाम करीब सात बजे खुटार थाने पहुंचकर वार्षिक मुआयना किया है। उन्होंने सर्वप्रथम साफ सफाई व्यवस्था परखी और थानाध्यक्ष संजय कुमार से व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। हालांकि, मुआयना करने के दौरान सफाई सही मिली।

इसके बाद सीओ ने थानाध्यक्ष के साथ परिसर में वाहनों के बारे में जानकारी ली, साथ ही बैरक में पहुंच कर निरीक्षण किया। जहां सफाई व्यवस्था पर जोर दिया। असलाह को भी चेक किया। कंप्यूटर कक्ष में पहुंच कर आगंतुक रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, एफआईआर रजिस्टर, एनसीआर रजिस्टर के साथ-साथ मालखाना का भी मुआयना किया। उन्होंने कहा कि सभी बैंरक, आवास में विशेष रूप से सफाई की व्यवस्था सही होनी चाहिए और कहीं भी जलभराव की समस्या न हो। इस दौरान एसआई प्रमोद कुमार, जीत सिंह और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

- वार्षिक मुआयना करने पहुंचे सीओ ने असलाह देखे, कहा- कहीं भी न हो जलभराव

## बैग से झुमकी और नगदी चोरी

**पूरनपुर , अमृत विचारः** बीसलपुर कोतवाली के मोहल्ला ग्यासपुर की रहने वाली रीना पत्नी वाजिद ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन शेरपुरकलां में रहती हैं। 29 जून को वह बहन के घर एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने परिवार सहित शेरपुरकलां आई थी। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वह गुरुवार को अपने घर वापस जा रही थी। पूरनपुर के मैजिक अड्डे से वह पीलीभीत जाने के लिए एक मैजिक पर सवार हुई। मैजिक चालक ने सामान से भरा बैग गाड़ी के ऊपर रख दिया। महिला ने कीमती सामान होना बताकर बैग नीचे रखने की बात कही थी। लेकिन चालक ने उनकी बात नहीं मानी। कुछ दूर चलने के बाद चालक से एक व्यक्ति मिलने आया और वह मैजिक के ऊपर चढ़ गया। घर पहुंचने के बाद रीना ने अपना बैग चेक किया तो उसमें रखी सोने की झुमकी और 12 हजार रुपये गायब थे। दोनों वापस पूरनपुर लौटे और मैजिक चालक से जानकारी की तो उसने मना कर दिया। फिर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी।

# बच्चों के अधिकारों की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरौला में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत शुक्रवार को महिला कल्याण विभाग की ओर से जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वन स्टॉप सेंटर की मनोसामाजिक परामर्शदाता अर्चा मिश्रा ने विद्यार्थियों व अध्यापकों को महिला कल्याण विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया व 1 जुलाई से लागू हुई नवीन भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के बारे में भी बताया। चाइल्ड हेल्पलाइन से योगेंद्र प्रताप सिंह ने बच्चों के अधिकारों के बारे में बताया और वर्तमान समय में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए माता-पिता की अहम भूमिकाओं के बारे में बात की। साथ ही साथ सभी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध और विनियमन अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, अनैतिक दुर्व्यापार निवारण अधिनियम आदि की जानकारी दे उनको जागरूक किया। जनपद में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का संचालन किया जा रहा है। अगर कोई भी बच्चा संरक्षण हीन दशा में प्रतीत हो तो निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दी जा सकती है। साथ ही सभी को हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090, 112 के विषय में जानकारी प्रदान की गई। जागरुकता कार्यक्रम में प्रधानाचार्य खुशनुमा बानो, अध्यापिका आस्था भसीन, मोहिनी, कुसुम, गीता चंद्रा, रेखा यादव आदि मौजूद रहे।


जागरुकता कार्यक्रम में जागरूक करते सदस्य। ● अमृत विचार

- नवीन भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के बारे में किया गया लोगों को जागरूक

### अनाधिकृत वाहनों के संचालन पर रोक की मांग

**शाहजहांपुर।** सेंट्रन रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ ने बरेली मोड़, हरदोई बाईपास, पुवायां, खुटार आदि स्थानों पर संचालित हो रहे अनाधिकृत वाहनों के संचालन पर रोक लगाए जाने की मांग डीएम से की है। शाखा मंत्री सर्वेंद्र सिंह ने बताया कि इन वाहन चालकों की वजह से हम परिवहन निगम के संविदा चालकों, परिचालकों को प्रोत्साहन राशि नहीं मिल पा रही है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मदीना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 07 जुलाई 2024, रविवार
21 जुलाई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

आवश्यकता है
सहायक प्रशासनिक अधिकारी
कम्प्यूटर ऑपरेटर
फार्मासिस्ट
कम्प्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग एवं सी.सी.टी.वी. मेंटेनेंस हेतु
लैब टेक्नीशियन
अनुभवी व्यक्ति की, वेतन-योग्यतानुसार
शीघ्र संपर्क करें :-
HR ऑफिस, रूम नं. 102, OPD गेट के पास
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मो. 7521001986, 7521001994

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## पेड़ की डाल गिरने से शिक्षिका घायल, रेफर

**गोला गोकर्णनाथ।** शुक्रवार सुबह विद्यालय जा रही एक शिक्षिका पर पीपल के पेड़ में फंसी डाल गिर जाने से वह गंभीर घायल हो गयी। शिक्षिका को सीएचसी भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया, जहां से शिक्षिका को लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है।नगर के मोहल्ला ऊंची भूड़ निवासी शिक्षिका मुजू पांडे (56) सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कालेज में रोज की तरह सुबह पैदल जा रही थी। वह जैसे ही अर्जुननगर कालोनी के गेट से होकर विद्यालय की तरफ बढ़ीं, वैसे ही प्राचीन पीपल के पेड़ में फंसी एक सूखी डाल उनके सिर पर आ गिरी, जिससे छाते की गुल्ली और तीलियां उनके सिर में घुस गयीं और वह लहूलुहान हो गयीं।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल एक की हालत गंभीर

**गोला गोकर्णनाथ।** बांकेगंज मार्ग पर गांव धर्मपुर के पास दो बाइकों की आपस में टक्कर होने से मैलानी थाना क्षेत्र के गांव देवीपुर निवासी विद्यालाल (35) और कमलेश (45) गंभीर घायल हो गए, जिन्हें एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने विद्यालाल की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें



स्पीच थैरेपी
हकलाना/तुतलाना आटिस्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थैल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक:** - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग** - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग** - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन ठतमेंज ब्वदेमतअंजपवद एवं मदजपदमस छवकम तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**पीडियाट्रिक सर्जरी** - बच्चों के सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा जैसे हर्निया, हाइड्रोसिल, अंडकोष का सही स्थान पर न होना, अपेंडिक्स, शरीर व पेट में गांठें, जीव का तालु से चिपका होना, गर्दन के सुराग से पानी आना, गर्दन में कोई सूजन/गांठ, नाभी से खून आना, पानी आना, मल आना, नाभी का फूल जाना व गांठ होना, पेट की समस्या, लम्बे समय से पेट में दर्द या अचानक दर्द, जन्मजात मलद्वार का नहीं होना, मलद्वार सामान्य जगह पर नहीं होना या छोटा होना, मल में खून आना, मलद्वार में खून आना, मलद्वार की गांठ, मलद्वार बाहर निकलना, बच्चों की स्तन की गांठ, लड़कों के स्तन का असामान्य बड़ा होना, लिंग का तिरछापन, लिंग की खाल न खुलना, पेशाब के छेद का सामान्य स्थान पर ना होना, गुर्दे में पानी भर जाना, सिर में पानी भर जाना, रीढ़ की हड्डी पर गांठ।

**यूरोलॉजी विभाग** - गुर्दे व गुर्दे की नली में पथरी, पेशाब की थैली में पथरी, पेशाब रुक-रुक कर आना, पेशाब का बार-बार आना, पेशाब में खून व पस आना, पेशाब दूधिया आना, पेशाब की नलो में रुकावट होना, किडनी का कैंसर, पेशाब की थैली का कैंसर, म्तमबजपसम कपेनिबजपवद (लिंग का ढीलापन) आदि का समुचित उपचार।

उपलब्ध सुविधायें:-
♦ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ♦ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ♦ डायलेसिस की सुविधा ♦ डिजीटल एक्सरे ♦ Mammography ♦ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ♦ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ♦ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ♦ अल्ट्रासाउण्ड ♦ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ♦ दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध
मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

# पंखे का तार लगा रहे युवक की करंट लगने से मौत

## परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचार :** पंखे का तार बिजली के बोर्ड में लगाते समय करंट लगने से गांव बंगलहा तकिया के मजरा घोसियाना निवासी एक युवक की हालत बिगड़ गई। परिवार के लोग उसे निघासन सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर परिवार वाले उसे घर ले आए और अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगे। सूचना पाकर नायब तहसीलदार और पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। हालांकि प्रशासन के समझाने पर लोग मान गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव घोसियाना निवासी मंसूर {38} पुत्र अल्ली अपने घर में पंखे का तार लगा रहा था। एक तार बिजली के बोर्ड में लग चुका था। इसी बीच दूसरा तार उसके सीने में लग गया, जिससे उसे करंट लगा और जमीन पर गिर गया। यह देख परिवार में चीख पुकार मच गई। परिजन उसे आनन-फानन में लेकर निघासन सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार करने की तैयारी करने लगे। इसी बीच सूचना पाकर नायब तहसीलदार हरेराम लेखपाल और पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया, लेकिन नायब तहसीलदार के काफी समझाने पर परिवार के लोग माने और शव का पोस्टमार्टम कराने पर राजी हुए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**खमरिया,अमृत विचार :** थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव नौरंगपुर अपनी ससुराल में पत्नी के साथ रह रहे युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शुक्रवार को शव पेड़ से लटका मिला है। परिवार वालों ने मृतक की पत्नी, भाई और भाभी पर हत्या करने का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना ईसानगर के गांव बदालीपुर मजरा चंद्रासा खुर्द निवासी रामलाल ने बताया कि उनके पुत्र संजय राजपूत की शादी करीब तीन साल पहले इसी थाना क्षेत्र के गांव नौरंगपुर निवासी रामलखन की पुत्री मर्रा के साथ हुई थी। पुत्रवधू का चाल चलन ठीक नहीं था। जिस वजह से वह अपने मायके मेंही रहना चाहती थी। पुत्रवधू के कहने पर करीब पांच महीने से उनका पुत्र संजय राजपूत भी पत्नी के साथ ससुराल में रहने लगा। शुक्रवार को उसके पुत्र की मौत हो गई। उसका शव शुक्रवार की दोपहर करीब 12 नौरंगपुर गांव के बाहर पेड़ से लटका बरामद हुआ। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर मृतक के परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के पिता ने पुत्रवधू, उसके भाई और उसकी पत्नी के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

## दुकान के आगे कार खड़ी करने से मना करने पर पूर्व सैनिक को पीटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 30 जून को हुई थी वारदात, कई दिनों से दुकान के आगे खड़ी थी कार

**अमृत विचार :** स्पेयर पार्ट्स की दुकान के आगे कार खड़ी करने से मना करना पूर्व सैनिक को भारी पड़ गया। दो लोगों ने अपने साथियों संग मिलकर पूर्व सैनिक की दुकान में घुसकर पिटाई कर दी। भीड़ एकत्र होती देखकर आरोपी मारने की धमकी देकर भाग गए। इस मामले में पूर्व सैनिक ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के बल्लभ नगर कॉलोनी के रहने वाले टोड़ी लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पूर्व सैनिक हैं। सेवानिवृत्त होने के बाद वह आसाम चौराहा के पास स्पेयर पार्ट्स की दुकान चलाते हैं। 30 जून की सुबह 11 बजे दुकान के बाहर नौगवां पकड़िया के अशरफ पुत्र मुन्ने ने अपनी कार खड़ी कर दी। जो कई दिनों तक खड़ी रही। जिस वजह से दुकान पर आने वाले ग्राहकों को दिक्कत हो रही थी। इस पर अशरफ से कार हटाने के लिए कहा तो उसने गाली गलौज शुरू कर दी। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर आरिफ और दो अज्ञात लोगों के साथ उसकी दुकान में घुसकर मारपीट की।

आरोप है कि जान से मारने की नियत से अगोछा डालकर गला घोटने का प्रयास किया। किसी तरह पीड़ित ने अपनी जान बचाई। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराकर दो आरोपियों को नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडेय ने बताया कि घटना पुरानी थी इसलिए तहरीर के आधार पर पुरानी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## घर में घुसकर देवर और भाभी को पीटा

**बीसलपुर, अमृत विचारः** नींव उखाड़ने को लेकर देवर-भाभी की पिटाई कर दी गई। घर में घुसकर चार लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरसिया के रहने वाले दिनेश कुमार ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि गांव के रहने वाले वीरपाल ,हरिशंकर ,अरविंद और अवधेश गुरुवार को उसके प्लाट की नींव उखाड़ रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। कुछ देर बाद आरोपी घर में घुस आए और हमला कर दिया। लाठी डंडों से पीड़ित की पिटाई कर दी। शोर सुनकर भाभी सीमा देवी बचाने आई तो उनके सिर पर भी धारदार चीज से वार कर लहूलुहान कर दिया गया। आसपास के लोगों के जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## व्यापारी के घर चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** मिठाई व्यापारी कुलदीप गुप्ता के घर में हुई 10 लाख की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया। सर्विलांस व एसओजी की मदद से पूरनपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी का सामान, नगदी और जेवर बरामद हुए। पकड़े गए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

एएसपी विक्रम दहिया ने बताया कि एक जुलाई की रात पूरनपुर के मोहल्ला चौक के रहने वाले मिठाई व्यापारी कुलदीप गुप्ता के घर में घुसे चोर सेफ का लॉकर तोड़कर सोने के दो हार, दो चैन, 12 अंगूठी, एक ब्रेसलेट, दो जोड़ी झाले, दो जोड़ी टाप्स, चांदी का ब्रेसलेट, गुलशन पटटी, 12 सिक्के और एक लाख साठ हजार रुपये ले गए थे। छानबीन के दौरान पांच जुलाई को पुलिस ने सुरागरसी के बाद वार्ड नंबर आठ के रहने वाले राकेश कुमार और हजारा थाना क्षेत्र के ग्राम चंदिया हजारा निवासी गुरदीप सिंह को पकड़ा। पहले तो आरोपी पुलिस को गुमराह करते रहे लेकिन सख्ती करने पर घटना कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 1.02 लाख रुपये, चार जोड़ी झुमके, तीन जोड़ी टॉप्स, लोकेट, नाक का फूल, नाक की नथ, सात अंगूठी, तीन जोड़ी, ब्रेसलेट, चैन, मोतियों का पैंडल, मोतियों की चैन, नाक की बाली, एक जोड़ी खड़ुआ, दो जोड़ी पायल, दो ब्रेसलेट, चोर जोड़ी बिछुए, एक सिक्का मय कवर, एक सिक्का गोल, एक लोकेट, घड़ी, तीन स्मार्ट फोन और एक की पेड़ फोन बरामद किया। इसके बाद पकड़े गए आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# रिश्वतखोरी, बेपरवाही की शिकायतों का पुलिंदा, पुलिस महकमा ज्यादा घिरा

## प्रभारी मंत्री बोले- दरोगा, सिपाही से सीओ तक की रिश्वतखोरी से खराब हो रही है सरकार की छवि

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की समीक्षा बैठक शुक्रवार को पुलिस के खिलाफ भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और विकास कराने वाले विभागों के खिलाफ बेपरवाही और घटिया गुणवत्ता के काम कराने की शिकायतों में ही निपट गई। प्रभारी मंत्री ने इन शिकायतों को गंभीरता से लिया। कहा, दरोगा-सिपाही से लेकर सीओ स्तर के अधिकारियों के खिलाफ रिश्वतखोरी के मामले सरकार की छवि खराब करने वाले है। उन्होंने लापरवाही के मामलों में कई अफसरों को कड़ी डांट लगाई। कुछ मामलों में जांच के भी आदेश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिले के जनप्रतिनिधियों ने अफसरशाही की जमकर परतें उधेड़ीं। सबसे ज्यादा मामले पुलिस के भ्रष्टाचार के गिनाए गए। बैठक में मौजूद विधायकों ने एक सुर में सिपाही, दरोगा, इंस्पेक्टर से लेकर सीओ स्तर तक के अधिकारियों के रिश्वतखोरी में लिप्त होने के मामले उजागर होने को शर्मनाक बताया। प्रभारी मंत्री ने इस स्थिति को सरकार की छवि खराब करने वाला बताते हुए चिंता जताई और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की गैरमौजूदगी में उनकी जगह पहुंचे पुलिस अधीक्षक नगर को ऐसे मामलों में सख्ती करने और रोक लगाने का निर्देश दिया।



अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक करते प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह। ● अमृत विचार

विधायकों ने प्रभारी मंत्री को पिछले दिनों पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए हुई भीषण गोलीबारी की घटना के बारे में बताया। मंत्री ने पुलिस अधिकारियों से इस मामले में की गई कार्रवाई की जानकारी ली। शाही में लगातार महिलाओं की श्रृंखलाबद्ध हत्याओं का मामला भी उठा। इसके अलावा सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और पुलों के मुद्दे पर भी जनप्रतिनिधियों ने अफसरों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। कई अधिकारियों की कार्यशैली की शिकायत की। प्रभारी मंत्री ने कई अफसरों पर कड़ी नाराजगी जताई। बैठक में सांसद छत्रपाल गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक डॉ. एमपी आर्य, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, संजीव अग्रवाल, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, डीएम रविंद्र कुमार, सीडीओ जगप्रवेश, सभी एडीएम और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

**सरकारी अस्पतालों में सिर्फ एक्स-रे मशीन, टेक्नीशियन नहीं :** जिले की सरकारी अस्पतालों में एक्स-रे टेक्नीशियन की कमी का भी मुद्दा उठाया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अस्पतालों को एक्स-रे मशीन तो दे दी गई है लेकिन टेक्नीशियन नहीं होने से मरीजों को उसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर प्रभारी मंत्री ने सप्ताह में तीन-तीन दिन का रोस्टर बनाकर लोगों को सुविधा का लाभ देने के लिए कहा। डोहरा में अपोलो अस्पताल में बच्चा चोरी और फरीदपुर में डीके अस्पताल में गर्भपात कराने की घटना की भी मंत्री को जानकारी दी गई। **मुख्य अभियंता का स्पष्टीकरण मांगा:** बैठक में बिजली विभाग के मुख्य अभियंता के नहीं आने पर प्रभारी मंत्री ने उनका स्पष्टीकरण मांगा है। निर्देश दिया कि भविष्य में बैठकों में सभी विभागों के मुख्य अभियंता भी मौजूद रहेंगे।

### तीन साल पहले बना पुल, एप्रोच रोड अब तक नहीं : श्याम बिहारी

फरीदपुर के विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल फरीदपुर में दो पुलों का मुद्दा उठाया। कहा, दातागंज से जोड़ने वाला रामगंगा का पुल खल्लपुर में दो-तीन साल पहले बन गया है लेकिन बरेली की तरफ की एप्रोच सड़क अब तक नहीं बनी है। पचौमी से शाहपुर बनियान मार्ग पर कैलाश नदी के पुल की एप्रोच रोड पिछली बारिश में कट गई थी। कई बार कहने के बाद भी उसे ठीक नहीं किया। इस बार बारिश में पूरी सड़क कट सकती है और कभी भी हादसा हो सकता है। लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है।

### गड्ढामुक्त की सड़कें फिर गड्ढायुक्त, यही है गुणवत्ता: महाराज सिंह

एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने नहरों में टेल तक पानी न पहुंचने का मुद्दा उठाया। कहा, अधिकारी कहते तो हैं कि पानी पहुंच रहा है लेकिन रोहिलखंड डिविजन में ऐसा नहीं हो रहा है। गुणवत्ता का हाल यह है कि जिन सड़कों को गड्ढामुक्त किया गया था, वे कई जगह फिर गड्ढा युक्त हो गईं हैं। बिजली की आपूर्ति रोस्टर के अनुसार सिर्फ कागजों में दी जा रही है। हकीकत में लोग काफी परेशान हैं। निजी नलकूप का कनेक्शन लेने के बाद किसानों को समय से विभाग की ओर से सामान न देने की भी उन्होंने शिकायत की। अधिकारियों ने सफाई दी कि कि अचानक डिमांड बढ़ने से सामान कम पड़ गया है।

### नाथ कॉरिडोर की सड़कें खराब, शहर में जलभराव भी: उमेश गौतम

मेयर उमेश गौतम ने नाथ कॉरिडोर की कुछ खराब सड़कों को दुरुस्त करने की बात कही। शहर में जलभराव की भी समस्या उठाई। प्रभारी मंत्री ने नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स को बारिश के मद्देनजर जल्द से जल्द समस्या को दूर करने के निर्देश दिए। बैठक में मौजूद कई और जनप्रतिनिधियों ने भी ढेर सारी समस्याएं बताईं। कुछ ने कहा कि थानों की स्थिति अच्छी नहीं है। पुलिस के अधिकारी भी उनकी सुनने के बजाय मनमानी करते हैं। मंत्री ने पुलिस अफसरों को रवैये में सुधार लाने को कहा।

### सड़कों की जांच के लिए बनी टीम, कार्रवाई का आदेश

सड़कों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि पीडब्ल्यूडी की 45 सड़कों पर काम होना था, लेकिन 18 सड़कों का ही काम पूरा हो सका है। जल जीवन मिशन के तहत खोदी गईं सड़कें ठीक न कराने का भी मुद्दा उठा। मंत्री ने 688 गांवों की सड़कों की सूची के आधार पर गुणवत्ता की की जांच कराने को कहा। जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक डीआरडीए, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण की संयुक्त टीम को जांच कर रिपोर्ट देने के लिए कहा है। मुख्य विकास अधिकारी को हुरहुरी गांव में खराब सड़कों की जांच कराकर कार्रवाई के आदेश दिए। मेयर ने अलखनाथ और मढ़ीनाथ मंदिर की खराब सड़क का मामला उठाने पर मंत्री ने पीडब्ल्यूडी, जल निगम, अपर नगर आयुक्त को संयुक्त सर्वे कर रिपोर्ट देने को कहा।

### सिंचाई विभाग की रिपोर्ट पर विधायकों ने की आपत्ति, जांच होगी

सिंचाई विभाग ने 166 नहरों में टेल तक पानी पहुंचने की रिपोर्ट दी जिस पर विधायकों ने कड़ी आपत्ति की। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई से नहरों की ब्लॉकवार सूची मांगी और आरईएस के अवर अभियंता को जनप्रतिनिधियों के साथ मौके पर जाकर जांच कर रिपोर्ट देने के लिए कहा। रिछा नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्रों की जांच का आदेश दिया। सभी अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों का मोबाइल नंबर रखने और उनसे पूरे सम्मान के साथ बात करने की हिदायत दी।

## एक नजर

### आज खत्म हो जाएगी परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की सत्र 2023-24 की लगभग सभी परीक्षाएं शनिवार को समाप्त हो जाएंगी। शनिवार को एमएससी गणित के प्रश्नपत्र की परीक्षा है। शुक्रवार को भी एमएससी गणित की परीक्षा हुई, जिसमें बरेली कॉलेज में सिर्फ छह बच्चे शामिल हुए। वहीं विश्वविद्यालय ने परिणाम भी जारी करने शुरू कर दिए हैं। जल्द ही सभी परिणाम जारी कर सत्र समय पर शुरू करने की तैयारी है। विश्वविद्यालय की स्नातक और परास्नातक की वार्षिक परीक्षाएं सबसे पहले खत्म हुईं। इसके अलावा विधि समेत अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी खत्म हो गईं। स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाएं भी पहले ही खत्म हो चुकी हैं, सिर्फ परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाएं सबसे बाद में 19 जून से शुरू हुई थीं जो 6 जुलाई को समाप्त हो जाएंगी।

### डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत



**बदायूं।** जिला संभल के थाना बहजोई क्षेत्र के गांव भवन निवासी अरुण राघव पुत्र अवधेश कुमार गुरुवार को किसी काम से थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव रुदायन आए थे। काम निपटाने के बाद वह रात लगभग 10 बजे बाइक से वापस लौटकर घर जा रहे थे। कस्बा इस्लामनगर के पास बियोर तिराहे पर उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर युवक के परिजन पहुंचे। घायल को चंदौसी के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान अरुण की मौत हो गई। युवक के पिता अवधेश कुमार ने पुलिस को सूचना दी।

### एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा 11 जुलाई को दो पालियों में होगी। विश्वविद्यालय परिसर, बरेली कॉलेज और मुरादाबाद के केजीके और हिंदू कॉलेज में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में पांच हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिसमें एलएलबी में सबसे ज्यादा तीन हजार से अधिक अभ्यर्थी हैं।

# मुर्गियों में मांस वृद्धि करने वाले जीन पर होगा अध्ययन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीएआरआई की प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सिम्मी तोमर को मिला प्रोजेक्ट

**अमृत विचार :** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) की ओर से जल्द ही मुर्गियों की वृद्धि को प्रभावित करने वाले जीन पर अध्ययन किया जाएगा। आईसीएआर की ओर से संस्थान की प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सिम्मी तोमर को यह प्रोजेक्ट दिया गया है। निदेशक डॉ. एके तिवारी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के माध्यम से डॉ. तोमर और उनकी टीम इसका गहन अध्ययन करेंगे।

इस संबंध में डॉ. सिम्मी ने बताया कि इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य मुर्गियों के मांस उत्पादन में सुधार करना है, जिससे पोल्ट्री उद्योग को महत्वपूर्ण लाभ हो सके। उन्होंने बताया कि मुर्गियों में जांघ के आकार और मांसपेशियों के विकास को प्रभावित करने वाले कई जीन होते हैं, लेकिन एमएसटीएन (मायोस्टेटिन) जीन सबसे महत्वपूर्ण है। यह जीन एक प्रोटीन कोड करता है, जो मांसपेशियों के विकास को रोकता है। यदि इसमें कोई म्यूटेशन होता है तो मांसपेशियों का अत्यधिक विकास हो सकता है। इस जीन की क्रियाशीलता मांसपेशियों की वृद्धि और जांघ के आकार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। जीन अध्ययन के बाद इस तकनीक को अन्य मुर्गियों में भी लागू किया जा सकेगा, जिससे बड़े पैमाने पर मांस उत्पादन में वृद्धि की जा सकेगी।

# शिव भक्तों के लिए हरिद्वार तक स्पेशल ट्रेनें चलाने का भेजा प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** 21 जुलाई से सावन शुरू हो रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिव भक्त ट्रेनों से भी जल लेने के लिए हरिद्वार के अलावा अन्य जगहों पर जाते हैं। ऐसे में सावन से पहले ही मंडल रेल प्रशासन ने कमर कस ली है। खास तौर से हरिद्वार तक स्पेशल ट्रेनें चलाने के लिए मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। लखनऊ से हरिद्वार के बीच भी एक स्पेशल ट्रेन चलाने का प्रस्ताव है, जो बरेली जंक्शन से होकर गुजरेगी।

मंडलीय अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली से बड़ी संख्या में यात्री सावन में हरिद्वार आते हैं। ऐसे में दिल्ली से आने वाली कई ट्रेनों का विस्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। इनकी यात्रा हरिद्वार तक बढ़ाई जाएगी। मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि एक स्पेशल ट्रेन लखनऊ से बरेली होते हुए हरिद्वार के लिए चलाए जाने का प्रस्ताव भी है। हालांकि इस ट्रेन को चलाने में रोजा में प्रस्तावित नॉन इंटरलॉकिंग कार्यों की वजह से दिक्कत पेश आने की संभावना है। ऐसे में मुख्यालय से अनुमति मिलने पर इस रूट पर आठ अगस्त के बाद स्पेशल ट्रेन को चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कई अन्य ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी लगाए जाएंगे। साथ ही शिवभक्तों के लिए स्टेशनों पर सुविधाएं बेहतर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

0



- बरेली के रास्ते लखनऊ-हरिद्वार के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन
- दिल्ली से चलने वाली कई ट्रेनों का हरिद्वार तक होगा विस्तार

**इन ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच**

सावन में रामगंगा और नरौरा घाट से भी शिव भक्त जल लेने के लिए जाते हैं। ऐसे में बरेली-अलीगढ़ रूट पर चलने वाली दो जोड़ी ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने की जानकारी मुरादाबाद रेल मंडल प्रशासन ने दी है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि 04376 बरेली-अलीगढ़ एक्सप्रेस, 04375 अलीगढ़-बरेली एक्सप्रेस, 04378 बरेली-अलीगढ़ पैसेंजर, 04377 अलीगढ़-बरेली पैसेंजर ट्रेन में 22 जुलाई से 19 अगस्त के बीच दो-दो सामान्य कोच अतिरिक्त लगाए जाएंगे।

## लालकुआं से मैलानी के रास्ते हावड़ा के लिए चलेगी ट्रेन

बरेली कार्यालय

- बरेली में सिर्फ भोजीपुरा स्टेशन पर होगा ठहराव

**अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने लालकुआं से हावड़ा के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन पीलीभीत से मैलानी के रास्ते चलेगी और बरेली में भोजीपुरा स्टेशन पर इसका ठहराव होगा।

इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि 05060 लालकुआं-हावड़ा विशेष ट्रेन 11 से 25 जुलाई तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को लालकुआं से 13:35 बजे चलकर किच्छा से 13:57 बजे और भोजीपुरा से 15:10 बजे रवाना होगी। ट्रेन पीलीभीत, पूरनपुर, मैलानी के रास्ते जाएगी। वापसी यात्रा में 05059 हावड़ा-लालकुआं स्पेशल ट्रेन 12 से 26 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को हावड़ा से 23:30 बजे चलकर तीसरे दिन भोजीपुरा से 12:05 बजे, किच्छा से 12.55 बजे रवाना होकर लालकुआं 13:55 बजे पहुंचेगी।वहीं इज्जतनगर या बरेली सिटी स्टेशन से इस रूट पर ट्रेनों के न चलने से यात्री निराश हैं। रेल अधिकारी भी इस रूट पर फिलहाल ट्रेनों के प्रस्ताव से इन्कार कर रहे हैं। पिछले दिनों इज्जतनगर से एक स्पेशल ट्रेन को चलाया गया था। इसका भी संचालन बंद कर दिया गया।

## हत्या की घटना के 24 दिन बाद वायरल हुआ वीडियो

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भूमि विवाद में एक युवक की लाठी-डंडे और फावड़े से पीटकर हत्या कर दी गई थी। अब उसके साथ मारपीट करने का वीडियो 24 दिन के बाद सोशल साइट्स पर वायरल हुआ है। पुलिस ने दस आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा था लेकिन बाकी के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मृतक के परिजनों ने एसएसपी से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव दियोरी निवासी हरिराम का उनके गांव निवासी महेश, राजपाल, वीरेश उर्फ विजय पाल, संतोष से जमीन को लेकर पिछले लगभग एक साल से विवाद चल रहा था। 11 जून को हरिराम खेत से चारा लेकर लौट रहे थे। आरोप है कि राजपाल, वीरेश, महेश, संतोष, आशा पत्नी राजपाल, अनुज, प्रधान इरेंद्र, रिंकू, मुनेंद्र ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और बेरहमी से पीटा। पुलिस ने घायल हरिराम को सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की बेटी मीरा की तहरीर पर ग्राम प्रधान समेत दस आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। हत्या के अब गुरुवार को मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें वह लोग बुरी तरह से हरिराम को पीटते नजर आए हैं। प्रभारी निरीक्षक अरिहंत सिद्धार्थ ने बताया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# बंदरों की घुड़की से डरकर छत से गिरी महिला, अस्पताल में दम तोड़ा

संवाददाता, दबतरा

- झाड़ू लगाने गई थी छत पर, अचानक आया बंदरों का झुंड
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये थे परिवारवाले

**अमृत विचार :** झाड़ू लगाने छत पर गई महिला नीचे गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के अनुसार बंदरों की घुड़की के चलते वह छत से नीचे गिरी थी।



मीना का फाइल फोटो।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव अतरपुरा निवासी मीना मौर्य (37) पत्नी महेंद्र मौर्य एक जुलाई की सुबह लगभग 11 बजे बारिश के समय झाड़ू लगाने छत पर गई थीं। परिजनों के अनुसार छत पर बंदरों का झुंड आ गया। मीना मौर्य ने उन्हें भगाने की कोशिश की तो उन्हें घुड़की देने लगे। वह अपना बचाव करने पीछे हटीं लेकिन छत से नीचे जा गिरीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर कर दिया गया। परिजनों ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान गुरुवार रात उन्होंने दम तोड़ दिया।

इसके बाद से परिजनों में कोहराम मच गया। उनके बच्चे नीलेश, अनमोल, रामस्नेही का रो-रोककर बुरा हाल है। राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रशासन की सूचना पर पुलिस पहुंची और शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजन शव लेकर गांव पहुंचे। पड़ोसी और रिश्तेदारों ने पीड़ित परिवार के घर जाकर सांत्वना दी। शनिवार को शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में महिला की हुई मौत



गंजडुंडवारा सीएचसी पर घायलों का उपचार करता स्टाफ।

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- पांच गंभीर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया

**अमृत विचार:** गंजडुंडवारा थाना इलाके में दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव राम छितौनी निवासी अखिलेश अपने साले घनश्याम व साली पूजा को लेकर नगला आशानंद से अपने गांव वापस आ रहे थे। वहीं मनीष निवासी डूडरा सिढपुरा माता नन्नीदेवी व भांजी जाहनवी के साथ नगल भगना से दावत खाकर गांव लौट रहे थे। शुक्रवार रात 9 बजे बाइक सवार एटा रोड स्थित नहर के पास पहुंचे,तभी दोनों बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइकों पर सवार घनश्याम, अखिलेश, मनीष, नन्नी देवी, जाहनवी गंभीर घायल हो गए। हादसे में 22 वर्षीय पूजा की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां से सभी गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पूजा के शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के भेज दिया। घटना की जानकारी पर सीएचसी पहुंचे परिजनों का रोरोकर बुरा हाल हो गया। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि दो बाइकों की आपस भिड़ंत हो गई थी। दोनों बाइकों पर छह लोग सवार थे। एक महिला की मौत हो गई है। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

### सत्संग में घायल युवती व महिला को कराया भर्ती

**एटा।** हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ में मारहरा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम भुढर्रा के भी कई लोग घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत खराब होने पर उन्हें अच्छे अस्पतालों में दाखिल किया गया है। भुढर्रा निवासी अनारा (20) पुत्री देव सिंह और जवाहर लाल की 60 वर्षीय पत्नी अंगूरी देवी को शुक्रवार को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

## सांप के डंसने से किसान की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव गैगट नगला निवासी जयंतराम गुरुवार को अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सांप ने डस लिया। वह बेसुध होकर खेत में गिर गए। आसपास खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों में चीत्कार मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# बारिश में गिरी मकान की छत मलबे में दबकर भाई-बहन की जान गई

संवाददाता, बिलारी/कुंदरकी (मुरादाबाद)

- गांव भिड़वारी में हुई घटना, तहसील प्रशासन और विधायक ने परिजनों को दिया मदद का भरोसा

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव भिड़वारी में शुक्रवार सुबह बारिश के दौरान मजदूर के कच्चे मकान की छत भरभराकर गिर गई। इसके मलबे में दबने से मजदूर की नाबालिग बेटी और बेटे की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे तहसील प्रशासन और विधायक फहीम इरफान ने पीड़ित को मदद का आश्वसन दिया। इस बीच पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए हैं।

सोनकपुर थाना क्षेत्र के गांव भिड़वारी में मजदूर शहजाद का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी और पांच बच्चे हैं। सभी बच्चे गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में पढ़ते हैं। शुक्रवार सुबह 9 से 10 बजे के बीच उनके बच्चे मकान के बरामदे में थे। इस बीच बारिश के दौरान उनके मकान के बरामदे की कच्ची छत भरभरा कर गिर गई। इसके मलबे में शहजाद का बेटा सानिब (11) और बेटी इकरा उर्फ अलशिफा (12) दब गए। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों व ग्रामीणों ने मलबा हटाकर भाई-बहन को बाहर निकालने की कोशिश की। लेकिन बारिश तेज होने की वजह से वे उन्हें काफी देर नहीं निकाल सके। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से दोनों भाई-बहन को मलबे से बाहर निकाला। इससे पहले ही सानिब व इकरा उर्फ अलशिफा की मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

मैंने अपनी पुत्री ममता पटेल आयु. लगभग 24 वर्ष को उसके गलत शोहबत व दुर्व्यवहार के कारण उससे तंग आकर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन की स्वयं स्वयं जिम्मेदार होगी मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **धर्मपाल सिंह पुत्र श्री हेतराम, निवासी ग्राम कन्थरी/ कन्थरिया, थाना बिथरी चैनपुर, तह. व जिला बरेली**

सूचना

मैंने राजकीय गर्ल्स इण्टर कॉलेज बरेली से इण्टरमीडिएट मुख्य परीक्षा वर्ष 2001 में उत्तीर्ण किया था। जिसका अनुक्रमांक -1002013 है। जो कि प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **नगमा बी पुत्री श्री फय्याज हुसैन निवासी 497 जखीरा दुलिया मस्जिद गली में किला, बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।








हाथरस हादसे के पीड़ितों से बात करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी।



हाथरस हादसे के बारे में बताते हुए रोती युवती। • एजेंसी



घायलों का हाल जानने पहुंचीं कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य।

# कुछ को बाबा आज भी सही लग रहा तो कुछ को गलत

## हाथरस हादसे में 121 मौतों के बाद बाबा को लेकर उसके अनुयायियों की बात

आगरा, अमृत विचार : हाथरस के सिकंदराराऊ में साकार विश्व हरि भोले बाबा के सत्संग में हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले ने भले ही प्रदेश सरकार में खलबली पैदा कर दी हो लेकिन आज भी बाबा के अनुयायी उसके बारे में कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। केदार नगर में बाबा के बंद मकान में शुक्रवार को भी महिलाएं पहुंचीं और घर के बाहरी हिस्से की अपनी साड़ी से सफाई की। कई लोग आज भी बाबा की गलती नहीं मान रहे तो कुछ अनुयायियों का कहना है कि हादसे में इतने लोगों को जान चली गई, बाबा को सामने आना चाहिए। बाबा तो परमात्मा हैं, परमात्मा अपने बच्चों को ऐसे हाल में नहीं छोड़ता।

### बाबा के बारे में नहीं सुन सकते

एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती मलपुरा निवासी रजनी कहती हैं कि सत्संग का वो दिन आंखों के सामने से नहीं हट रहा, लेकिन अपने परमात्मा से गुस्सा होकर हम कहां जाएंगे। जो मंजूर था, वह हो गया। कहीं न कहीं हमारी गलती होगी, लेकिन बाबा के भागने के मामले में जब उनसे सवाल किया तो उन्होंने कहा कि बाबा तो बाबा हैं, वह कहीं भागेंगे नहीं। वहीं उनके रिश्तेदार अनिल कुमार का कहना है कि भोले बाबा के अनुयायी उनके बारे में कुछ नहीं सुन सकते हैं। जो उन्हें मानता है, वह मानता ही रहेगा। चाहे कुछ भी हो जाए।

### विष्णु का अवतार हैं भोले बाबा

इरादतनगर के रहने वाले सुरेंद्र कुमार बताते हैं कि बाबा को लोग विष्णु भगवान का अवतार मानते हैं। इस मामले में बाबा की गलती केवल इतनी है कि हादसे के बाद उनके आयोजकों और सेवकों को भागना नहीं चाहिए। वहीं बाबा को तो अब सामने आना चाहिए। बाबा ने वकील के माध्यम से अपने विचार रखे। ऐसा तो अपराध करने वाले रखते हैं। बाबा को क्यों लगा कि उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है, जब उनकी कोई गलती नहीं तो ऐसा क्यों किया गया।

### पैर टूटा लेकिन आस्था नहीं

खासपुर, दयालबाग निवासी सुनीता देवी अपने गांव की कुछ महिलाओं के साथ सत्संग के लिए गई थीं। हादसे में उसका पैर टूट गया, लेकिन बाबा में उनकी आस्था नहीं टूटी। उनसे पूछा कि इतने बड़े हादसे में बाबा की गलती है। यह सुनते ही वह यकायक बोलीं, जामें बाबा की क्या गलती है। यह बाबा ने तो थोड़ी करा दिया। हादसा हो गया, नहीं होना चाहिए। काफी लोग मर गए। बाबा सब अच्छा करेंगे। वह ठीक होने के बाद दोबारा सत्संग में जाएंगी। उनका पैर टूट गया, शायद परमात्मा को यही मंजूर हो।

### बाबा को सामने आना चाहिए

एत्मादपुर में रहने वाले मोहर सिंह का कहना है कि हादसे में उसकी पत्नी निहाल देवी की मौत हो गई है। उसने पत्नी से सत्संग में जाने को मना किया था, लेकिन गांव की कई महिलाएं साथ थीं तो उसने भेज दिया। आसपास के गांव की छह महिलाओं ने भी दम तोड़ दिया। हादसे में गलती तो है। इतने लोगों की मौत के बाद तो भोले बाबा को सामने आना चाहिए। हादसा हुआ या साजिश वह जांच का विषय है। वह तो लोगों के बीच भगवान बने हुए थे। लोगों का हमेशा भला सोचते थे तो आज मुसीबत में साथ क्यों छोड़कर चले गए। लोगों ने उनसे कहा था कि बाबा कोई परमात्मा नहीं है, लेकिन उन्होंने कभी नहीं सुनी। बाबा की बात को सुनकर लगता था कि वह ही भगवान हैं लेकिन आज इस समय को देखकर उनसे भरोसा उठ रहा है।

### कुछ लोग ढोंगी भी बोलते हैं

भोले बाबा को कुछ लोग ढोंगी भी बोलते हैं। इस बात की जानकारी भी इस बार सत्संग में गए दयालबाग निवासी राकेश कुमार ने दी। राकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने बाबा के बारे में काफी सुना था। उन्होंने अपने परिवार की कुछ समस्या को लेकर बाबा के पास जाना शुरू किया। बाबा के सत्संग में उनके उपदेश सुने। किसी तरीके से बाबा से मिलने की कोशिश की, लेकिन उनके सेवादारों ने मिलने नहीं दिया। वह उनके कासंगज के आश्रम तक गए, लेकिन तब भी नहीं मिल पाए। इस बार सत्संग में फिर उम्मीद की, लेकिन इस बार तो जिंदगी और मौत के बीच जंग देख ली। उनका बाबा से भरोसा उठ गया। बाबा ढोंग करते हैं और वह कोई चमत्कार नहीं कर पाते।'

# भगदड़ में खो गई मां, दर-दर भटक रही बेटी

संवाददाता, एटा

• मैनपुरी जिले के गांव जिरौली निवासी पिंकी की मां दो जुलाई को सत्संग में गई थीं



पिंकी।

**अमृत विचार :** हाथरस में सत्संग हादसे में लापता हो गई मां की तलाश के लिए बेटी अस्पताल दर अस्पताल भटक रही है। उसके आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे।

हाथरस के सिकंदराराऊ में दो जुलाई को हादसे में 121 लोगों की जान चली गई। तीन दिन बीतने के बाद अभी तक कई लोग घर नहीं पहुंचे हैं। परिजन लगातार तलाश कर रहे हैं। शुक्रवार को मैनपुरी जिले की एक युवती अपनी मां की तलाश में एटा मेडिकल कॉलेज पहुंची। यहां भी मां के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली तो हताश होकर चली गई।

मैनपुरी जिले के गांव जिरौली थाना भोगांव निवासी पिंकी ने रोते हुए बताया कि उसकी मां सावित्री देवी दो जुलाई को भोले बाबा के सत्संग में शामिल होने के लिए गई थी। दोपहर के बाद जानकारी मिली कि वहां भगदड़ मच गई है। बहुत से लोगों की मौत भी हो गई है। हम लोग मां को ढूंढने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। वहां मां नहीं मिली तो हाथरस पहुंचे। वहां भी कोई पता नहीं चल सका तो अलीगढ़ तक गए, लेकिन मां का पता नहीं चल सका।

कुछ लोगों ने बताया कि सबसे पहले घायलों व मृतकों को एटा मेडिकल कॉलेज भेजा गया था। तब हम लोग यहां पहुंचे हैं, लेकिन यहां भी कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। समझ नहीं आ रहा कि मां आखिर कहां है और उनके साथ क्या हुआ है।

# एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने टीएमयू के गेट पर किया प्रदर्शन

संवाददाता, पाकबड़ा ( मुरादाबाद)

• यूनिवर्सिटी का गेट तोड़ने की कोशिश] कार्यकर्ताओं की पुलिस से नोकझोंक

**अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय में विगत कई वर्षों और एक माह में तीन संदिग्ध हालात में आत्महत्याएं करने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से विश्वविद्यालय के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देख एडीएम सिटी, एसपी देहात समेत भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने वाइस चांसलर के आने के बाद उन्हें ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने 24 घंटे के अंदर कॉलेज प्रबंधन की टीम भंग कर दोबारा बनाने की मांग की। साथ ही राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली को संबोधित ज्ञापन में सीबीआई जांच की मांग की।

शुक्रवार को बड़ी संख्या में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी पहुंचे। यहां उन्होंने गेट पर धरना-प्रदर्शन करते हुए जमकर हंगामा किया। इस दौरान सभी विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता गेट तोड़ने के लिए गेट पर चढ़ गए। सभी ने गेट तोड़ने की भरपूर कोशिश की। पुलिस के काफी मनाने के बाद सभी गेट से नीचे उतरे।

यह हंगामा बढ़ते देख एसपी देहात संदीप कुमार मीणा, एडीएम सिटी ज्योति सिंह, एसडीएम सदर विनय पांडे, एएसपी अमरिंदर सिंह, सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर, थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह और मझोला थाना प्रभारी कमलकांत वर्मा समेत बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। सभी ने जमकर टीएमयू मुर्दाबाद, सुरेश जैन मुर्दाबाद, मनीष जैन मुर्दाबाद, टीएमयू शेम शेम के नारे लगाए। टीएमयू की फुल फॉर्म में तेरी मौत की यूनिवर्सिटी के बैनर भी लहराए।

## 12 वर्षीय बच्ची से नौकर ने किया दुष्कर्म का प्रयास

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ही रहने वाला व्यक्ति मंगलवार को नई चप्पल दिलाने के लिए किशोरी को साथ लेकर नवीन नगर स्थित फुटवीयर की दुकान पर गए थे। जहां पर एक नौकर भी काम करता था। नौकर गोदाम में चप्पल दिखाने के बहाने किशोरी को ले गया। दुकान से थोड़ी दूरी पर ही गोदाम है। उसके बाद वह किशोरी के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। रोती-बिलखती किशोरी दुकान पर बैठे पिता के पास पहुंची। इसके बाद विवाद बढ़ गया। किशोरी के साथ ओछी हरकत से नाराज पिता ने नौकर की जमकर पिटाई कर दी।

## मामूली विवाद में युवक का प्राइवेट पार्ट काट लिया

**हसनपुर(अमरोहा), अमृत विचार :** नगर में युवक के साथ शर्मनाक करतूत किए जाने का मामला सामने आया है। यहां कुछ लोगों ने मामूली बात को लेकर हुए विवाद में युवक का प्राइवेट पार्ट काट दिया। घायल को परिजनों के ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। नगर के एक मोहल्ला निवासी युवक मजदूरी कर परिवार का पोषण करता है। परिवार के लोगों के मुताबिक उनकी कुछ लोगों से पुरानी रंजिश चली आ रही है। बुधवार दोपहर को कुछ लोगों ने उनके घर पर धावा बोलकर मारपीट भी की । गुरुवार रात को पीड़ित मजदूरी कर घर को लौट रहा था। तभी आरोपियों ने उसे रास्ते में पकड़ लिया तथा सरियों से उसकी पिटाई की और धारदार हथियार से उसका प्राइवेट पार्ट काट दिया।

# बिजनौर बैराज से गंगा में छोड़ा 18 हजार क्यूसेक पानी, 10 सेमी जलस्तर बढ़ा

संवाददाता,गजरौला

• गंगा किनारे गांवों की आबादी को बाढ़ की चिंता सताने लगी है

**अमृत विचार :** बिजनौर बैराज से गंगा में 18 हजार क्यूसेक पानी और छोड़ा गया है। जिससे गंगा का जलस्तर 10 सेमी बढ़ गया है। नदी अब उफान पर है। पानी की तेज धार खेतों की ओर कटान कर रही है। अब किसानों को फसलों की चिंता सता रही है।

बिजनौर बैराज से रोजाना पानी गंगा में छोड़ा जा रहा है। इसका असर तिगरी गंगा व रामगंगा पोषक नहर पर पड़ रहा है। गुरुवार को बैराज से 18167 क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया। वहीं इसके पहले गुरुवार को जलस्तर 199 मीटर में दर्ज किया गया था, जो शुक्रवार को पानी छोड़े जाने के बाद बढ़कर 199.10 मीटर हो गया है।

गंगा के साथ ही क्षेत्र से होकर बहने वाली रामगंगा पोषक नहर का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। जिससे खादर क्षेत्र में गंगा किनारे गांवों की आबादी को बाढ़ की चिंता सताने लगी है।

क्षेत्र में बाढ़ राहत चौकियों को भी सतर्क किया गया है। जेई बाढ़ खंड सुभाष कुमार के मुताबिक पहाड़ों पर बारिश रुकने के बाद ही जलस्तर में कमी आएगी।

लोगों का कहना है कि बारिश भले ही राहत लाती हो लेकिन ज्यादा आने पर ये बाढ़ के रूप में तबाही भी खूब मचाती है।


## आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अभियुक्ता राजकुमारी पत्नी विनोद नि. समरेर थाना दातागंज जनपद बदायूँ जो थाना उझानी के मु.अ.स. 502/22 धारा 498ए/304बी भादवि. व 3/4 दहेज अधि. में वांछित अभियुक्ता है। जिसके विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा 82 सीआरपीसी वारन्ट (कुर्की उद्घोषणा) दिनांक 05.02.2024 को जारी किया गया है। अभियुक्ता के द्वारा माननीय न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। अपनी गिरफ्तारी से बचने हेतु अभी तक फरार है। उक्त अभियुक्ता के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई सूचना मिलती है तो निम्न नम्बरों पर सूचित करने का कष्ट करें। जिसकी गोपनीयता रखी जायेगी।

श्री शक्ति सिंह
क्षेत्राधिकारी उझानी (विवेचक)
मो.नं. 9454401317

श्री मनोज कुमार सिंह
प्रभारी निरीक्षक उझानी
मो. नं. 9454402949

## कार्यालय ग्राम पंचायत ढकिया ढाकुरान, वि.ख. शेरगढ़, जनपद बरेली

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड शेरगढ़, जिला बरेली वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ढकिया ठाकुरान में निम्न कार्यों को कराये जाने हेतु कार्यस्थल पर निम्न सामग्री सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी, ईंट की रोड़ी, ईंट, अव्वल ईंट, खडंजा, सरिया, इण्टरलॉक टाइल्स आदि की आवश्यकता है। सामग्री की कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु सम्बन्धित ग्राम पंचायत के कार्यालय पर निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्राप्त की जा सकती है। आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 06.07.2024 से दिनांक 8.7.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 8.7. 2024 को 2 बजे खोला जाएगा। टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। कार्य निम्नवत् हैं :-
1. राम सिंह के घर से ब्रह्मस्वरूप के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य / 90×3.5 मी. अनुमानित लागत 2,30,000/-, 2. मनकरा दीवान जी के घर से स्कूल तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। 115×3.5 मी. अनुमानित लागत 3,65,000/- 3. पंचायत घर से देशपाल सिंह के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। 187×4.5 मी. अनुमानित लागत 80,00,000/-

ग्राम प्रधान-देवेन्द्र सिंह सचिव-नन्हे खां

## कार्यालय ग्राम पंचायत सहतेपुर, वि.ख. निगोही, जनपद शाहजहाँपुर

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड निगोही, शाहजहाँपुर वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सहतेपुर में निम्न कार्यों को कराये जाने हेतु कार्यस्थल पर निम्न सामग्री सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी, ईंट की रोड़ी, ईंट, अव्वल ईंट, खडंजा, सरिया, इण्टरलॉक टाइल्स आदि की आवश्यकता है। सामग्री की कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु सम्बन्धित ग्राम पंचायत के कार्यालय पर निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्राप्त की जा सकती है। मोहरबन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर रखे टेन्डर बॉक्स में इस निविदा के प्रकाशन के बाद दिनांक 08.07.2024 तक डाली जा सकती है जो उसी दिन 3:00 बजे सम्बन्धित प्रधान/सचिव द्वारा अधिकृत फर्मों/विकेताओं के प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री की अनु. लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम रोहिला में डामर रोड से अंकुश के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य। | 3.99 लाख |
| 2. | ग्राम सहतेपुर में बेचे लाल के घर से तालाब मन्दिर तक पक्की नाली निर्माण कार्य। | 3.97 लाख |
| 3. | ग्राम सहतेपुर में डामर रोड से गयादीन के घर तक नाली व इण्टरलॉकिंग कार्य। | 3.59 लाख |

पवन कुमार
ग्राम प्रधान

संजीव कुमार सिन्हा
सचिव

## कार्यालय नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : 235/न.पं. शेरगढ़/अल्प.नि.सू./वर्ष 2024-25 दिनांक : 04.07.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली) को वर्ष 2023-24 में राज्य सेक्टर के ''पेयजल हेतु व्यवस्था योजना'' के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि से कराये जाने वाले निम्न कार्यों हेतु दिनाँक 26.07.2024 को समय 2:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अध्यक्ष महोदय द्वारा खोली जायेंगी, 5 लाख से अधिक धनराशि की निविदायें दिनांक 27.07.2024 को समय अपरान्ह 11:30 बजे जिला कार्यालय पर अपर जिलाधिकारी (प्र.) महोदय बरेली के द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी, अधिकारी के बाहर होने/अवकाश होने की दशा में अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 23.07.2024 को समय प्रात: 10:00 बजे से अपरान्ह 5:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत शेरगढ (बरेली) से नकद मूल्य देकर क्रय किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ 2 प्रतिशत अग्रिम धनराशि नकद/एफ.डी.आर. मे जमा करनी होगी, एवं एक सौ रुपये के स्टाम्प पेपर पर स्वयं का घोषणा पत्र जो फोटो सहित नोटरी से सत्यापित कराकर संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा। अन्य शर्तें कार्यालय दिवस मे कार्यालय समय में देखी व पढ़ी जा सकती हैं।

| क्र. सं. | कार्य विवरण | आगणन धनराशि | 02% राशि | निविदा मूल्य GST सहित | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड सं. 3 में अर्जुन के मकान से रामकुमार के मकान तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 199844.00 | 4000 | 250 | 1 माह |
| 2 | वार्ड सं. 3 में जानकी के मकान से देवानन्द के मकान तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 306112.00 | 6125 | 380 | 1 माह |
| 3 | वार्ड सं. 6 में जरीफ के मकान से मुन्ने के मकान तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 423086.00 | 8050 | 540 | 1 माह |
| 4 | वार्ड सं. 6 में मुन्ने शाह के मकान से वाहिद के मकान तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 736431.00 | 8730 | 885 | 1 माह |
| 5 | वार्ड सं. 6 में बाबू के मकान से मुन्ने मेहन्दी भिस्ती के मकान तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 491348.00 | 9830 | 590 | 1 माह |
| 6 | वार्ड सं. 4 में ताहिर के मकान से मुस्तफा के मकान तक व लिंक गली पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 202360.00 | 4050 | 265 | 1 माह |
| 7 | वार्ड सं. 3 में अशोक के मकान से करन सिंह के मकान तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 311658.00 | 6235 | 385 | 1 माह |
| 8 | वार्ड सं. 3 में वरीपुरा रोड से इन्तयाज के मकान तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 222639.00 | 4460 | 270 | 1 माह |
| 9 | वार्ड सं. 3 में बडी के मकान से परमानन्द के मकान तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 132218.00 | 2650 | 180 | 1 माह |
| 10 | वार्ड सं. 3 में इरशाद के मकान से रसूल के मकान तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 170846.00 | 3420 | 225 | 1 माह |
| 11 | वार्ड सं. 3 में हसीम अन्सारी के मकान से हनीफ के मकान तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 176012.00 | 3520 | 235 | 1 माह |
| 12 | वार्ड सं. 3 में शमशुल कमर के मकान से पी.डब्लू.डी. रोड तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 423088.00 | 8475 | 535 | 1 माह |
| 13 | वार्ड सं. 3 में गुड्डू के मकान से मुनायत के मकान तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 142748.00 | 2860 | 200 | 1 माह |
| 14 | वार्ड सं. 6 में करार के मकान से ब्लाक तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 900289.00 | 18010 | 1125 | 1 माह |
| 15 | वार्ड सं. 6 में आरिफ कुरैशी के मकान से इरफान खां तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 915535.00 | 18315 | 1150 | 1 माह |
| 16 | वार्ड सं. 3 में जाहिद के मकान से रमेश तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 435523.00 | 8710 | 535 | 1 माह |
| 17 | वार्ड सं. 3 में लल्ला खां के मकान से फैय्याज तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 439620.00 | 8795 | 540 | 1 माह |
| 18 | वार्ड सं. 9 में अजगर अली के मकान से आरिफ के मकान तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 92999.00 | 1860 | 118 | 1 माह |
| 19 | वार्ड सं. 11 में सुखलाल मौर्य के मकान से मेन रोड तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 227820.00 | 4560 | 295 | 1 माह |
| 20 | वार्ड सं. 4 में मतलूव के मकान से कमर हसन के मकान तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 644811.00 | 12900 | 835 | 1 माह |
| 21 | वार्ड सं. 4 में रियाज के मकान से मुर्तजा के मकान तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 772461.00 | 15450 | 945 | 1 माह |
| 22 | वार्ड सं. 3 में प्रेमपाल के खेत में मिनी टियूवबैल अधिष्ठापन का कार्य। | 558022.00 | 11160 | 1035 | 1 माह |
| 23 | वार्ड सं. 3 में सुम्मेरी के खेत में मिनी टियूवबैल अधिष्ठापन का कार्य। | 558022.00 | 11160 | 1035 | 1 माह |
| 24 | वार्ड सं. 11 में नोनीराम के खेत में मिनी टियूवबैल अधिष्ठापन का कार्य। | 558022.00 | 11160 | 1035 | 1 माह |
| 25 | वार्ड सं. 11 में मुन्ना लाल के खेत में मिनी टियूवबैल अधिष्ठापन का कार्य। | 558022.00 | 11160 | 1035 | 1 माह |

शर्तें :-
- निर्माण कार्यों मे गुणवत्ता खराब होने अद्योमापक होने पर, ठेकेदार की लापरवाही एवं तकनीकि खराबी के कारण कार्य की गुणवत्ता में कमी आने पर ठेकेदार का भुगतान काटा, रोका एवं जब्त किया जा सकता है।
- आयकर/श्रमिक कर/जी.एस.टी. आदि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
- निविदा की दरें साफ-साफ शब्दों व अंको में लिखना होगा अपूर्ण व कटिंग की हुई निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
- सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी।

वीरेन्द्र प्रताप सिंह
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली)

बुद्धसेन मौर्य
अध्यक्ष
नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली)

# श्री जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की निगरानी के लिए नई समिति गठित

भुवनेश्वर, एजेंसी

- ओडिशा सरकार ने हाईकोर्ट के के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति का किया गठन



ओडिशा सरकार ने श्री जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार में संग्रहीत बहुमूल्य वस्तुओं के भंडार की प्रक्रिया की निगरानी करने के लिए उड़ीसा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ की अध्यक्षता में एक नई समिति का गठन किया है।

ओडिशा सरकार के विधि विभाग द्वारा गुरुवार रात जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि श्री जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार, आभूषणों और अन्य कीमती वस्तुओं को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया की निगरानी के लिए पिछले दो मार्च को गठित उच्च स्तरीय समिति को भंग कर दिया गया है। बीजू जनता दल के नेतृत्व वाली नवीन पटनायक सरकार ने श्री जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की सूची पर ध्यान रखने के लिए उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अरिजीत पसायत की अध्यक्षता में 12 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति गठित की थी। न्यायमूर्ति पसायत इस मुद्दे पर चर्चा करने हेतु समिति की बैठक बुलाने के लिए बुधवार को ओडिशा पहुंचे थे, तभी सरकार ने देर रात अपने आदेश में समिति को भंग कर दिया। न्यायमूर्ति पसायत समिति ने वार्षिक रथ यात्रा के दौरान मुख्य मंदिर के भीतर रत्न भंडार को खोलने का फैसला किया था। न्यायमूर्ति पसायत ने 1978 के रिकॉर्ड का भी अध्ययन किया था जब भीतर रत्न भंडार को सूची बनाने के लिए खोला गया था। विधि विभाग की अधिसूचना के अनुसार 16 सदस्यीय नई समिति की अध्यक्षता उड़ीसा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ करेंगे। समिति के अन्य सदस्यों में प्रसिद्ध डॉक्टर सीबीके मोहंती, ओडिशा के पूर्व डीजीपी प्रकाश मिश्रा, सेवानिवृत्त आईएएस जगदीश मोहंती, पद्म श्री सुदर्शन पटनायक, श्री गजपति महाराज के प्रतिनिधि, एएसआई के प्रतिनिधि, श्री जगन्नाथ मंदिर के मुख्य प्रशासक और पुरी कलेक्टर, तीन जगन्नाथ मंदिर के सेवक और स्वाई प्रज्ञानंद शामिल हैं। श्री जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार में बहुमूल्य रत्न और अन्य वस्तुओं की सूची बनाने में जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति की निगरानी के लिए नई समिति का गठन किया गया है।

### नई समिति आज रत्न भंडार को खोलने की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा के लिए करेगी बैठक

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि नई समिति शनिवार को पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन कार्यालय में बैठक करेगी जिसमें 12वीं सदी के इस मंदिर के रत्न भंडार को खोलने की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी। भारतीय जनता पार्टी ने 2024 के चुनाव अभियान के दौरान वादा किया था कि अगर ओडिशा में उनकी पार्टी सत्ता में आयी तो वह मंदिर के भीतर रत्न भंडार में संग्रहीत आभूषणों की सूची बनाने के लिए श्री जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार को खोलेगी, जिसे 1978 से नहीं खोला गया है। नई समिति शनिवार को अपनी बैठक में रत्न भंडार को खोलने की तारीख को अंतिम रूप दे सकती है, जो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा हाल ही में किए गए लेजर अध्ययन के अनुसार बहुत खराब स्थिति में है।



राजस्थान के बीकानेर शहर में शुक्रवार को हुई भीषण बारिश के बाद जलजमाव वाली सड़क के बीच से गुजरते यात्री। ● एजेंसी

## एक नजर

### राहुल गांधी आज करेंगे गुजरात का दौरा

**अहमदाबाद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी शनिवार को गुजरात के अहमदाबाद शहर का दौरा करेंगे, जहां वह पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। पार्टी के एक नेता ने यह जानकारी दी। गांधी राजकोट के गेम जोन' में आग, वडोदरा में नाव पलटने की घटना और मोरबी पुल ढहने की घटना समेत हालिया समय में गुजरात में हुई विभिन्न त्रासदियों में जान गंवाने वालों के परिवार के सदस्यों से भी मिलेंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की हिंदुओं के बारे में टिप्पणी को लेकर गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जीपीसीसी) कार्यालय के बाहर भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प के कुछ दिनों बाद वह गुजरात का दौरा करने वाले हैं। झड़प के संबंध में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

### ओएमआर शीट पुनः प्राप्त करने का निर्देश

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को शुक्रवार को निर्देश दिया कि वह उन मूल या नष्ट हो चुके सर्वर या डिस्क का पता लगाए और उन्हें पुन: प्राप्त करे, जिसमें 2014 के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की स्कैन की गई ओएमआर शीट रखी गई थीं। अदालत ने सीबीआई को यह भी निर्देश दिया कि वह एनआईसी, विप्रो, टीसीएस, इन्फोसिस आदि जैसे विशेषज्ञ सार्वजनिक या निजी संगठनों से सहायता प्राप्त करे, ताकि यह पता लगाया जा सके कि मेसर्स एस बसु रॉय एंड कंपनी और पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीबीपीई) से संबंधित मौजूदा सर्वर, हार्ड डिस्क और कंप्यूटर में टीईटी 2014 की स्कैन की गई मूल ओएमआर शीट के कोई डिजिटल साक्ष्य हैं या नहीं। मेसर्स एस बसु रॉय एंड कंपनी को टीईटी परीक्षा प्रक्रिया के लिए कुछ काम कथित तौर पर सौंपा गया था।

### पुलिसकर्मी को 18 वर्ष बाद मिली जमानत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय ने 18 वर्ष पहले एक निर्दोष व्यक्ति की हत्या कर उसे आतंकवादी करार देने के आरोप में गिरफ्तार किए गए पुलिसकर्मी को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन ने 3 जुलाई को दिए अपने आदेश में कहा, मामले की सुनवाई काफी समय से लंबित रहना अनुच्छेद 21 के उल्लंघन का स्पष्ट मामला है। मामले की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। जम्मू के कोट भलवाल स्थित केंद्रीय कारागार में बंद बंसी लाल (56) ने अपने वकील के माध्यम से जमानत अर्जी दाखिल की, जिसमें उन्होंने दलील दी की वह लगभग 18 वर्षों से न्यायिक हिरासत में है। वकील ने अदालत को बताया कि इस मामले में उन्हें कभी राहत नहीं प्रदान की गई, सिवाय कुछ महीनों के जब वे अंतरिम जमानत पर बाहर थे।

### हवाई अड्डे पर 1,400 ग्राम सोना बरामद

**कोच्चि।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने केरल के कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। डीआरआई के अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी शुक्रवार को ने बताया कि हवाई अड्डे पर मौजूद कर्मचारी लिनिन बोनी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके पास से करीब पेस्ट के तौर पर 1,400 ग्राम सोना बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि यह सोना चार जुलाई को एयर अरेबिया के विमान से अबुधाबी से कोच्चि पहुंचे बालू नामक यात्री ने आव्रजन क्षेत्र के एक शौचालय में कर्मचारियों को सौंपा था।

# प्लास्टिक के फूलों के इस्तेमाल, बिक्री पर प्रतिबंध लगाने में कोई बाधा नहीं

## बंबई उच्च न्यायालय ने केंद्र और महाराष्ट्र सरकार से मांगा जवाब

मुंबई, एजेंसी



बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक उत्पादों पर प्रतिबंध है तो ऐसे प्लास्टिक के फूलों के इस्तेमाल, ब्रिक्री पर पाबंदी लगाने में कोई बाधा नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की पीठ ने सजावट के लिए कृत्रिम फूलों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने के अनुरोध वाली याचिका पर केंद्र और महाराष्ट्र सरकार से जवाब मांगा है।

अदालत ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी नोटिस जारी किया है। ग्रोवर्स फ्लावर्स काउंसिल ऑफ इंडिया (जीएफसीआई) द्वारा दायर याचिका में दावा किया गया है कि सजावट के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले प्लास्टिक के फूलों की अधिकतम मोटाई आमतौर पर 30 माइक्रोन होती है। अदालत ने कहा, इस चिंता को जल्द से जल्द दूर करने की जरूरत है, क्योंकि अगर 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाली अन्य वस्तुओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, तो प्लास्टिक के फूलों पर भी प्रतिबंध लगाने में कोई बाधा नहीं दिखती है। पीठ ने आदेश में कहा-याचिका में उठाए गए मुद्दों के महत्व और 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक के फूलों के पारिस्थितिकी तंत्र और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए हम सभी संबंधित पक्षों से अपेक्षा करते हैं कि वे इस मामले को गंभीरता से लेंगे। पीठ ने सभी प्रतिवादियों को चार सप्ताह के भीतर अपने हलफनामे दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि वह अगस्त में मामले की सुनवाई करेगी। अधिकारियों से गंभीर कदम उठाने का आग्रह करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा, लखनऊ में एक बाल गृह है, जहां बेसहारा बच्चे रहते हैं, जिनमें से कई सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित हैं। जब मैंने वहां टीम से बातचीत की, तो मुझे बताया गया कि वहां ऐसे बच्चे हैं जो खाने योग्य और न खाने योग्य चीजों में अंतर नहीं कर पाते हैं। इस वजह से कई बार उनके मलमूत्र में प्लास्टिक सामग्री पाई जाती थी। इसलिए हमें बहुत गंभीर होना होगा।

## तमिलनाडु में वकीलों ने तीन आपराधिक कानूनों के खिलाफ किया प्रदर्शन

**चेन्नई।** तमिलनाडु में चेन्नई समेत अन्य शहरों में बड़ी संख्या में वकीलों ने देशभर में लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों के संस्कृतनिष्ठ हिंदी नामों के खिलाफ शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया और इन्हें तत्काल वापस लेने की मांग की। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) अधिवक्ता प्रकोष्ठ ने सचिव आई एस इंबादुरई के नेतृत्व में तीन नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के खिलाफ मद्रास उच्च न्यायालय के सामने प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक इंबादुरई ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि इन कानूनों को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए क्योंकि ये भ्रम पैदा करेंगे। द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अधिवक्ता प्रकोष्ठ के सचिव एन आर एलंगो ने यहां इसी तरह के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। एलंगो ने आरोप लगाया कि ये तीनों आपराधिक कानून ''लोकतंत्र और संविधान विरोधी हैं क्योंकि इनका नाम हिंदी में है जो अनुच्छेद 348 के अनुसार नहीं किया जा सकता है।

# मदरसों में दीनी-दुनियावी तालीम एक साथ संभव नहीं: अरशद मदनी

संवाददाता, नई दिल्ली



- जमीअत उलमा हिंद ने सरकार की अनिवार्य शिक्षा पालिसी पर उठाए सवाल
- बोले-मुसलमान अपने बच्चों को चाहे जहां पढ़ाएं पर दीनी तालीम जरूर दिलाएं

**अमृत विचार:** जमीअत उलमा हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने सरकार की शिक्षा पालिसी पर सवाल उठाते हुए कहा है कि हम सरकार की शिक्षा नीति के विरोधी नहीं हैं लेकिन मदरसों में दी जाने वाली तालीम और स्कूलों में दी जाने वाली दुनियावी तालीम दोनों एक साथ नहीं चल सकती हैं।

शुक्रवार को जमीअत उलमा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि सरकार ने सभी बच्चों के लिए 10 वीं और 12वीं तक की शिक्षा अनिवार्य कर दिया है। ऐसा लगा कि सरकार की पालिसी है कि हर बच्चे के लिए 10 वीं या 12 वीं तक की शिक्षा अनिवार्य है। मदरसों का जो पाठ्यक्रम है, वह दुनियावी तालीम से बहुत अलग है। कुरआन हिफ्ज (याद करना) के लिए आठ साल का वक्त चाहिए होता है, ऐसे में कोई हिफ्ज कैसे कर सकता है यानी दोनों तालीम दुनियावी और दीनी तालीम एक साथ नहीं चल सकतीं। मौलाना ने कहा कि सवाल ये है कि दुनियावी तालीम के साथ बच्चे दीनी तालीम कैसे ले पायेंगे। दोनों तालीम एक साथ नहीं चल सकती हैं। हो सकता है कि कोई बच्चा ऐसा हुनर रखता हो, ये अलग बात है।

मौलाना ने कहा कि दारुल उलूम देवबंद में उलमा ने बैठकर इस पर काफी विचार किया कि दोनों तालीम कैसे चल सकती हैं। बच्चे को कम से कम नाजरा और कुरआन में तीन साल लग जाते हैं। बच्चा पहले तीन साल फारसी की तालीम लेता है, उसके बाद अरबी तालीम पर आता है। अगर तीन साल में बच्चा पढ़ाई में कमजोर रह गया तो कोई भी बच्चा दीनी तालीम मुकम्मल नहीं कर सकता।

मौलाना ने कहा कि मुसलमान अपने बच्चों को किसी भी स्कूल में पढाएं लेकिन हर रोज एक घंटा दो घंटा अपने बच्चों को दीनी तालीम जरूर दिलायें। हमें दुनियावी तालीम भी लेना चाहिए क्योंकि हमको अगर आलिम की जरूरत है तो वकील की भी जरूरत है। अगर हाफिज की जरूरत है तो बेहतरीन प्रोफेसर की भी जरूरत है। पहले उनको मुसलमान रहना चाहिए, इस्लामी जानकारी होना बहुत जरूरी है। किसी को कलमा नहीं याद है तो इसका मतलब है कि ये आदमी बर्बाद हो गया क्योंकि बगैर इस कलमे के उसका ईमान पर खात्मा नहीं होगा। यही वजह है कि जमीअत उलमा हिंद जहां पहुंची, वहां मदरसा खोल दिया ताकि दीनी तालीम से कोई महरूम न रह जाए।

# कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करने पर कांग्रेस नेताओं को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- आपत्तिजनक पोस्ट हटाने को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय ने जारी किया नोटिस




दिल्ली उच्च न्यायालय ने वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा की याचिका पर शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं जयराम रमेश, पवन खेड़ा और रागिनी नायक को नोटिस जारी किया।

शर्मा ने अपनी याचिका में दावा किया है कि कांग्रेस नेताओं ने जानबूझकर उनके खिलाफ कथित आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट हटाने के आदेश का पालन नहीं किया है। न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा ने शर्मा द्वारा अपने लंबित मुकदमे में दायर याचिका पर सोशल मीडिया मंच एक्स कॉर्प को भी नोटिस जारी किया। उच्च न्यायालय ने प्रतिवादियों को नोटिस दिए जाने के दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा और मामले को संयुक्त रजिस्ट्रार के समक्ष 22 अगस्त के लिए सूचीबद्ध किया। उच्च न्यायालय ने 14 जून को एक अंतरिम आदेश में तीनों कांग्रेस नेताओं को सोशल मीडिया पोस्ट हटाने का निर्देश दिया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि पत्रकार शर्मा ने लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा के दिन अपने शो में अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। अदालत ने कहा था कि अगर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर वीडियो और पोस्ट को नहीं हटाया गया तो वादी की प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंचेगी। शर्मा के वकील ने शुक्रवार को दलील दी कि तीनों कांग्रेस नेताओं ने आज तक उच्च न्यायालय के 14 जून के आदेश का पालन नहीं किया है और पोस्ट अब भी मौजूद हैं। एक्स के वकील ने कहा कि सोशल मीडिया मंच ने तीन जुलाई की देर शाम को आदेश का पालन किया वहीं पत्रकार के वकील ने दलील दी कि आदेश का पालन आंशिक है क्योंकि पोस्ट भारत में हटा दिए गए हैं लेकिन अन्य जगहों पर देखे जा सकते हैं। शर्मा के वकील ने कहा कि सोशल मीडिया मंच द्वारा आंशिक अनुपालन एक समन्वय पीठ के फैसले के पूरी तरह से खिलाफ है और ये पोस्ट कांग्रेस नेताओं द्वारा भारत के भीतर आईपी पते से अपलोड किए गए थे, इसलिए उन्हें वैश्विक स्तर पर हटाया जाना चाहिए था।

## रेणुकास्वामी हत्याकांड फिल्म निर्देशक मिलाना प्रकाश से पूछताछ

**बेंगलुरू।** रेणुकास्वामी हत्या मामले में पुलिस ने शुक्रवार को कन्नड़ फिल्म निर्देशक मिलाना प्रकाश से पूछताछ की। इस मामले में अभिनेता दर्शन थुगुदीप, उनकी सह-कलाकार पवित्रा गौड़ा और 15 अन्य न्यायिक हिरासत में हैं। रेणुकास्वामी की हत्या के तुरंत बाद दर्शन डेविल नामक कन्नड़ फिल्म की शूटिंग के लिए चले गए थे। पुलिस ने बसवेश्वर पुलिस थाने में प्रकाश और बेंगलुरु के पूर्व उप महापौर मोहन राज का बयान दर्ज किया। इस बीच दर्शन की पत्नी विजयलक्ष्मी दर्शन ने पुलिस आयुक्त बी दयानंद को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि वह रिकॉर्ड में इस तथ्य को ठीक करें कि अभिनेता की पत्नी वह हैं, न कि पवित्रा गौड़ा।

# वीजा गिरोह मामले में नौसेना के गिरफ्तार दो अधिकारी थे सरगना

मुंबई, एजेंसी

- मुंबई पुलिस ने हिरासत अवधि बढ़ाने का अनुरोध कर किया दावा
- अदालत ने पुलिस हिरासत 9 जुलाई तक के लिए बढ़ाई

वीजा गिरोह मामले में गिरफ्तार नौसेना के दो अधिकारी अपराध के सरगना थे। पुलिस ने शुक्रवार को अदालत में उनकी हिरासत अवधि बढ़ाने का अनुरोध करते हुए यह दावा किया। मजिस्ट्रेट अदालत ने दलीलें सुनने के बाद लेफ्टिनेंट कमांडर विपिन डागर और उप लेफ्टिनेंट ब्रह्म ज्योति की पुलिस हिरासत 9 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी।

मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने दावा किया कि वे कथित तौर पर उस 'सिंडिकेट' का हिस्सा थे जिसने दक्षिण कोरिया में गैर कानूनी तरीके से काम करना चाह रहे भारतीयों की वीजा प्राप्त करने में मदद की। नौसेना के दो अधिकारियों के अलावा सिमरन तेजी, रवि कुमार और दीपक मेहरा उर्फ डोगरा को मामले में आरोपी बनाया गया है और उन्हें पकड़ लिया गया है। पांचों आरोपियों की पूर्व की हिरासत अवधि समाप्त होने पर उन्हें अतिरिक्त मुख्य महानगर दंडाधिकारी (एडिशनल चीफ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट) विनोद पाटिल की अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने आरोपियों की पुलिस हिरासत बढ़ाने का अनुरोध करते हुए अदालत से कहा कि नौसेना के दोनों अधिकारी गिरोह के सरगना थे। पुलिस ने बताया कि डागर और ज्योति ने विशाखापत्तनम में मुहर बनाने की मशीन तब खरीदी जब वे वहां पर पदस्थ थे और इसका इस्तेमाल वे वीजा आवेदन के लिए आवश्यक फर्जी दस्तावेज बनाने के लिए करते थे। आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ाने के लिए दाखिल अर्जी में दावा किया गया कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों की मदद से कई लोगों को दक्षिण कोरिया के अलावा भी कई अन्य देशों में भेजा और यह उनके खाते में आए पैसों से भी स्पष्ट होता है।

## अमूल आइसक्रीम के डिब्बे में कनखजूरा निकलने संबंधी पोस्ट हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने नोएडा की एक महिला को अमूल की आइसक्रीम के डिब्बे में कनखजूरा मिलने के आरोप वाला अपना पोस्ट हटाने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा ने अमूल ब्रांड के तहत उत्पादों का विपणन करने वाले गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ की ओर से दायर वाद पर सुनवाई करते हुए ग्राहक पर अगले आदेश तक सोशल मीडिया मंच पर इस तरह की सामग्री पोस्ट करने और अपलोड करने पर रोक लगाई है। दरअसल सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 15 जून को दीपा देवी ने एक तस्वीर साझा की थी जिसमें कथित तौर पर अमूल की आइसक्रीम के डिब्बे के अंदर एक कनखजूरा दिखाई दे रहा है।

## सीजेआई ने मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत में भाग लेने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को नागरिकों से आग्रह किया कि वे उच्चतम न्यायालय में लंबित अपने विवादों को सौहार्दपूर्ण और शीघ्रता से हल करने के लिए 29 जुलाई से तीन अगस्त तक आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत में भाग लें। शीर्ष अदालत में लंबित मामलों की संख्या कम करने के लिए उच्चतम न्यायालय की स्थापना के 75वें वर्ष में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए एक वीडियो संदेश में, प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा-29 जुलाई से तीन अगस्त 2024 तक, उच्चतम न्यायालय एक विशेष लोक अदालत का आयोजन कर रहा है। यह गतिविधियों की एक श्रृंखला का हिस्सा है, जिसे उच्चतम न्यायालय अपनी स्थापना के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कर रहा है।

# दिन-दहाड़े शिवसेना के एक नेता पर तलवारों से हमला

लुधियाना, एजेंसी

- लुधियाना में 4 अज्ञात हमलावरों ने की वारदात, हालत गंभीर

पंजाब के लुधियाना में शुक्रवार को दिन-दहाड़े चार अज्ञात हमलावरों ने शिवसेना (पंजाब) के एक नेता पर तलवारों से हमला कर दिया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि हमले में नेता गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि संदीप थापर (58) पर हमला उस समय किया गया, जब वह संवेदना ट्रस्ट के संस्थापक-अध्यक्ष रविंदर अरोड़ा की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित समारोह में शामिल होने के बाद सिविल अस्पताल के निकट स्थित ट्रस्ट के कार्यालय से बाहर निकल रहे थे। संवेदना ट्रस्ट मरीजों को निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा और शव वाहन उपलब्ध कराता है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कथित वीडियो में निहंग की वेशभूषा में आए हमलावरों ने थापर पर उस समय हमला किया जब वह स्कूटर पर थे और उनके पीछे उनका सुरक्षाकर्मी बैठा हुआ था। वीडियो में थापर हमलावरों से हाथ जोड़कर बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं कि अचानक उनमें से एक व्यक्ति उन पर तलवार से हमला कर देता है। घटना के वक्त राहगीरों को मौके पर खड़े हुए देखा जा सकता है।

रिश्वत मामला | जम्मू कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने जमानत देने से इनकार करते हुए की टिप्पणी

# बिना पूर्व सोच के भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी करना असंभव

जम्मू, एजेंसी



जम्मू कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने रामबन जिले में रिश्वत लेते हुए हाल में गिरफ्तार एक सरकारी अधिकारी को जमानत देने से इनकार करते हुए टिप्पणी की कि बिना गंभीर पूर्व विचार के धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार या अन्य सफेदपोश अपराध असंभव हैं।

बनिहाल तहसीलदार कार्यालय में कानूनगो (राजस्व अधिकारी) के पद पर तैनात मोहम्मद इशाक भट को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 27 मई को भूमि विवाद को सुलझाने के लिए 18 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। भट की पत्नी ताहिरा बेगम ने पति को न्यायिक हिरासत से रिहा कराने के लिए जमानत अर्जी दी थी। भट इस समय जम्मू के अमफल्ला जिला कारागार में बंद है। भट की जमानत अर्जी पर तीन जुलाई को सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन ने सीबीआई की वकील मोनिका कोहली से सहमति जताते हुए कहा, इस अदालत की राय इससे अलग है कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपराध को भी उन्हीं मानदंडों के आधार पर निपटाया जा सकता है जो मानव शरीर के विरुद्ध अपराधों या अन्य प्रकार के अपराधों पर लागू होते हैं।

न्यायधीश ने कहा, यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि मानव शरीर के विरुद्ध अपराध आवेश में किया गया अपराध हो सकता है, जिसके परिणामस्वरूप कभी-कभी एक व्यक्ति बिना किसी पूर्व-योजना और बिना किसी तैयारी के, क्रोध में आकर दूसरे व्यक्ति की जान ले सकता है। हालांकि, धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार और अन्य सफेदपोश अपराधों को गंभीर पूर्व सोच के बिना अंजाम देना असंभव है। उन्होंने कहा कि पीड़ित से आरोपी तक धनराशि का प्रभावी हस्तांतरण करने से पहले सुदृढ़ योजना, व्यवस्था और सह-आरोपी व्यक्तियों के साथ तालमेल की आवश्यकता होती है।

### कंप्यूटर आपरेटर 20 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब सर्तकता ब्यूरो ने शुक्रवार को जालंधर में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर तैनात सचिन शर्मा को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सर्तकता ब्यूरो के प्रवक्ता ने यहां बताया कि आरोपी को जालंधर के गुरु नानकपुरा मोहल्ला निवासी सुशील कुमार की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसे कल माननीय अदालत में पेश किया जाएगा और इस संबंध में आगे की जांच जारी है।

## 2.5 करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ अफगान नागरिक गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने एक अफगान नागरिक को गिरफ्तार किया है, जो समुद्री मार्ग से हेरोइन की तस्करी करने और इसे दिल्ली ले जाने वाले एक अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह का हिस्सा था। एक अधिकारी ने बताया कि एटीएस की एक टीम ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के भोगल इलाके में छापेमारी कर मोहम्मद यासीन मियां साहिब (27) को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि उसके पास से 2.5 करोड़ रुपये की 460 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। एटीएस सितंबर 2023 में समुद्र के रास्ते भारत में आठ किलोग्राम हेरोइन तिलक नगर में एक व्यक्ति को पहुंचाए जाने की जांच के दौरान ये गिफ्तारी की है।

# किशोर ने सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध किया पेश

पुणे, एजेंसी

पोर्श दुर्घटना

पुणे में पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय नाबालिग ने किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) की जमानत शर्तों का पालन करते हुए सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिख कर प्रस्तुत किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि किशोर ने बुधवार को जेजेबी को निबंध सौंपा। पिछले माह, बॉम्बे उच्च न्यायालय ने किशोर को सुधार गृह भेजने के आदेश को अवैध बताया था, जिसके बाद उसे सुधार गृह से रिहा कर दिया गया। शहर के कल्याणी नगर क्षेत्र में 19 मई को हुई दुर्घटना के कुछ घंटों बाद जेजेबी ने आदेश दिया था कि किशोर को उसके माता-पिता और दादा के पास रखा जाए। साथ ही किशोर से सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने को कहा गया था। पुलिस ने दावा किया था कि 19 मई को तड़के शराब के नशे में कार चला रहे किशोर ने पुणे के कल्याणी नगर इलाके में एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी थी, जिससे दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। उदार शर्तों के साथ किशोर को त्वरित जमानत दिए जाने पर देशभर में हंगामे के बीच, पुलिस ने जेजेबी से जमानत आदेश में संशोधन की अपील की। बोर्ड ने 22 मई को किशोर को हिरासत में लेने का आदेश दिया और उसे सुधार गृह में भेज दिया था।

सत्यं रुपं श्रुतं विद्या कौल्यं शीलं बलं धनम्।
शौर्यं य च चित्रभाष्यं च दशेमे स्वर्गयोनय:॥

सच्चाई, खूबसूरती, शास्त्रज्ञान, उत्तम कुल, शील, पराक्रम। धन, शौर्य, विनय और वाक्पटुता –ये दस गुण स्वर्ग पाने के अर्थात् समस्त ऐश्वर्य पाने के साधन हैं।

## संपादकीय

# एक और उपलब्धि

भारत ने एक और बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है। यह सफलता देश ने रक्षा क्षेत्र में हासिल की है। रक्षा उत्पादन में भारत ने नया रिकार्ड बनाया है। देश ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 16.8 प्रतिशत बढ़कर 1,26,887 करोड़ रुपये रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ रुपये था। रक्षा उद्योग क्षेत्र भारत में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्वदेशीकरण सामरिक और आर्थिक दोनों ही कारणों से महत्वपूर्ण है इसलिए यह सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार भारत को अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए और अधिक अनुकूल व्यवस्था सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा जा सकता है आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान देते हुए पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार द्वारा किए गए विभिन्न नीतिगत सुधारों/पहलों और व्यापार करने में आसानी से जुड़े कदमों के कारण यह उपलब्धि अर्जित हुई है। स्वदेशीकरण के प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ाया गया है। बढ़ते रक्षा निर्यात ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन की समग्र वृद्धि में जबरदस्त योगदान दिया है। आंकड़ों से पता चलता है कि पूर्ण मूल्य के संदर्भ में सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों ने रक्षा उत्पादन में लगातार वृद्धि दर्ज की है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान (2019-20 से), रक्षा उत्पादन का मूल्य लगातार बढ़ता रहा है और इसमें 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। महत्वपूर्ण है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान रक्षा निर्यात ने 21,083 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड ऊंचाई को छू लिया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 15,920 करोड़ रुपये का था। सरकार का मानना है कि इस क्षेत्र में औद्योगिक और तकनीकी विकास ने अकादमिक और शोध संस्थानों द्वारा विकसित तकनीकी क्षमताओं के साथ-साथ भारतीय उद्योग की क्षमता का दोहन करके इस उद्देश्य को प्राप्त करना संभव बनाया है। इस तरह मेक इन इंडिया कार्यक्रम वर्ष-दर-वर्ष नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास तथा उत्पादन दोनों में निवेश को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिससे स्वदेशीकरण में वृद्धि होगी। सुरक्षा तंत्र को मजबूती मिलेगी ही और यह देश को आत्मनिर्भर भी बनाएगा।

# लोकचेतना के उभार के बिना व्याधि का उपचार संभव नहीं



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यष्टि स्वार्थ ने धर्म का चोला पहन लिया है। धर्म वह हो ही नहीं सकता जो सर्व का प्रतिपादन न करता हो, जो समष्टिहित से प्रेरित न हो, जो सामान्यजन के पक्ष में खड़ा न हो। लोकचेतना की नैतिक सत्ता सर्वजन, समष्टि जन और सामान्य जन के हित की सत्ता होती है। यही कारण है कि उसने राज्य को भी नीति का निर्देश दिया और नीति निर्देशक तत्व संविधान में समाविष्ट हुए।

बुद्धिजीवी तो लोकजीवन से दूर रहता है। साहित्यकार लोकजीवन के लिए नहीं, सत्ता के लिए लिखता है, भले ही वह जनता-जनता का कीर्तन करता हो। उसका शिल्प और भाषा ही लोक की नहीं है, उसका ध्येय भी पुरस्कार है। किसी जमाने में महात्मा गांधी और विनोबा या जेपी जैसे लोग जनता के बीच ही रहते थे, लोक शिक्षण करते थे। आज लोक जीवन में उतरने वाले लोग कौन-कौन से हैं? या तो राजनैतिक कार्यकर्ता हैं या बाबा लोगों के एजेंट हैं अथवा अपराधी गिरोह हैं। अत्याचार, बलात्कार, मंहगाई, भ्रष्टाचार, आतंकवाद आदि रोग के बाहरी लक्षण हैं, कारण नहीं। इसका कारण लोक से जनतंत्र की दूरी और अपरिचय है। लोकचेतना के उभार के बिना व्याधि का उपचार संभव नहीं।

लोकचेतना विभक्त चेतना नहीं होती। यदि विभक्त चेतना है तो वह जाति चेतना है, मजहबी चेतना है, पंथ चेतना है, वर्ग चेतना है, क्षेत्र चेतना है, संकीर्ण भाषा चेतना है, लोकचेतना नहीं है। लोकचेतना सर्वचेतना होती है, अविभक्त चेतना होती है। विभक्त चेतना में जाति, वर्ग, वर्ण, मजहब-पंथ, क्षेत्रीयता आदि और पार्टियों के हित या स्वार्थ का आग्रह होता है। स्वतंत्रता के संग्राम में लोकचेतना जागृत थी। भारत की जनता अंग्रेजों के सामने एक सशक्त और समन्वित इकाई के रूप में संघर्ष कर रही थी। स्वराजी की चेतना विभक्त चेतना नहीं थी, वे भिन्नताएं और वे रेखाएं जो आज इतनी गहरी हो गई हैं, उस समय भी थीं, अवश्य थीं, किंतु स्वराज की चेतना के सामने वे उसी प्रकार से अस्त हो गईं थीं, जैसे सूर्य के प्रकाश में ग्रह नक्षत्रों का अस्तित्व दिखता नहीं। स्वराज का सरोकार सर्वजन का सरोकार था, सामान्य जन का सरोकार था, समष्टिजन का सरोकार था और मनुष्यता का सरोकार था। व्यापकता का सरोकार था।

सत्ता का सरोकार लोकमानस को विभक्त करता है। इसलिए जब स्वराज आता दिखने लगा तब जाति, पंथ, भाषागत संकीर्णता, संकीर्ण प्रांतीयता, दलगत स्वार्थ के भेद उभरे और उभारे जाते रहे। इस विभक्त चेतना को तत्कालीन सत्ता से ऊर्जा मिली और उस विभक्त चेतना का परिणाम देश के विभाजन के रूप में सामने आया।

> गांधी पर जो प्रहार हुआ था, वह वास्तव में लोकचेतना पर प्रहार था, सर्वजन चेतना पर प्रहार था, समष्टि जनचेतना पर प्रहार था। वह सत्ता पर प्रहार नहीं था, वह सामान्य जन पर प्रहार था, सामान्य जन, जो बिना सुरक्षा तंत्र के रह रहा था। स्वराज मिलने के बाद कहने को उसका नाम भले ही समाजवाद हो, बहुजनवाद हो, राष्ट्रवाद हो या कुछ और व्यापक सा दिखने वाला, लोकतंत्र के गौरवगान वाला नाम हो, परंतु वह अंधे के नैनसुख नाम जैसा ही था, क्योंकि सत्ता स्वार्थ उसके भीतर विराजमान था। सब कुछ स्वतंत्रता और लोकतंत्र के जयजयकार के कोलाहल में हो रहा था। जाति, पंथ, वर्ग, क्षेत्रीय स्वार्थ को लेकर नाना प्रकार के उपद्रव, दंगे आगे भी हुए, होते रहे।

तत्कालीन सत्ता का यह षड्यंत्र ही था कि उसने रियासतों को सत्ता सौंपी। जाति-पंथ की विभक्त चेतनाओं को सर्वजन चेतना पर प्रहार का मौका मिल गया और जाति- पंथ की विभक्त चेतनाओं ने सर्वजन चेतना पर प्रहार किया। विभक्त चेतनाओं को बल मिला और सर्वजन चेतना निर्बल हुई।

गांधी पर जो प्रहार हुआ था, वह वास्तव में लोकचेतना पर प्रहार था, सर्वजन चेतना पर प्रहार था, समष्टि जनचेतना पर प्रहार था। वह सत्ता पर प्रहार नहीं था, वह सामान्यजन पर प्रहार था, सामान्यजन, जो बिना सुरक्षातंत्र के रह रहा था। स्वराज मिलने के बाद कहने को उसका नाम भले ही समाजवाद हो, बहुजनवाद हो, राष्ट्रवाद हो या कुछ और व्यापक सा दिखने वाला, लोकतंत्र के गौरवगान वाला नाम हो, परंतु वह अंधे के नैनसुख नाम जैसा ही था, क्योंकि सत्ता स्वार्थ उसके भीतर विराजमान था। सब कुछ स्वतंत्रता और लोकतंत्र के जयजयकार के कोलाहल में हो रहा था। जाति, पंथ, वर्ग, क्षेत्रीय स्वार्थ को लेकर नाना प्रकार के उपद्रव, दंगे आगे भी हुए, होते रहे। आजादी की लड़ाई के समय हुंकार भरने वाली लोकचेतना नींद में चली गई और बाजार के रूप में व्यष्टि चेतना समष्टि चेतना पर हावी हो गई।

व्यष्टि स्वार्थ ने धर्म का चोला पहन लिया है। धर्म वह हो ही नहीं सकता जो सर्व का प्रतिपादन न करता हो, जो समष्टिहित से प्रेरित न हो, जो सामान्यजन के पक्ष में खड़ा न हो। लोकचेतना की नैतिक सत्ता सर्वजन, समष्टि जन और सामान्य जन के हित की सत्ता होती है। यही कारण है कि उसने राज्य को भी नीति का निर्देश दिया और नीति निर्देशक तत्व संविधान में समाविष्ट हुए। संविधान में स्वतंत्रता, समानता और न्याय के दर्शन की प्रतिष्ठा लोकचेतना की ही प्रतिष्ठा है। सच तो यह है कि लोकचेतना अध्यात्म है। सत्ता के तर्कशास्त्री जो कहना चाहें कहते रहें, सच यह है कि आस्था के बिना लोकचेतना जगती भी नहीं, सर्व के प्रति आस्था, समष्टि के प्रति आस्था, सामान्य के प्रति आस्था। अध्यात्म के माने संकीर्ण नहीं हो सकता, खंडित अहम का नाम आत्म नहीं है। आत्म व्यापक है, जिसमें सर्व समाया हुआ है, जिसमें पूर्ण समाया हुआ है। आजादी की लोकचेतना सत्य के आग्रह के साथ जगी थी, सत्य के आग्रह से बड़ा कौन सा अध्यात्म हो सकता है? यही कारण है कि संविधान का सूत्र वाक्य बना-सत्यमेव जयते, सत्यमेव जयते अध्यात्म का ही सूत्र है।

स्वतंत्रता संघर्ष की चेतना में मानवीय संवेदना है। सच्चाई तो यह है कि लोकचेतना मूलतः मानवीय चेतना होती है, वह जाति चेतना, वर्ग चेतना, मजहबी चेतना, भाषायी और क्षेत्रीय संकीर्णता से ऊपर की बात है। यह मानवीय संवेदना ही थी, जिसने मनुष्य के प्रति करुणा का रूप ग्रहण करके देश की सीमा का अतिक्रमण किया था। नहीं तो, रोमा रोलां जैसे अनेक विदेशी नर और नारी भारत की स्वतंत्रता के समर्थक कैसे बन जाते? खुदीराम बोस की फांसी की सजा की गूंज रूस के लेनिन तक पहुंची थी। सच्चाई, ईमानदारी, सामाजिकता का भाव, श्रम, समानता, लोककल्याण स्वतंत्रता आंदोलन के जीवन मूल्य हैं। गीता स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा है। गीता लोक आस्था का केन्द्र है और स्वतंत्रता के आंदोलन को गीता गति दे रही है। खुदीराम बोस को फांसी होती है, उनके कंठ में गीता है। लोकमान्य तिलक कर्मयोग शास्त्र नाम से गीता का भाष्य लिखते हैं और सूत्र देते हैं, स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है।

महात्मा गांधी अनासक्ति योग के नाम से गीता का भाष्य करते हैं। महर्षि अरविंद गीता का भाष्य कर रहे हैं। पूरी संत परंपरा स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा शक्ति बनी है-मीरा है, नरसी है। प्रार्थना सभाओं में संतवाणी गूंज रही थी। वैष्णवजन तो तैणें कहिये जे पीर परायी जाणें रे।/ पर दुःखे उपकार करे तो हे मन अभिमान न आणे रे। सकल लोक मां सहुने बन्दे निन्दा न करे केणी रे।/ बाछ काछ मन निरमल राखे सकल तीरथ तेणा मन मां रे।/ भणे नरसंइयों तेणु दरसन करतां धन-धन जननी तेणी रे। यदि लोकतंत्र की आत्मा लोकचेतना है तो भारत के संविधान की आत्मा है-सत्य। आजादी के आंदोलन में गांधी जी ने जनता को अपने साथ लिया, सत्य का अहिंसात्मक आग्रह, सविनय अवज्ञा। बापू और जनता के बीच विश्वास का सूत्र था-सत्य। यदि हम सत्यमेव जयते को संविधान से अलग कर दें तो संविधान अन्यथा सिद्ध हो जाएगा। भारतीय संविधान आस्थाहीन राष्ट्र का संविधान नहीं है, सत्यमेव जयते हमारे लिए सजावट की चीज नहीं है, वह हमारी आस्था है।

प्रत्येक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, न्यायाधीश आदि शपथ लेते हैं, यह सत्य के प्रति निष्ठा और विश्वास का ही तो आयोजन है। सत्य से बड़ी कोई धर्म निरपेक्षता नहीं हो सकती और सत्य से बड़ा कोई धर्म भी नहीं हो सकता। सत्य हमारे देश की विचार प्रणाली में है, सत्य हमारी आचार संहिता में सबसे बड़ा जीवन मूल्य है, सत्य हमारी आस्था और विश्वास का मूलतत्व है। सत्य के अभाव में कोई संस्कृति, कोई साहित्य हमें स्वीकार नहीं। यदि मन , वाणी और आचरण में सत्य की प्रतिष्ठा न हो तो भारत का लोक मानस बड़े से बड़े राजनेता को धिक्कार सकता है और धिक्कारता भी है।

## प्रसंगवश

# जैसा मैंने बाबा को देखा

बात 15-20 वर्ष पुरानी है। उस समय पटियाली (एटा) निवासी, पुलिस सेवा से ऐच्छिक निवृत्ति प्राप्त सूरज पाल भोले बाबा के नाम से प्रसिद्धि पा चुका था। भोले बाबा का पूरनपुर में मेरे मकान के पास ही 'मजमा-स्थल' कहूं, 'चमत्कार क्षेत्र' कहूं, या 'आध्यात्मिक शिविर' कहूं, लगाया गया था। मेरे लिए तो यह संयोग ऐसा था कि भोलेबाबा का कार्यक्रम हम लोग अपनी छत पर बैठकर आराम और आसानी से देख सकते थे।

मंच का मुख हमारी ओर अर्थात दक्षिण दिशा की ओर होता, पर कार्यक्रम उत्तरोन्मुख होने के कारण हमारी ओर वाली दक्षिणी दिशा को पूर्णतः कनातों से कवर कर दिया गया था और पूरे पांडाल के ऊपर तो टेंट की छत थी ही। अस्तु, मुझे अपनी पत्नी के साथ भोले बाबा को देखने-सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल पर ही जाना पड़ा। मैंने सुन रखा था कि उनकी तर्जनी पर हमेशा सुदर्शन चक्र गतिमान रहता है और कोई भी उनसे नजर नहीं मिला सकता है। हम पति-पत्नी अपने मकान से जाने के कारण कार्यक्रम के गेट, जो उत्तर में काफी दूर पड़ता था, से न जाकर दक्षिण की ओर से ही कनात उठाकर सीधे भीतर घुस गए। (हालांकि हमें ऐसे अशिष्ट ढंग से प्रविष्ट नहीं होना चाहिए था, पर इस अशिष्टता पर न किसी ने आपत्ति की और न बाहर खड़े किसी सेवादार ने अंदर जाने से रोका-टोका।) इधर से जाने में सबसे बड़ा लाभ यह रहा कि पहली पंक्ति में बाबा के बिल्कुल पास और सामने ही स्थापित होने को मिल गया। उत्तर की ओर से आता, तो भीड़ में पता नहीं कहां पर बैठने को मिलता। अंधे को दो आंखें चाहिए और वे मुझे मिल चुकी थीं।

मैं बाबा को बराबर टकटकी लगाए देखता रहा, पर मुझे चक्र-कुचक्र के कहीं दर्शन न हुए। अलबत्ता उनके चेहरे पर नजर अवश्य नहीं ठहर रही थी। ऐसा लगता था, जैसे उनके चेहरे के सामने, 'हवाइयां उड़ रहीं', तो नहीं कह सकता, धीरे-धीरे हवा चल रही हो, जिस कारण ही उनके चेहरे पर नजर नहीं जम पाती थी। बाबा के बाईं ओर बैठी महिला, संपूर्ण समय ऐसी सिकुड़ी बैठी रही, मानो बाबा से बहुत डर रही हो। उनके कार्यक्रम में भूत, चुड़ैल और प्रेत बाधाओं से ग्रस्त महिलाएं भी आतीं थीं और वहीं अपनी जगह पर खड़ी होकर नाचने-झूमने लगतीं थीं। बाबा जी का यह कार्यक्रम कई दिनों तक चला।

वे रोज कार्यक्रम से लगभग एक-डेढ़ घंटा पहले नगर के बाहर गेस्ट हाउस से विशेष सुरक्षा में विशेष गाड़ी से आकर उद्बोधन समाप्त होते ही उसी गाड़ी से चले जाते थे, जबकि उनके शिष्य मंचीय व्यवस्थाओं के कारण कई घंटे पहले आकर अपनी ड्यूटी को अंजाम देने में जुट जाते थे। पंडाल से मंच तक बाबा के आने के लिए जो पथ बनाया जाता था, उस पर बाबा के चलने के लिए फूल बिछाए जाते थे, जिन्हें अपनी सहचरी के साथ बाबाजी अपने काले बूटों से कुचलते हुए ही सिंहासन तक आया करते थे। बाबा की आरती हो जाने पर जब कार्यक्रम संपन्न होता था, तब बाबा जी तो चले ही जाते थे, पर उनके शिष्यों में उनकी चरणधूलि को बटोरने की जबरदस्त प्रतिस्पर्धा होती थी।



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

उस दिन बाबा ने अपने भाषण के बीच वीडियो बनाने वाले लड़के को डांटते हुए गाली भी दी थी। मैंने अगले दिन बाबा के सर्वाधिक निकट और बाबा के बाद, आयोजक संस्था के सर्वेसर्वा को बाबा के इस व्यवहार की फोन से शिकायत की, तो वे बोले, "अरे! वह हमारा ही लड़का था। बाबा का वीडियो ढंग से नहीं बना रहा था, इसलिए उसे फटकार दिया। ऐसा होता रहता है"।

हर संगठन या संस्था के कुछ अपने, नियम, निष्कर्ष या सिद्धांत होते हैं, ताकि वह अन्यों से विशिष्ट लगे, पर भोले बाबा की संस्था में ऐसा कुछ नहीं था। वे रोज ही वही, शराब न पीने, मांस न खाने, जुआं न खेलने का उपदेश ही दिया करते थे। वे कर्मफल की बात विशेष रूप से कहा करते थे। ऊपर मैंने जिन सर्वेसर्वा का जिक्र किया है, एक दिन उन्होंने मुझसे आग्रह किया कि मैं बाबा से व्यक्तिगत रूप से वार्तालाप करूं। मैं बाबा के साक्षात्कार के लिए गेस्ट हाउस गया। उनने कहा था, बाबा जी की दो जीभें हैं, ऐसा है, वैसा है, पर वो कुछ न था । बाहर आकर यहीं मैंने उनसे भी कहा और आगे फोन संपर्क भी बंद कर दिया।

# मंडराने लगे हैं जल संकट के बादल



तनवीर जाफरी
स्तंभकार

> जल संकट के बीच समुद्र के पानी को साफ करने की कोशिशें भी की जा रही हैं और अब यहां नालों व नालियों के गंदे पानी को भी रिसाइकल किया जाना शुरू हो गया है।

इसी वर्ष मई माह के मध्य में दक्षिण अफ्रीका से आई इस खबर ने पूरे विश्व को हिलाकर रख दिया कि राजधानी केपटाउन को विश्व का पहला जलविहीन शहर घोषित किया गया है। 2018 की शुरुआत में ही केपटाउन के लोगों को इस आशय की चेतावनी दे दी गई थी। अब डे-जीरो के तहत केपटाउन में 75 फीसदी घरों की पानी सप्लाई काट दी गई है। यानी 10 लाख से ज्यादा घरों को पानी मिलना बंद हो चुका है। यहां सिंचाई में भी पानी का उपयोग नाम मात्र कर दिया गया है। इसी संकट के बीच समुद्र के पानी को साफ करने की कोशिशें भी की जा रही हैं और अब यहां नालों व नालियों के गंदे पानी को भी रिसाइकल किया जाना शुरू हो गया है।

यदि कुछ दिन पहले जारी की गई संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी पर नजर डालें तो संयुक्त राष्ट्र ने आगाह कर दिया था कि 2025 तक दुनिया के लगभग 1.20 अरब लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा और इस संकट की शुरुआत हो चुकी है। कुछ समय पूर्व सिलिकॉन वैली के नाम से मशहूर बेंगलुरु में जल संकट का समाचार मिला। 1 करोड़ 30 लाख आबादी वाले बेंगलुरु में अमीरों-गरीबों को एक साथ हाथों में बाल्टियां लिए सूखे पड़े नलों व टैंकर्स के पास लंबी कतार लगाए देखा गया। यहां तक कि सरकारी अस्पतालों में हवा से पानी बनाने की मशीन लगानी पड़ी, परंतु ऐसा लगता है कि यदि पृथ्वीवासी हम आमजनों ने पानी की बर्बादी करने वाली अपनी दिनचर्या न तो बदली और न ही जल संरक्षण पर ध्यान न दिया। नतीजतन संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी यह चेतावनी कि 2025 तक दुनिया के लगभग 1.20 अरब लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, यह सही साबित होने में अब ज्यादा वक्त लगता नजर नहीं आता।

जल संकट मंडराने का दृश्य मैंने अपनी आंखों से पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश की यात्रा के दौरान स्वयं महसूस किया। पहाड़ों की हरियाली खत्म होती जा रही है। इसी संकट के परिणामस्वरूप देश की तमाम नदियां सूखती जा रही हैं। मीठे पानी की कमी का दुष्प्रभाव हिमाचल प्रदेश जैसे जल स्रोत वाले प्रमुख राज्य में क्या देखना पड़ा यह मेरी आपबीती से समझ सकते हैं। शिमला के आगे फागू घाटी के एक होटल में रुकने के लिए कमरा बुक करने के समय होटल मालिक ने साफ कह दिया कि 'पानी की कमी है। सुबह को केवल फ्रेश होने के लिए टंकी से पानी थोड़ी देर के लिए चलेगा, परंतु नहाने के लिए पानी नहीं है। पीने के लिए बोतल का पानी उपलब्ध है'। ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव के कारण इसका कोई तात्कालिक जादुई समाधान तो नजर नहीं आता, परंतु प्रत्येक व्यक्ति व सरकारों को इस दिशा में कुछ न कुछ कोशिश तो करनी ही चाहिए। बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए पूरे विश्व को पूंजीवाद का मोह छोड़ मानवता के प्रति प्रेम दर्शाते हुए प्राकृतिक संतुलन बनाने की दिशा में सख्त कानून बनाकर कड़े कदम उठाने चाहिए। गौरतलब है कि विकास के नाम पर पूंजीवाद पेड़ों की कटान कर समतल जमीन चाहता है, जबकि प्रकृति अधिक से अधिक वृक्षारोपण चाहती है।

वृक्षारोपण को तो प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन का हिस्सा मान लेना चाहिए। हर इंसान को शादी, पार्टी, मरना, सालगिरह, विवाह वर्षगांठ, बरसी आदि हर गम, खुशी व त्योहार के अवसर पर वृक्षारोपण जरूर करना चाहिए। इसी तरह पूंजीवाद अधिक से अधिक वाहनों की बिक्री में दिलचस्पी रख प्रदूषण को बढ़ाने में भागीदार होता है, जबकि प्रकृति प्रदूषण मुक्त वातावरण चाहती है। इसके अतिरिक्त वर्षा जल को संचित करने के लिए सूखे पड़े तालाबों को गहरा करने व अधिक से अधिक नए-नए तालाब खोदने की जरूरत है। इससे जल संग्रहण भी होगा और आसपास का भूगर्भीय जलस्तर भी सुधरेगा। नवनिर्मित होने वाले मकानों में बारिश में छतों का पानी संचित करने के लिए एक पाइप जमीन में डालने की प्रक्रिया (लैंड रिचार्जिंग सिस्टम) को अनिवार्य किया जाना चाहिए।

समय रहते यदि हमने जलसंरक्षण के उपाय नहीं किए तो यकीन मानिए वह दिन दूर नहीं जब हम अपने बच्चों को भीषण जल संकट के वातावरण में छोड़ कर जाने के लिए मजबूर होंगे। क्योंकि जल संकट के बादल भारत सहित पूरे विश्व में मंडराने लगे हैं।

## सोशल फोरम

# बहकावों में आ जाते हैं भोले लोग

बात किसी धार्मिक सत्संग की हो या फिर किसी राजनीतिक सम्मेलन की, जहां भीड़ रहेगी वहां भगदड़ की संभावना हमेशा बनी रहेगी। एक छोटी सी घटना भी जिंदा इंसानों को मृतकों में बदल सकती है। ऐसी घटनाओं के मृतकों के प्रति पूरी संवेदना रखते हुए ये सवाल पूछना तो बनता है कि आखिर इन यात्राओं, सत्संग से हासिल क्या होता है? आखिर लोग यहां जाते ही क्यों हैं? और अगर जाते हैं तो वहां से क्या लेकर वापस लौटते हैं?



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

हजार सालों से धार्मिक यात्राएं और सत्संग हो रहे हैं, लेकिन इनका हासिल सिवाय एक मानसिक संतुष्टि के और कुछ भी नहीं। अगर इनसे कुछ हासिल हुआ रहता तो दुनिया अब तक बदल चुकी होती और शायद लोग इससे लाभान्वित हो इतने बदल चुके होते कि अब इनकी कोई जरूरत ही न रहती, लेकिन फैशन और भेड़ चाल से कोई बदलाव नहीं होता। अगर इनकी जरूरत आज भी बनी हुई है, इसका मतलब इन यात्राओं, सत्संगों का नतीजा सिफर आ रहा है। बिना किसी भीतरी बदलाव के अपने दैनंदिनी कार्यों की तरह हम इसे भी अंजाम देते हैं। इससे अधिक दिमाग हम इस पर लगाते ही नहीं। धर्म कर्म से ज्यादा ये एक सामाजिक जरूरत है। इस एक तीर से हम बहुत से शिकार करते हैं। आजकल तो लोगों ने धार्मिक यात्राओं को भी पर्यटन बना डाला है। धार्मिक यात्राओं में बढ़ती भीड़ इस बात का प्रमाण है कि धर्म-कर्म गौण और मौज मस्ती प्रमुख हो गई है।

वैसे सही कहा जाए तो ये भोले लोग हैं, जो दिमाग न लगाने के कारण बहकावों में आ जाते हैं, जिसका फायदा चंद बाबा टाइप लोग जमा कर उठाते हैं। बिना किसी आंतरिक परिवर्तन के जब ऐसी छोटी-छोटी उपलब्धियां हमारा लक्ष्य बताई जाएंगी। जब मृत लोक से ज्यादा स्वर्ग लोक की चिंता करने को कहा जाएगा, तो लोग इसे भेड़चाल बना ही डालेंगे। ऐसे में दिन प्रति दिन बढ़ती भीड़ के दबाव में ऐसी घटनाओं को टाला नहीं जा सकता। तकलीफ इस बात की ज्यादा है कि ऐसी घटनाओं पर दुखी हो मृतकों के प्रति संवेदना रखने वाले कल खुद इसका शिकार नही होंगे। इसकी कोई गारंटी नहीं। क्योंकि भेड़ों की यही गति होती है।

-फेसबुक वॉल से

# शीघ्र निर्णय हों जनहित के मामलों में

आखिर वे क्या कारण हो सकते हैं कि हाथरस हादसे के मुख्य गुनाहगार साकार विश्व हरि का नाम प्रथम सूचना रिपोर्ट में नहीं है? एक साधारण व्यक्ति के भी दिमाग में यह बात कौंध रही है कि मुख्य दोषी तो वही है। उच्च स्तरों पर, जिम्मेदार पदों पर आसीन लोगों के मन में क्या चल रहा है, यह तो वही जानें, किंतु आम लोगों के मन में जो चल रहा है वह यही है कि बाबा को बचाया जा रहा है? मगर आखिर क्यों? आम बतकही में तो यही बात आ रही है कि भाजपा एक विशाल वोट बैंक के खिसकने का जोखिम नहीं उठाना चाहती और ऐसे ही 'परसेप्शन' भाजपा के विरुद्ध जाते हैं।

अब जैसे नीट का ही मामला है -व्यापक परसेप्शन यही है कि बिना देरी किए, मामले को लटकाए पूरी परीक्षा को रद्द कर दिया जाना चाहिए था, मगर हठधर्मिता की हद तक मामले को खींचा जा रहा है। आखिर क्यों? जनमत यह बन रहा है कि चूंकि बड़े-बड़े नेतागण इसमें होंगे, अपने बच्चों को बचाने की खातिर पूरी परीक्षा रद्द नहीं हो रही है। अगर अन्यथा कोई दीगर सच है तो वह प्रभावी तरीके से सामने लाने में सरकार असमर्थ दिख रही है। आज के डिजिटल जमाने में कोई भी अनियमितता पेपर लीक 'लोकेलाइज्ड' हो ही नहीं सकती। जाहिर है इन मामलों में निर्णय की अनिश्चितता और विलंब संशय उत्पन्न करता है कि सब कुछ ठीक नहीं है। आश्चर्य है कि पूरे देश की संवेदना और विवेक को झकझोर देने वाली घटनाओं से देश में कैसी सोच बन रही है इससे रुलिंग पार्टी अनभिज्ञ सी दिखती है। सच मानिए जनता में ऐसे ही अनिर्णयों से असंतोष और अविश्वास उपजता है, जो अंततः चुनावों में मतदान का बायस बनता है। मतलब जनता की नब्ज पकड़ने में असफलता। ऐसे व्यापक जनहित के मामलों में अनिर्णय एक तरह से रुलिंग पार्टी के लिए 'काउंटर प्रोडक्टिव' होता है। आखिर उच्च स्तरों पर निर्णय क्यों नहीं तत्काल और जनभावनाओं के अनुकूल हो पा रहे हैं? विलंबित निर्णय हुए भी तो क्या? डैमेज तो तब तक हो चुका होगा। का वर्षा जब कृषि सुखाने? और जिन भी कारणों से निर्णयों को लटकाने का मंतव्य रखा जाता है वे अपेक्षानुसार शायद ही कभी फलीभूत होते हों। क्या बाबा के फॉलोवर भाजपा को वोट ही देंगे? इसकी कोई गारंटी है?



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मेरी अल्प समझ में मतदान ऐसे मामलों से नहीं, अपितु अन्य कारकों से प्रभावित होते हैं। अभी संपन्न सामान्य निर्वाचन में जहां से ज्यादा अपेक्षा थी धोखा भी वहीं से मिला। वैसे भी न्याय का विलंबन अन्याय तुल्य ही माना जाता है-जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड, बहुश्रुत कथन है। अनिर्णय की स्थिति अपवाद तौर पर किसी पक्ष के लिए फायदेमंद हो भी सकती है, जिसका एक बड़ा और ऐतिहासिक उदाहरण है भूतपूर्व प्रधानमंत्री नरसिंहा राव के बाबरी मस्जिद के मामले में सारगर्भित चुप्पी साध लेना। इसका परिणाम एक पार्टी के लिए कितना लाभकारी हो गया, इसका इतिहास साक्षी है। भले ही यह छोटी मुंह बड़ी बात लगे, मगर मैं यह बल देकर कहना चाहता हूं कि वर्तमान सरकारें चाहें केंद्र में हों या प्रदेशों में उन्हें जनहित के मामलों में शीघ्रातिशीघ्र निर्णय लेना चाहिए, जिनमें पारदर्शिता, निष्पक्षता और जनकल्याण का भाव निहित हो। ऐसा न होने पर जनमानस में अविश्वास उपजता है, जो व्यवस्था के प्रतिकूल ही परिणाम देता है। अब ये सभी बातें इतना भी पांडित्यपूर्ण नहीं है कि आकाओं की समझ में न आती हों। समझ-समझ कर भी न समझने सरीखा परिदृश्य यदि स्थायी भाव ले लेता है तो वह कितनी हानि पहुंचा सकता है सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। मुझे लगता है यह परिदृश्य बदलना चाहिए। पलायित बाबा का यथाशीघ्र एफआईआर में नामदर्ज करते हुए पाताललोक में भी हो तो पकड़ कर जेल भेजना चाहिए। आम जनता यही चाहती है और नीट की परीक्षा बिना और छीछालेदर कराए रद कर देना चाहिए। अंततः सर्वोच्च अदालत ही अगर रद कर देगी तब?

# छुटभैये बंद, बड़के स्वच्छंद

हाथरस के कथित सत्संग में हुई शताधिक मौतों पर अब तक सत्ता के घड़ियाली आंसुओं और विपक्ष की आलोचनात्मक बौछारों के अलावा कुछ खास हाथ नहीं लगा। चंद छुटभैये सेवादार ही गिरफ्तार हुए हैं।

प्रशासन के कलेक्टर, एसपी तथा बड़े आयोजक व कथित भगवान के अवतार बाबा स्वच्छंद हैं, शायद उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं बन रही हैं। कुछ दिन में खबर ठंडी पड़ जाएगी और नए हादसे व घोटाले अखबारों की सुर्खियां बन जाएंगे। जनता की याददाश्त कमजोर होती है और मामला टायं-टायं फिस्स हो जाएगा। उम्मीद के मुताबिक न तो कहीं बुलडोजर गरजा, न गाड़ी पलटी। दरअसल इन बाबाओं के तमाम अनुसरक होते हैं और एक अच्छा खासा वोट बैंक इनके कब्जे में होता है। ऐसे में इन पर हाथ डालने में सत्ता संकोच करती है और विपक्ष आलोचना भी संभल कर करता है। अब देखिए शासन बाबा को पकड़ नहीं रहा और अखिलेश यादव बाबा के खिलाफ न बोलकर सिर्फ सरकार को कोस रहे हैं। ऐसे में संभावना बड़ी मछलियों के गिरफ्त से बाहर रहने की बनती दिख रही है। अदनों पर ही कार्यवाही होनी संभाव्य है। ये वोट बैंक धारक धर्माचार्य यदि विवशता में बंद भी किए जाते हैं तो चुनाव के समय पे रोल पर छोड़ दिए जाते हैं, ताकि सत्तादल को फायदा पहुंचा सकें।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

विगत चुनावों के समय एक हरियाणवी महंत ऐसे ही छोड़े गए थे। आज भाजपा जिस कांग्रेस को पानी पी-पी कर कोसती है और अपनी किसी वर्तमान असफलता के लिए जवाहरलाल नेहरू को जिम्मेदार ठहरा देती है, उनकी सरकार के रेल मंत्री लालबहादुर शास्त्री ने 1956 में अरियालूर (तामिलनाडु) की रेल दुर्घटना पर इस्तीफा दे दिया था।अब वे दिन कहां हैं? इतने बड़े हादसे पर कोई बड़ा इस्तीफा नहीं देगा।

### कानपुर के हैलट अस्पताल में जन्मी बच्ची को छोड़कर भाग गए थे माता-पिता, चिकित्सकों ने दी जिंदगी

# लखनऊ गई हैलट की दुलारी, नम हुईं आंखें, रह गईं यादें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग से शुक्रवार को सबकी लाडो सिया लखनऊ चली गई। वह नौ माह में यहां सबकी आंख का तारा बन गई थी। हर किसी को नन्ही-सी बच्ची की मुस्कान देखने की आदत हो गई थी।

कोई डॉक्टर या स्टाफ उसे गोदी में खिलाता तो कोई उसे बाहर तक घुमा लाता था। शुक्रवार को नियमों के तहत बच्ची को लखनऊ राजकीय बाल गृह भेज दिया गया। इस दौरान बच्ची को रोता देख सबकी आंखें नम


बच्ची को दुलारते चिकित्सक।

हो गईं, मानों वह खुद को अपने से दूर न करने की जिद कर रही हो।

हैलट के जच्चा-बच्चा अस्पताल में 19 सितंबर को रनियां निवासी पूनम ने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया था। बच्ची प्री-मिच्योर थी तो डॉक्टरों ने उसे एनआईसीयू के वेंटीलेटर में भर्ती किया। तब बच्ची की हालत गंभीर थी। इस दौरान उसके माता-पिता बच्ची को अस्पताल में छोड़कर भाग गए। पुलिस ने अस्पताल में दर्ज कराए गए पते और नंबर पर संपर्क किया, लेकिन वह फर्जी निकले। इसके बाद एसएनसीयू में मौजूद डॉक्टरों व स्टाफ ने बच्ची को अपने घर का सदस्य समझ कर इलाज किया और जरूरत की सभी चीजें भी उपलब्ध कराईं। दो माह तक कड़ी मेहनत कर डॉक्टरों ने बच्ची का जीवन बचाया। इसके बाद एनआईसीयू से बच्ची को सिस्टर रूम में एक पालना रखकर उसमे शिफ्ट कर दिया गया। उसकी देखरेख विभाग के जूनियर डॉक्टर, नर्स व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने मिलकर की। फूल सी बच्ची को कोई राधा तो कोई लाडो कोई सिया तो कोई पूनमिया के नाम से दुलार से पुकारता। उसके रोने पर डॉक्टर व स्टाफ उसे बाहर घुमाकर भी लाते थे। नौ माह तक साथ रहने की वजह से बच्ची भी अस्पताल को अपना घर और स्टाफ राजकुमारी, इंदु, पूनम, कंचन, शबाना व अंजलि आदि को अपना परिजन समझने लगी थी। लेकिन शुक्रवार को बच्ची सबकी आंखें नम कर लखनऊ के राजकीय बाल गृह चली गई। अस्पताल से जाते वक्त वह रो रही थी, मानों जैसे उसका जाने का मन न हो।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला भी प्यारी सी बच्ची को गोद में लेने से अपने आप को रोक नहीं सके। हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने बच्ची को दुलार किया। इस दौरान बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अरुण कुमार आर्या, बाल रोग अस्पताल के सीएमएस डॉ.विनय कटियार , जूनियर डॉक्टर व स्टाफ आदि रहे।

#### शबाना अपने हाथों से सिलती थी कपड़े

बाल रोग विभाग की चीफ सिस्टर राजकुमारी, इंदू, कंचन, पूनम और शबाना से बच्ची का लगाव काफी ज्यादा हो गया था, जिस वजह से बच्ची के जाने पर उनकी आंखों से आंसू निकल आए। शबाना ने बताया कि वह बच्ची के लिए आने हाथों से कपड़े सिलकर लाती थी। घर में कोई छोटा बच्चा नहीं है, इसलिए वह उसे अपनी बच्ची की तरह ही प्यार देती थी। कई लोंगों ने बच्ची को गोद लेने की इच्छा जाहिर की थी, लेकिन नियम व शर्तों की वजह से ऐसा नहीं हो सका।

## सार-संक्षेप

### सीएम का फर्जी प्रोटोकॉल अधिकारी भेजा गया जेल

**कानपुर, अमृत विचार :** चकेरी थानाक्षेत्र में मुख्यमंत्री का प्रोटोकाल अधिकारी बताकर सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को चकेरी पुलिस ने शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। चकेरी के सनिगवां में शुभम गुप्ता, हर्ष गुप्ता, विजय सिंह भदौरिया, दीपक, सिमरन, आशीष समेत अन्य लोगों ने नौकरी के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाकर शिकायत की थी। जिसके बाद पुलिस ने सनिगवां निवासी योगेंद्र शिवहरे को हिरासत में लिया था। पुलिस को आरोपी के घर से कई सरकारी विभागों के संदिग्ध दस्तावेज और मोहरें मिली थीं। आरोपी ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर कई लोगों से लाखों रुपये की ठगी की थी। पुलिस ने न्यू आजाद नगर निवासी सिमरन उर्फ सैफाली और सनिगवां निवासी आशीष अग्रहरि की तहरीर पर आरोपी योगेंद्र शिवहरे के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया था।

### मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के पदनाम बदले गए

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक अधिसूचना जारी कर 1 जुलाई से लागू हुई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ( बीएनएसएस), 2023 की धारा 6 के अनुपालन में उत्तर प्रदेश में तैनात मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट का पदनाम बदल दिया है। मजिस्ट्रेट अब न्यायिक अधिकारी कहलाएंगे। नए लागू कानून के अनुसार प्रदेश के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट, अपर मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट, मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अब क्रमश : मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कहे जाएंगे। उक्त अधिसूचना महानिबंधक राजीव भारती की ओर से सभी जिला जजों को भेजी गई है और उन्हें निर्देश दिया गया है कि सभी मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट को न्यायिक अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण करवाएं।

### आगरा : मस्जिद के सर्वेक्षण पर एएसआई से मांगा जवाब

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आगरा की जामा मस्जिद के सर्वेक्षण संबंधी याचिका पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ( एएसआई ) से जवाब मांगा है। कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले से जुड़े एक मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने बृहस्पतिवार को इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। यह मामला भगवान ठाकुर केशव जी, महाराज विराजमान कटरा केशव देव के नाम पर दायर किया गया है। वादकारी ने मस्जिद का सर्वेक्षण करने के मामले में अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति की प्रार्थना भी की है। वादकारी ने याचिका में दावा किया है कि औरंगजेब ने 1670 में केशव देव का मंदिर ध्वस्त कर दिया था और उस प्रतिमा को आगरा में जामा मस्जिद के नीचे दफन कर दिया था। इससे पूर्व शाही मस्जिद ईदगाह की प्रबंधन समिति ने एक आवेदन कर अदालत से स्वयं को इस मुकदमे में प्रतिवादी बनाने का अनुरोध किया था और सुनवाई के दौरान इस आवेदन की एक प्रति वादकारी को उपलब्ध कराई गई। अदालत ने कहा कि वादकारी की ओर से एक आवेदन दिया गया है, जिसमें एएसआई सर्वेक्षण कराने का निर्देश देने और अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति करने का अनुरोध किया गया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई आगामी 5 अगस्त सुनिश्चित की है।

### 12 कमरों के ताले तोड़ 700 फाइलें की जब्त

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय कोलकाता इकाई द्वारा सहारा इंडिया ग्रुप पर की जा रही कार्रवाई शुक्रवार को समाप्त हो गई। इस दौरान राजधानी के कपूरथला स्थित कार्यालय से 2.98 करोड़ रुपए बरामद किए गए, जबकि 700 के करीब फाइलें जब्त की गई है। इस दौरान 12 कमरों के ताले तोड़ने की भी सूचना है।सहारा इंडिया ग्रुप की ,हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी, के कोलकाता और लखनऊ स्थित छह ठिकानों पर बुधवार को छापा मारा गया था। इस दौरान 60 से अधिक अधिकारी कार्रवाई के लिए पहुंचे हुए थे। सहारा के अधिकारियों द्वारा दस्तावेज देने में आना-कानी करने पर ईडी टीम द्वारा 12 कमरों के ताले तोड़कर 700 फर्जी कंपनियों के दस्तावेज कब्जे में लिए गए। 12 पेन ड्राइव में डिजिटल डाटा, 20 हार्डडिस्क भी कब्जे में लिए गए।

# नीतिगत मामलों में नहीं दे सकते दखल: कोर्ट

### जाति-धर्म के बजाय आर्थिक आधार पर लाभकारी योजनाओं का लाभ देने की थी मांग

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपने एक निर्णय में कहा है कि वह ऐसा आदेश आदेश नहीं दे सकती कि केंद्र व राज्य सरकार एससी, एसटी, ओबीसी या अल्पसंख्यक होने के आधार पर नहीं बल्कि आर्थिक आधार पर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दें। न्यायालय ने कहा कि यह नीतिगत मामला है और अदालत के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। न्यायालय ने आगे कहा कि यदि याची चाहें तो समस्त दस्तावेजों के साथ वे अपनी बात सरकार या फिर सांसद-विधायकों के समक्ष रख सकते हैं। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि कोर्ट के हाथ नीतिगत मामलों में बंधे होते हैं और यह क्षेत्राधिकार विधायिका अथवा कार्यपालिका को ही प्राप्त है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने सत्य नारायण शुक्ला व अन्य की ओर से वर्ष 2018 में दाखिल जनहित याचिका पर शुक्रवार को पारित किया। याचिका में मांग की गयी थी कि जाति या धर्म के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ



दिया जाना संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत प्रदत्त समानता के अधिकार का सरासर उल्लंघन है लिहाजा सम्बंधित सरकारों को आदेश दिया जाए कि मात्र आर्थिक आधार पर ही लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करें।

वहीं याचिका का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक आधार पर लोगों के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। कहा गया कि जाति और धर्म के आधार पर पहले चलायी गयी समाजवादी पेंशन स्कीम को बंद कर दिया गया और वर्तमान में आय के आधार पर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कहा गया कि वर्तमान में राज्य सरकार जो भी लाभकारी योजनाएं चला रही है उनका लाभ जाति या धर्म के आधार पर नहीं दिया जा रहा है।

#### अपहरण कांड में बबलू श्रीवास्तव व उसका भतीजा दोषमुक्त

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** प्रयागराज के सर्राफा कारोबारी पंकज महिंद्रा के अपहरण और 10 करोड़ रुपए फिरौती मांगने के मामले में बरेली जेल में निरुद्ध माफिया ओमप्रकाश श्रीवास्तव उर्फ बबलू श्रीवास्तव सहित दो आरोपियों को इलाहाबाद जिला न्यायालय ने बरी कर दिया है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान गैंगस्टर एक्ट के विशेष न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया की कोर्ट में फैसले के समय 10 आरोपियों में से 9 आरोपी उपस्थित थे जबकि सुरक्षा कारणों से बबलू श्रीवास्तव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जोड़ा गया था। माफिया बबलू श्रीवास्तव पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। अभी भी बबलू के अन्य आपराधिक मामले विचाराधीन हैं जिसके कारण वह जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे। वर्तमान अपहरण कांड में माफिया के भांजे संकल्प श्रीवास्तव को भी कोर्ट ने बरी कर दिया है। मामले के अनुसार 5 सितंबर 2015 की रात दुकान बंद कर कार से घर जाते समय सर्राफा व्यवसायी का अपहरण कर लिया गया था। व्यवसायी पंकज महिंद्रा की जवाहर स्क्वायर कोतवाली क्षेत्र, प्रयागराज में सोने-चांदी के आभूषणों की दुकान हैं।

#### सपा सांसद अफजाल अंसारी के मामले में फैसला सुरक्षित

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा सांसद अफजाल अंसारी द्वारा दाखिल आपराधिक अपील पर 2 दिनों से चल रही लगातार सुनवाई के बाद गुरुवार को फैसला सुरक्षित कर लिया है। राज्य सरकार और कृष्णानंद राय के बेटे पीयूष कुमार राय द्वारा अंसारी की सजा बढ़ाने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने फैसला सुरक्षित कर लिया। उक्त फैसला अंसारी के राजनीतिक करियर के लिए महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। हालिया लोकसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी के टिकट पर उत्तर प्रदेश के गाजीपुर निर्वाचन क्षेत्र से अफजाल अंसारी ने जीत हासिल की है। अगर हाईकोर्ट द्वारा उनकी दोषसिद्धि बरकरार रखी जाती है तो उन्हें अपनी संसदीय सीट से अयोग्य घोषित किया जा सकता है। संविधान के अनुच्छेद 102 ( 1)( ई ) के अनुसार जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 के अनुसार कोई सांसद/विधायक, जिसे किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो,उसे दोषसिद्धि की तिथि से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

## सर्राफा कारोबारी के कर्मचारियों से हुई लूट की घटना फर्जी निकली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **कर्मचारियों ने ही लूटे 3.5 करोड़ रुपये के गहने, घंटे में खुलासा**
- **डीजीपी ने सोशल मीडिया में साझा की सहारनपुर पुलिस की उपलब्धि**

**अमृत विचार:** सहारनपुर पुलिस ने साढ़े तीन करोड़ के गहनों के लूटकांड का खुलासा चार घंटे में कर दिया। पता चला कि सर्राफा व्यवसाई के कर्मचारियों ने ही पुलिस को लूटकांड की सूचना दी और जब पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि कर्मचारियों ने ही गहनों को हड़पने के उद्देश्य से षड्यंत्र किया था। खुलासा होने के बाद प्रदेश के डीजीपी ने सहारनपुर पुलिस की इस उपलब्धि को सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

घटना सहारनपुर के नागल थाना क्षेत्र की है। सत्यम शर्मा द्वारा लूट के संबंध में दी गई सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ शुरू की। पुलिस को बताया गया कि सत्यम (सराफा व्यापारी का कर्मचारी) और उनका ड्राइवर तरुण सैनी अंबाला से मेरठ जा रहे थे। उनके पास हीरे के गहने थे, जिसे मेरठ के एक व्यापारी तक पहुंचाना था। इसी दौरान रास्ते में 04 अज्ञात बदमाशों ने उनकी कार रोक ली और गहनों को लूट लिया। इस दौरान सत्यम और ड्राइवर तरुण को हल्की चोटें भी आई और कार भी क्षतिग्रस्त हुआ है। पुलिस टीम ने जब मामले की तफ्तीश की तो दोनों के बयानों में अंतर्विरोध दिखा। सख्ती से पूछताछ करने पर पता चला कि इस वारदात को इन्हीं दोनों ने अंजाम दिया है। पता चला कि सत्यम ने गहनों वाला बैग अपने साले को दे दिया था। इसके बाद पुलिस ने साले सहित तीनों को हिरासत में ले लिया गया।

बैग भी बरामद किया। इस दौरान बैग में 36 हार, 20 ब्रेसलेट, 52 अंगूठी, 07 कंगन, 32 पेंडेंट, 73 कान के टॉप और 42 मंगलसूत्र सुरक्षित पाए गए। पुलिस ने इस घटना में सत्यम शर्मा, तरुण सैनी (कार चालक) हिमांशु उर्फ डिंपी पुत्र चंद्रशेखर, प्रिंस, कमरपाल को गिरफ्तार किया है।

## वर्ग पहेली-122

**बाएं से दाएं**

2.1.वेग से एक चीज़ को किसी दूसरी चीज़ में गिराना

4.एक प्रकार का विवाह या सगाई, विधवा स्त्री से किया जाने वाला विवाह।

6.1.क्षय, नाश 2.क्षीणता।

8.1.जो रोका न गया हो, अनिवारित 2.जिसके प्रति सावधानी न बरती गई हो, जिसकी देखभाल न की गई हो।

**ऊपर से नीचे**

1.सींची हुई ज़मीन।

3.1.किसी चीज़ को दो भागों में बांटने या काटने की क्रिया

4.1.कमीना, नीच 2.दोगला।

5.1.घबरा जाना, व्याकुल या विकल हो जाना 2.आतुर हो जाना।

7.1.जड़ 2.असावधान 3.जिसमें चेतना न हो 4.प्राणहीन 5.बेहोश।



### वर्ग पहेली -121 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 हं | 2 स | दी | प | क | |
| | जा | | | | 3 ए |
| | ती | | 4 अ | | य |
| 5 ज | य | ज | य | का | र |
| लं | | | | | टा |
| 6 ध | जी | ला | | | इ |
| र | | | 7 घूँ | घ | ट |

# बाढ़ से निपटने को सरकार तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **संवेदनशील जिलों को 10 करोड़ की धनराशि जारी**
- **612 बाढ़ चौकियां स्थापित, 39 जिलों में खाद्यान्न टेंडर प्रक्रिया पूरी**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने बाढ़ की आशंकाओं को देखते हुए इससे निपटने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर बाढ़ से निपटने एवं जनहानि-धनहानि को न्यूनतम करने के लिए 24 अतिसंवेदनशील और 16 संवेदनशील इलाकों में बाढ़ चौकियां की स्थापना कर ली गई है, जहां पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की टुकड़ियों को तैनात किया गया है। संभावित बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए 10 करोड़ की धनराशि भी जारी कर दी गई है। इसके अलावा



बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को राहत देने के लिए 40 जिलों में से 39 जिलों में खाद्यान्न टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद ने बताया कि बाढ़ चौकियों में एनडीआरएफ की 7 टीमें, एसडीआरएफ की 18 टीमें और पीएसी की 17 टीमें तैनात कर दी गई हैं। इसके साथ ही आपदा मित्रों को भी तैनात किया गया है। सभी बाढ़ प्रभावित जिलों में नावों का चिन्हीकरण और नाविक तैनात कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एक वर्ष में 4700 राहत चौपालों का आयोजन किया गया, जिसमें लोंगों को बाढ़ के दौरान अपनी और अपने मवेशियों की किस तरह सुरक्षा करनी है, इसकी जानकारी दी गई। वहीं बाढ़ पूर्व तैयारियों के तहत एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की ओर से 25 जिलों में मॉकड्रिल की गई।

## बच्चे को पिता से मिलने और उन्हें जानने का स्वाभाविक अधिकार

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कस्टडी के मामले के लंबित रहने के दौरान बच्चों को उनके अभिभावक से मिलने के मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि बच्चों को अपने अभिभावक पिता को जानने और उनसे मिलने का पूर्ण अधिकार है।

एक पिता अपने बच्चों के जीवन का आदर्श होता है। अतः एक बच्चे को अपने पिता को जानने और उनसे मिलने तथा उनके व्यवहार को समझने का स्वाभाविक अधिकार प्राप्त है। इससे बच्चों की कस्टडी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने प्रियंका अग्रवाल द्वारा दाखिल अपील को खारिज करते हुए पारित किया। दरअसल मां प्रियंका ने परिवार न्यायालय के उस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें बच्चों के पिता को हर महीने के एक रविवार को सार्वजनिक स्थान पर 3 घंटे के लिए अपने बेटे से मिलने की अनुमति दी गई थी। उपरोक्त आदेश को मां ने अपर प्रधान न्यायाधीश के क्षेत्राधिकार से परे बताकर चुनौती दी थी। अंत में कोर्ट ने माना कि पिता से मुलाकात के अधिकार के कारण बच्चे की कस्टडी में कोई बदलाव नहीं आएगा।

### आजम के भड़काऊ भाषण मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने को अतिरिक्त समय

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान संवैधानिक पदों पर नियुक्त अधिकारियों के खिलाफ अनर्गल शब्दों का प्रयोग करते हुए लोगों को भड़काने तथा अधिकारियों को उकसाने, निर्वाचन आयोग और वर्तमान मुख्यमंत्री के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में सपा नेता आजम खान के मामले में शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान अपर शासकीय अधिवक्ता ने सरकार की ओर से जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने मामले को अगली सुनवाई तक टाल दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ ने मोहम्मद आजम खान की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

### गंगा किसान सहकारी चीनी मिल की क्षमता बढ़ाएं : जयंत

**लखनऊ, अमृत विचार।** केंद्रीय राज्यमंत्री व रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर मुजफ्फरनगर के मोरना स्थित दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल लि. के विस्तार का आग्रह किया है। उन्होंने बिजनौर सांसद चंदन चौहान के पत्र का संदर्भ लेते हुए मिल की दैनिक पेराई क्षमता बढ़ाने,उत्पादन प्रक्रिया में सुधार का आग्रह पर गंभीरता पूर्वक विचार करने की अपेक्षा की है।



## सुडोकू -35

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 9 | | | 7 | |
| | | 8 | | 2 | | | 1 | 5 |
| 2 | | 4 | 1 | | | 3 | | 9 |
| | | 9 | | | 2 | | | |
| 5 | 6 | | | | | | 9 | 3 |
| | | | 5 | | | 8 | | |
| 3 | | 5 | | | 4 | 1 | | 6 |
| 7 | 4 | | | 8 | | 9 | | |
| | 8 | | | 1 | | 5 | | |

### सुडोकू -34 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 8 |
| 6 | 8 | 3 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 5 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 2 | 5 | 8 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 7 जुलाई 04.25 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 7 जुलाई 4.48 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** - आज का दिन सरकारी अधिकारियों के लिए आपाधापी से भरा हो सकता है तथा काम के बोझ के कारण उन्हें तनाव भी होगा। आपके अंदर दया का भाव जागृत होगा,जो समाज सेवा की प्रेरणा देगा। जीवनसाथी या प्रेमी के साथ रोमांटिक यात्रा पर जाने का प्लान बना सकता हैं।

**वृष** - आज छात्रों का मन पढ़ाई में लगेगा,लेकिन यदि आप 11 वीं या 12 वीं कक्षा में हैं तो आप अपने भविष्य को लेकर योजना बनाएंगे। ऐसे में आप ऐसे विषयों पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे,जो भविष्य में आपके काम आ सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा।

**मिथुन** - आज के दिन अपने लिए नए क्षेत्र चुनने होंगे,जिससे उनके अनुभव में वृद्धि होगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का मन भी नई चीजों के प्रति आकर्षित होगा,जिससे उनका मन अपने काम में नहीं लगेगा। आप अपने काम के प्रति चिढ़चिढ़ा रवैया भी अपना सकते हैं।

**कर्क** - आज के दिन लाभ कमाने के लिए आपको ज्यादा परिश्रम करने की आवश्यकता है। भाई या बहन का भी साथ मिल सकता है,जिससे आपको सहायता मिलेगी। इस दौरान आप थकान का भी अनुभव कर सकते हैं,जिससे मानसिक तनाव भी हो सकता है।

**सिंह** - आज का दिन उत्तम रहेगा व उन पर अपने माता-पिता का आशीर्वाद बना रहेगा। कुछ क्षेत्रों में उन्हें असफलता हाथ लग सकती है,लेकिन आत्मविश्वास पहले की तुलना में मजबूत होगा। ऐसे समय में किसी भी समस्या का डटकर सामना करें।

**कन्या** - आज यदि आप शेयर बाजार में पैसों को निवेश करते रहते हैं तो संभल कर पैसा लगाएं ,क्योंकि कहीं से बड़ा नुकसान होने की संभावना है। जीवनसाथी के प्रति आपका प्रेम भाव बढ़ेगा। आप अपने परिजनों को काफी समय देंगे।

**तुला** - आज के दिन आपका अपनी माता के साथ वैचारिक रूप से मतभेद हो सकता है,जिससे घर में तनाव का माहौल रहेगा। इस दौरान आपकी माता का स्वास्थ्य भी खराब रह सकता है,जिससे मन विचलित रहेगा।

**वृश्चिक** - आज यदि आपको पहले से कोई समस्या है तो उससे आराम मिलेगा तथा स्वास्थ्य पहले से अच्छा रहेगा। बीपी और शुगर के रोगी बाहर का खाना खाने से बचें और घर पर पौष्टिक आहार का ही सेवन करें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**धनु** - आज यदि आप अपने साथी से दूर हैं तो उन्हें आपकी चिंता रहेगी। ऐसे में स्वयं के स्वभाव को सरल रखें तथा अहंकार को अपने ऊपर हावी न होने दें। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको सफलता मिल सकती है। योजनाओं को अच्छी तरह से क्रियान्वित कर पाएंगे।

**मकर** - आज आप अपनी कार्यशैली में व्यापक बदलाव कर सकते हैं। साथ ही शारीरिक रूप से थोड़ा कमजोर महसूस करेंगे। कानूनी मामलों को लेकर आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है। भाई-बहन को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ** - आज कॉलेज में पढ़ रहे छात्र अपने लिए नए मार्गदर्शक की खोज में रहेंगे,जिससे वे अपना लक्ष्य निर्धारित कर सकें। आपको कहीं से काम करने का अवसर प्राप्त होगा जिसे हाथ से न जाने दें,क्योंकि भविष्य की दृष्टि से यह आपके लिए सहायक सिद्ध होगा।

**मीन** - आज आप अपने प्रेम जीवन के प्रति नीरस भाव रखेंगे तथा साथी के प्रति रुचि कम होगी। किंतु आपका पार्टनर आपको भलीभांति समझेगा,जिससे उनका साथ आपको मिलेगा। आय की स्थिति काफी अच्छी रहेगी। इच्छित कार्य समय से पूरे हो जाएंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
दीवाना मस्ताना
सुबह : 11.45
यमला पगला दीवाना
शाम : 06.17

&pictures
द कराटे किड
सुबह :10.39
द कश्मीर फाइल्स
रात : 08.00

SONY PIX
गॉडजिला
सुबह : 10.57
वेनम
शाम : 06.51

ZEE CINEMA
तारे जमीन पर
सुबह : 10.26
समय 2
रात : 08.30

colors CINEPLEX
तो बात पक्की
सुबह : 09.55
पद्मावत
रात : 09.47

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- आज खाना क्यों नहीं बनाया?
पत्नी- गिर गई थी लग गई।
पति- कहां गिर गई थी और क्या लग गई थी ?
पत्नी- तकिए पर गिर गई थी।
और आंख लग गई थी।

टीचर- तुम पढ़ाई पर ध्यान क्यों नहीं देते?
स्टूडेंट- क्योंकि पढ़ाई सिर्फ दो वजहों से की जाती है।
टीचर-अच्छा जनाब, कौन सी हैं वो दो वजहें, जरा बताओ तो?
स्टूडेंट- या तो डर से या शौक से, मैं बिना वजह कोई शौक रखता नहीं और डरता तो मैं किसी से भी नहीं।



## मैंथा भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 950 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 900
**रामपुर :** शिवालिक-965 फ्लैग- 1085 डीएमओ-830 बोल्ड-1120

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2075, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1775, रविन्द्रा 1990, फॉर्चुन ली. 1625, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1655, राग गोल्ड 1615, गृहणी 1510, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1630, आशीर्वाद मस्टर्ड 1925, स्वास्तिक 2045 । किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19500, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-25500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 ।चावल - ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4700, खजाना 4700 दाल दलहन मूंग दाल इंदौर 10900, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 6950-7400 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200 ।चीनी - डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030 (नयी), बहेड़ी 4040 ( नयी ) ।

# रक्षा उत्पादन करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर: मंत्रालय

### भारत को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करना सरकार की प्रतिबद्धता : राजनाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 2023-24 में 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह मेक इन इंडिया कार्यक्रम में एक और उपलब्धि है। वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ था।

सिंह ने एक्स पर लिखा कि भारत को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, रक्षा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री मोदी नीत सरकार की नीतियों और



● वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य था 1,08,684 करोड़ रुपये

पहलों के सफल कार्यान्वयन पर, आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए 2023-24 में मूल्य के संदर्भ में स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अभी तक की सर्वाधिक वृद्धि हासिल की है। इसमें कहा गया कि 2023-24 में वार्षिक रक्षा उत्पादन करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सभी रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू), रक्षा सामग्री बनाने वाले अन्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और निजी कंपनियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में रक्षा उत्पादन का मूल्य रिकॉर्ड स्तर अर्थात 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह गत वित्त वर्ष के रक्षा उत्पादन की तुलना में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

### गत वर्ष के उत्पादन के मूल्य से 16.8 प्रतिशत अधिक

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन के मूल्य में अभी तक की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की है। रक्षा उत्पादन 2023-24 में 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो गत वित्त वर्ष के उत्पादन के मूल्य से 16.8 प्रतिशत अधिक है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, 2023-24 में उत्पादन के कुल मूल्य (वीओपी) में से 79.2% योगदान डीपीएसयू/अन्य पीएसयू का और 20.8% का योगदान निजी क्षेत्र का रहा। निरपेक्ष मूल्य के संदर्भ में डीपीएसयू/पीएसयू तथा निजी क्षेत्र दोनों ने रक्षा उत्पादन में स्थिर वृद्धि दर्ज की है। यह उपलब्धि 10 वर्षों में सरकार द्वारा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए लाए गए नीतिगत सुधारों और पहलों तथा व्यापार सुगमता की वजह से हासिल हुई है।

# प्याज, टमाटर की कीमतों में उछाल से शाकाहारी थाली 10% हुई महंगी

**मुंबई, एजेंसी**

शाकाहारी थाली की कीमत जून में औसतन 10 प्रतिशत तक बढ़ गई। प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में आई तेजी इसकी प्रमुख वजह रही। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक रिपोर्ट रोटी राइस रेट के अनुसार, ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में गिरावट से मांसाहारी भोजन की लागत में कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार शाकाहारी थाली की कीमत जून में 10 प्रतिशत बढ़कर 29.4 रुपये जो जून 2023 में 26.7 रुपये थी। मई 2024 में यह 27.8 रुपये थी।



शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर तथा आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल है। शाकाहारी थाली की कीमत में वृद्धि का कारण टमाटर की कीमतों में 30%, आलू में 59% और प्याज में 46% की वृद्धि को बताया गया है। प्याज के मामले में रबी की फसल के रकबे में गिरावट से आवक कम रही, जबकि मार्च में बेमौसम बारिश से आलू की पैदावार कम हुई। कर्नाटक तथा आंध्र प्रदेश में उच्च तापमान से टमाटर की आवक पिछले साल की तुलना में 35% कम हुई। वहीं चावल की कीमतों में 13% और दालों में 22% की वृद्धि हुई।

मांसाहारी थाली की कीमत जून में घटकर 58 रुपये रह गई, जबकि गत वर्ष जून में 60.5 रुपये थी। मई में इसकी कीमत 55.9 रुपये प्रति थाली थी। ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में 14% की कमी आई है।

### टमाटर की कीमत 80 रुपये प्रति किलो

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी से आपूर्ति कम होने के कारण दिल्ली में टमाटर की खुदरा कीमतें 70-80 रुपये प्रति किग्रा तक पहुंच गई हैं। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में फलों और सब्जियों की प्रमुख आपूर्तिकर्ता मदर डेयरी अपने खुदरा केंद्र सफल पर 75 रुपये प्रति किलो की दर से टमाटर बेच रही है। स्थानीय सब्जी विक्रेता 70-80 रुपये प्रति किलो टमाटरों की बिक्री कर रहे हैं। मदर डेयरी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि पहाड़ी इलाकों के प्रमुख टमाटर उत्पादक क्षेत्रों में भीषण गर्मी पड़ने से फसल प्रभावित हुई है। उपज कम होने से खुदरा बाजारों में टमाटर की आपूर्ति सीमित हो गई है और कीमतों में उछाल आया है। ऑनलाइन मंच ओटीपी और ब्लिंकिट पर टमाटर की बिक्री 80 रुपये प्रति किलो के भाव पर की जा रही है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 93350 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74575 |
| गिन्नी (प्रति नग ) | 55550-55750 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,850 |
| चांदी आभूषण | 91,300 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72700 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71700 |
| सिल्वर ( पक्की) | 905 (अनुमानित) |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,900 |
| सोना रवा | 72,750 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 91,100 |
| चांदी (999) | 91,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर घटकर 651.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में गिरावट आने से 28 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर कम होकर 651.9 अरब डॉलर रह गया। पिछले सप्ताह ये 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर रहा था।


रिजर्व बैंक के अनुसार, 28 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के बड़े घटक परिसंपत्ति 1.3 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 572.9 अरब डॉलर पर आ गया। स्वर्ण भंडार 42.7 करोड़ डॉलर कम होकर 56.53 अरब डॉलर पर आ गया।

# नायडू ने वित्त मंत्री से कर्ज में डूबे आंध्र प्रदेश के लिए मांगी वित्तीय सहायता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय बजट पेश होने से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और कर्ज में डूबे राज्य की मदद करने का आह्वान किया। नॉर्थ ब्लॉक में हुई बैठक में नायडू ने आंध्र की विभिन्न परियोजनाओं के लिए केंद्रीय सहायता मांगी। तेलुगू देशम पार्टी के मंत्री भी बैठक में शामिल हुए।

राज्य सरकार के अनुसार, आंध्र प्रदेश का सार्वजनिक ऋण 2019-20 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के 31.02% से बढ़कर 2023-24 में 33.32% हो गया है। यह राज्य के राजकोषीय स्थिति में गिरावट का संकेत देता है। नायडू की प्रमुख मांगों में पोलावरम सिंचाई परियोजना के लिए धन, पिछड़े क्षेत्रों के लिए विशेष सहायता तथा नई राजधानी अमरावती के विकास के लिए समर्थन शामिल है। सीतारमण ने नायडू की चिंताओं को धैर्यपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि वह व्यापक वित्तीय बाधाओं के भीतर आंध्र प्रदेश की मांगों पर विचार करेंगी।



नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात करते आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू।

# स्टील, एल्युमिनियम के बर्तनों पर आईएसआई का ठप्पा अनिवार्य

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

● आदेश का उल्लंघन करने पर हो सकती है कार्रवाई

सरकार ने स्टेनलेस स्टील और एल्युमिनियम के बर्तनों की गुणवत्ता और दक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से विनिर्माताओं पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के गुणवत्ता संबंधी दिशा-निर्देशों को अनिवार्य बना दिया है। बर्तनों पर आईएसआई की मुहर अनिवार्य कर दी गयी है और उल्लंघन करना दंडनीय बनाया गया है।

उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस संबंध में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा 14 मार्च, 2024 को जारी गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के अनुसार ऐसे बर्तनों पर आईएसआई चिह्न अनिवार्य किया गया। इसका अनुपालन न करना दंडनीय है। बीआईएस ने मानकों की सूची बनायी है। इनको प्रस्तुत करके बीआईएस का उद्देश्य बेहतर उत्पाद प्रदर्शन और उपभोक्ता सुरक्षा को बढ़ावा देते हुये व्यंजनों की सांस्कृतिक विविधता को बनाए रखना है।



## एक नजर

### सारंगी झारखंड हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश

**रांची।** न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी ने शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय के 15वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के अलावा कई न्यायाधीश और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी शामिल हुए। कैबिनेट सचिव वंदना ददेल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जारी नियुक्ति अधिपत्र पढ़ा। न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा के 28 दिसंबर, 2023 को सेवानिवृत्त होने के बाद से उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद रिक्त था।

### पश्चिम बंगाल में मिला द्वितीय विश्व युद्ध का बम

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि झाड़ग्राम जिले में एक खुले मैदान में द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक बम मिला जो फटा नहीं था और उसे सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया गया। एक्स पर अभियान की तस्वीर साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की मशीनरी ने भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर बम को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया।

### केरल के त्रिशूर में अफ्रीकी स्वाइन फीवर फैला

**त्रिशूर (केरल)।** त्रिशूर जिले के गांव में अफ्रीकी स्वाइन फीवर फैलने के मामले सामने आए हैं। अफ्रीकी स्वाइन फीवर जानलेवा और संक्रामक रोग है जो पालतू और जंगली सूअरों को अपनी चपेट में ले लेता है। यह संक्रमित सूअर के शरीर से निकलने वाले तरल पदार्थ के प्रत्यक्ष संपर्क में आने पर सूअरों में फैल सकता है। त्रिशूर डीएम ने जिले के मदक्कथारा पंचायत में एक निजी फार्म के 310 सूअरों को मारने का आदेश दिया है। वेलियंथारा के 14वें वार्ड में कुट्टालपुझा बाबू के स्वामित्व वाले सूअरों में इस बीमारी की पुष्टि हुई है। डीएम ने पशुपालन अधिकारी को सूअरों को मारकर दफनाने का निर्देश दिया है।

### प्रज्वल की जमानत पर एसआईटी दर्ज करे आपत्ति

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एसआईटी को निर्देश दिया कि वह जनता दल सेक्युलर के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर अपनी आपत्ति दर्ज कराए। रेवन्ना पर कई महिलाओं से दुष्कर्म और उनका यौन उत्पीड़न करने का आरोप है और पूरे प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है। न्यायमूर्ति कृष्णा एस. दीक्षित की एकल पीठ ने कहा कि अदालत में आपत्ति दर्ज कराई जाए। विशेष अदालत ने 26 जून को रेवन्ना की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

# मोदी ने दूरसंचार कंपनियों को 34,824 करोड़ रुपये वसूलने की दी छूट : कांग्रेस

### मोबाइल शुल्क में बढ़ोतरी किए जाने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर किया कटाक्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने दूरसंचार क्षेत्र की तीन प्रमुख कंपनियों द्वारा शुल्क दर में बढ़ोतरी किए जाने के बाद शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल का जनता के लिए उसके मित्रवादी पूंजीवाद का प्रसाद है।

पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने सवाल किया कि मोदी सरकार ने 109 करोड़ सेल फोन उपभोक्ताओं की जेब से 34,824 करोड़ रुपये की वसूली की अनुमति क्यों दी? हाल ही में तीन प्रमुख दूरसंचार कंपनियों रिलायंस जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने ढाई साल के अंतराल के बाद मूल्य वृद्धि की घोषणा की। सबसे पहले सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस जियो ने यह कदम उठाया। सुरजेवाला ने कहा कि हिंदुस्तान के सेल फोन मार्केट में सिर्फ तीन सेल फोन ऑपरेटर हैं। रिलायंस जियो के 48 करोड़, एयरटेल के 39 करोड़ व वोडाफोन आइडिया के 22 करोड़ 37 लाख उपभोक्ता हैं।

ट्राई की रिपोर्ट के अनुसार सेल फोन कंपनियां अपने हर सेल फोन ग्राहक से 152.55 पैसे प्रति माह कमाती हैं। उन्होंने कहा कि 27 जून को रिलायंस जियो ने अपने रेट 12 से 27% बढ़ा दिए। 8 जून को एयरटेल ने अपने रेट 11 से 21% बढ़ा दिए। 29 जून को वोडाफोन आइडिया ने भी अपने रेट 10 से 24% बढ़ा दिए। सुरजेवाला का कहना था कि साफ है कि तीनों कंपनियों ने सलाह कर सिर्फ 72 घंटे में सेलफोन की शुल्क दर बढ़ाने की घोषणा की। अगर हम सेल फोन कंपनियों का औसत देखें तो पता चलेगा कि रिलायंस जियो के हर यूजर पर 30.51 रुपये की बढ़त हुई है। यानी सालाना 17,568 करोड़ रुपये अतिरिक्त वूसल किए जाएंगे।



● मोदी के तीसरे कार्यकाल का जनता के लिए उसके मित्रवादी पूंजीवाद का प्रसाद है : रणदीप सुरजेवाला

# कानूनी मान्यता से इनकार के फैसले पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**समलैंगिक विवाह**

● पांच न्यायाधीशों की पीठ फैसले की करेगी समीक्षा

सुप्रीम कोर्ट 10 जुलाई के अपने पिछले साल के उस फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली याचिकाओं पर विचार करेगा, जिसमें समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार किया गया था। कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ पिछले वर्ष 17 अक्टूबर के फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर अपने कक्ष में विचार करेगी। पुनर्विचार याचिकाओं पर न्यायाधीशों द्वारा कक्ष में विचार किया जाता है।

प्रधान न्यायाधीश के अलावा पीठ के अन्य सदस्य न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति हिमा कोहली, न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा होंगे। समलैंगिक अधिकार कार्यकर्ताओं को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 17 अक्टूबर को समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया था और कहा था कि कानून द्वारा मान्यता प्राप्त विवाहों को छोड़कर विवाह करने का कोई भी दूसरा तरीका विधिक तौर पर उचित नहीं है। साथ ही न्यायालय ने कहा था कि कानून बनाने का काम संसद का है। न्यायालय ने हालांकि, समलैंगिक लोगों के लिए समान अधिकारों और उनकी सुरक्षा को मान्यता दी और आम जनता को इस संबंध में संवेदनशील होने का आह्वान किया था ताकि उन्हें भेदभाव का सामना नहीं करना पड़े।

## बंगाल के विस अध्यक्ष ने टीएमसी के दो विधायकों को दिलाई शपथ उपाध्यक्ष ने किया इनकार

**कोलकाता।** प. बंगाल विधानसभा के उपाध्यक्ष के बदले अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने विधानसभा के उपाध्यक्ष को शपथ दिलाने के लिए अधिकृत किया था। राजभवन और विधानसभा के बीच चले गतिरोध के बाद, दोनों विधायक रयात हुसैन सरकार और सायंतिका बनर्जी को विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान शपथ दिलाई गई। हुसैन सरकार मुर्शिदाबाद जिले के भगवानगोला से विधायक हैं जबकि सयंतिका बनर्जी कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके बारानगर से विधायक हैं।

गुरुवार शाम को राज्यपाल बोस ने उपाध्यक्ष आशीष बनर्जी को शुक्रवार को विधानसभा में शपथ दिलाने के लिए अधिकृत किया। उनका रुख था कि विधायकों को राजभवन में शपथ दिलाई जाएगी। उपाध्यक्ष ने खुद को कार्यक्रम से अलग कर लिया और कहा कि जब अध्यक्ष आसन पर मौजूद हों तो उपाध्यक्ष द्वारा शपथ दिलाना नियमों के खिलाफ है। उपाध्यक्ष की अपील के बाद बिमान बनर्जी ने दोनों विधायकों को सदन में बुलाया और शपथ दिलाई।

## भाजपा काम रोको अभियान के तहत स्कूली शिक्षा बर्बाद कर रही : आप

**नई दिल्ली, एजेंसी**



दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने पांच हजार शिक्षकों के तबादले के आदेश पर भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा अधिकारियों पर दबाव बनाकर केजरीवाल सरकार द्वारा विकसित शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। राय ने कहा कि आप सरकार के काम में बाधा उत्पन्न करने के लिए भाजपा का काम रोको अभियान जारी है। शिक्षा निदेशालय ने 11 जून को ऑनलाइन अनुरोध शीर्षक से जारी परिपत्र के तहत जिन शिक्षकों ने एक ही स्कूल में 10 वर्ष से अधिक सेवा दी है उन्हें आवेदन करना होगा अन्यथा उन्हें स्थानांतरित किया जाएगा।

**रथयात्रा की तैयारी**



कोलकाता में रथ यात्रा उत्सव से पहले रथ के पहिये को पेंट करता इस्कॉन का सदस्य। ● एजेंसी

# छत्तीसगढ़ : कुएं में जहरीली गैस से 5 की मौत

**रायपुर, एजेंसी**



● कोरबा जिले में कुएं में डूबने से पिता-पुत्री समेत 4 लोगों की मौत

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में शुक्रवार को कुएं में जहरीली गैस के रिसाव से पिता और दो पुत्रों समेत 5 लोगों की मौत हो गई है। घटना बिर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत किकिरदा गांव की है। बिलासपुर क्षेत्र के आईजी संजीव शुक्ला ने बताया कि ग्रामीणों के मुताबिक रामचंद्र जायसवाल (60) के कुएं में लकड़ी का टुकड़ा गिरा था, जिसे निकालने के लिए वह कुएं में उतरे, लेकिन बाहर नहीं निकल सके। परिजनों ने पड़ोस के पटेल और चंद्रा परिवार से मदद मांगी, जिसके बाद रमेश पटेल (50), उनके बेटे जितेंद्र पटेल (25), राजेंद्र पटेल (20) और पड़ोसी टिकेश्वर (25) भी कुएं में उतरे लेकिन वे भी नहीं निकल पाए। आईजी ने बताया कि कुएं में जहरीली गैस के रिसाव से उनकी मौत हुई। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हादसे पर दुख जताया है। वहीं, कोरबा जिले के कटघोटा के ग्राम जुराली के डिपरा पारा निवासी पिता-पुत्री समेत चार लोगों की कुएं में डूबकर मौत हो गई।

## महिला आयोग ने मोइत्रा पर प्राथमिकी दर्ज करने को कहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने अध्यक्ष रेखा शर्मा के विरुद्ध टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की टिप्पणी पर स्वतः संज्ञान लेते हुए पुलिस से प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कहा है।

वीडियो में उप्र के हाथरस में हुई भगदड़ स्थल पर एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष को दिखाया गया था जिस पर महुआ ने लिखा, वह अपने बॉस का पजामा संभालने में व्यस्त हैं। एनसीडब्ल्यू ने एक्स पर कहा कि टिप्पणी अपमानजनक है और यह गरिमा के साथ रहने के महिला के अधिकार का उल्लंघन है।

# तमिलनाडु बसपा प्रमुख आर्मस्ट्रांग की घर के सामने की गई हत्या

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु में बसपा इकाई के प्रमुख आर्मस्ट्रांग (52) की शुक्रवार को चेन्नई में उनके घर के सामने ही हत्या कर दी गई। आर्मस्ट्रांग उत्तरी चेन्नई के पेरम्बूर में घर के सामने कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे तभी बाइक सवार छह लोगों ने रात को हमला कर दिया।

पेशे से वकील आर्मस्ट्रांग ने 2007 में पद संभाला था। उनको खून से लथपथ अपोलो अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। शव को राजीव गांधी सरकारी सामान्य अस्पताल ले जाया गया। आर्मस्ट्रांग की हत्या के बाद बसपा कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचे और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। अपराधियों को पकड़ने के लिए आईजी के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित की हैं।

### बसपा प्रमुख मायावती ने की हत्या की निंदा


**नई दिल्ली।** बसपा प्रमुख मायावती ने तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग की हत्या की निन्दा की और राज्य सरकार से दोषियों को गिरफ्तार कर सजा दिलाने की मांग की। मायावती ने कहा कि तमिलनाडु राज्य बसपा अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की उनके घर के बाहर नृशंस हत्या निंदनीय है। आर्मस्ट्रांग राज्य में एक मजबूत दलित आवाज के रूप में जाने जाते थे।

# जंगलों, नदियों-नालों के रखरखाव को लेकर हाईकोर्ट नाराज

**शिमला, एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने समय रहते राष्ट्रीय राजमार्गों सहित जंगलों, नदियों और नालों का उचित रखरखाव न करने पर चेतावनी दी। कोर्ट ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने कहा कि यह जानकर दुख होता है कि 12 जून, 2024 को अदालत के आदेश के बावजूद ब्यास नदी के तल के बीच से चट्टानों और पत्थरों को नहीं हटाया गया है। इन पत्थरों से पानी के टकराने से बहाव नदी तट तक आ जाता है और सड़कों को नुकसान पहुंचता है। जंगलों में फेंके गए मलबे से भूमि कटाव होता है और नदियों-नालों का बहाव रुक जाता है। यह सामान्य ज्ञान की बात है, इसलिए हर बार एनएचएआई द्वारा स्थिति को स्टडी करने के बाद एक्शन में आने की बात समझ से परे है।



● एनएचएआई के लापरवाह अधिकारियों को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने दी चेतावनी

अदालत ने स्टेटस रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद कहा कि उन्हें एनएचएआई का नदी की स्थिति की स्टडी करने के बाद यह कहना स्वीकार्य नहीं है कि मानसून के दौरान नदी से पत्थरों और चट्टानों को नहीं हटाया जा सकता है, क्योंकि एनएचएआई के पास जून का पूरा महीना था। जब मानसून ने हिमाचल प्रदेश को नहीं छुआ था लेकिन एनएचएआई ने कुछ भी नहीं किया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि एनएचएआई की इस निष्क्रियता के कारण कोई अप्रिय घटना होती है, तो एनएचएआई के अधिकारियों के खिलाफ उचित निर्देश जारी किया जाएगा। मामले पर अगली सुनवाई पहली अगस्त को निर्धारित की गई है।

### कोर्ट ने 12 जून को राज्य सरकार को दिया था आदेश

मामले में न्यायालय ने गत 12 जून को राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने के आदेश दिए थे कि राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा अन्य सड़कों की स्थिति अच्छी बनी रहे, ताकि नागरिकों को भोजन, ईंधन इत्यादि की आपूर्ति बनाई रखी जा सके। एनएचएआई को भी आदेश दिए थे कि वह भी बरसात से पहले ब्यास नदी के बीच से पत्थरों और चट्टानों को हटाए, ताकि नदी के बहाव तट से टकराकर राष्ट्रीय राजमार्ग को कोई नुकसान न पहुंचा सके। प्रदेश में पिछले वर्ष हुई भारी बरसात से सैकड़ों सडकें तबाह हो गई थीं। न्यायालय ने कहा था कि लोक निर्माण विभाग का आपदा से पहले जागना जरूरी है। आपदा के बाद जागने से धन का दुरुपयोग होता है।

# 2036 का दावा मजबूत करेंगे पेरिस ओलंपिक के आपके अनुभव : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की दावेदारी कामयाब रहने को लेकर आश्वस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से इस दावे को मजबूत करने के लिये पेरिस में व्यवस्थाओं का अनुभव साझा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत में कहा कि उनके द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी 2036 ओलंपिक की मेजबानी का दावा मजबूत करने में काम आएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें। इससे भी बड़ा माहौल बनता है और हम प्रयास कर रहे हैं। बुनियादी ढांचा तैयार करने पर विशेषज्ञ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा मैं ओलंपिक से पहले नहीं लेकिन बाद में वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने का आपसे आग्रह करूंगा। आप लोग भी खेल के बाद वहां व्यवस्थायें क्या हैं, उसे देखें। खिलाड़ियों से जो इनपुट मिलेगा, वह 2036 के लिए काम आएगा। आप यह देखकर आएंगे तो हमें बहुत सुविधा होगी। प्रधानमंत्री मोदी की खिलाड़ियों से बातचीत का पूरा वीडियो उनके कार्यालय से शुक्रवार को जारी किया गया। बातचीत में खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा भी मौजूद थीं।

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तोक्यो ओलंपिक में रहा है जिसमें भालाफेंक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण समेत सात पदक जीते। भारत के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया है जिसमें 21 निशानेबाज हैं। भारत ने ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा बार बार जताई है जिसे अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक का भी समर्थन मिला है। भारत की राह हालांकि आसान नहीं होगी क्योंकि कतर और सऊदी अरब भी दौड़ में हो सकते हैं। ओलंपिक 2036 के मेजबान का फैसला अगले साल आईओसी के चुनाव से पहले आने की संभावना नहीं है जिसमें नया अध्यक्ष चुना जाएगा।

## नीरज से बोले प्रधानमंत्री, तुम्हारी मां के हाथ का चूरमा खाना है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटे नीरज चोपड़ा से मजाकिया अंदाज में कहा कि उसने अभी तक चूरमा भेजा नहीं जिस पर ओलंपिक और विश्व चैंपियन भालाफेंक स्टार ने इस बार उन्हें चूरमा खिलाने का वादा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस महीने के आखिर में हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिये जा रहे खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत के दौरान नीरज से चूरमे की फरमाइश की तो एथलीट प्रियंका गोस्वामी से पूछा कि वह ओलंपिक में अपने बालकृष्ण को साथ ले जा रही है या नहीं। ऑनलाइन बातचीत में जुड़े नीरज से चुटकी लेते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा चूरमा आया नहीं तेरा अभी तक। इस पर सकुचाते हुए नीरज ने कहा सर चूरमा लेकर आएंगे इस बार। प्रधानमंत्री ने इस पर कहा मुझे तो तेरी मां के हाथ का चूरमा खाना है। पिछली बार तोक्यो ओलंपिक से लौटने के बाद खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए मोदी ने अपने आवास पर चोपड़ा को चूरमा और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू आइसक्रीम खिलाई थी।



## खेल डायरी

### प्रज्ञानानंदा ने कारूआना को ड्रॉ पर रोका

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला जबकि विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने नीदरलैंड के अनीश गिरि से बाजी बराबरी पर खत्म की। चौथी बार एक भी मुकाबले का नतीजा नहीं निकला और सभी बाजियां ड्रॉ रही। कारूआना ने दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में आधा अंक की बढ़त बना रखी है। आठ मुकाबलों में पांच अंक लेकर कारूआना शीर्ष पर हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, गुकेश और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा उनसे आधा अंक पीछे हैं। रूस के इयान नेपोम्नियाशि और वाचियेर लाग्रेव चार अंक लेकर पांचवें स्थान पर हैं।

### एशियाई बिलियडर्स के फाइनल में आडवाणी

**रियाद।** भारत के क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी एशियाई बिलियडर्स में हैट्रिक बनाने के करीब हैं जिन्होंने हमवतन सौरव कोठारी को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आडवाणी ने हर फ्रेम में 100 का स्कोर किया। उन्होंने 100-29, 100-33, 101-38, 100-21, 100-0 से जीत दर्ज की। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उन्होंने भारत के ही श्रीकृष्णा सूर्यनारायणन को 5-0 से हराया था।

### एशियाई युगल स्क्वाश के पहले दिन जीते अभय

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने मलेशिया के जोहोर में चल रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पहले दिन भारतीय चुनौती की अगुवाई करते हुए अपने दोनों वर्गों में जीत दर्ज की। भारतीय दल ने पांच में से चार मुकाबले जीते। अभय और वेलावन सेंथिलकुमार ने फिलीपीन के डेविड पेलिनो और रेमार्क बेगोर्निया को पुरूष युगल में 2-0 से हराया।

### राजावत क्वार्टर फाइनल में, त्रिसा-गायत्री भी जीते

**कैलगरी (कनाडा)।** भारत के उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जापान के ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराकर कनाडा ओपन एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने 33वीं रैंकिंग वाले ओबायाशी को 38 मिनट में 21-19, 21-11 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। महिला युगल में तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। उन्होंने डेनमार्क की नताशा एंथोनिसेन और नीदरलैंड की एलिसा टी को अंतिम 16 के मुकाबले में 17-21, 21-7, 21-8 से हराया। अब उनका सामना चीनी ताइपै की पेइ एस सियेह और एन जू हंग से होगा। अनुपमा उपाध्याय और तान्या हेमंत की जोड़ी दूसरे दौर में हार गई।

### भारतीय रेफरी उवेना ने की संन्यास की घोषणा

**नई दिल्ली।** फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप (2016) में सहायक रेफरी की भूमिका निभाने वाली भारत की उवेना फर्नांडिस ने शनिवार को संन्यास की घोषणा की। यह जानकारी अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को दी। उवेना फीफा के किसी विश्व कप फाइनल में सहायक रेफरी की भी भूमिका निभाने वाली इकलौती भारतीय है। उन्होंने जॉर्डन में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में अंपायरिंग की थी। गोवा की रहने वाली 43 वर्षीय उवेना रेफरी मूल्यांकनकर्ता और प्रशिक्षक के रूप में काम करना जारी रखेंगी। उन्होंने एआईएफएफ से कहा मैं लगभग 20 वर्षों तक रेफरी रही हूं और मुझे लगता है कि मैंने पहले ही अपने काम के साथ न्याय किया है और इस प्रक्रिया में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। भारतीय वायु सेना में एक वरिष्ठ अधिकारी उवेना ने कहा मैंने पहले ही अपना काम कर दिया है, इसलिए मैंने सोचा कि युवाओं को भी मौका मिलना चाहिए।

# विराट-रोहित के बिना नई शुरुआत करेगी युवा टीम

## जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का पहला टी-20 मुकाबला आज, शुभमन की अगुवाई में अभिषेक और रियान करेंगे पदार्पण

हरारे, एजेंसी

रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में उतरेगी तो इस प्रारूप में यह भारतीय क्रिकेट के नये दौर का सूत्रपात भी होगा। भारत में टी-20 विश्व कप की जीत के सतत जारी जश्न के बीच शुभमन गिल की कप्तानी वाली आईपीएल सितारों से सजी यह युवा टीम जीत का अपना सिलसिला शुरू करना चाहेगी।

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले पंजाब के अभिषेक शर्मा और राजस्थान रॉयल्स के लिये खेलने वाले असम के रियान पराग इस श्रृंखला के जरिए पदार्पण करेंगे। पिछले कुछ साल में रोहित और कोहली टी-20 क्रिकेट में कई द्विपक्षीय श्रृंखलाओं से बाहर रहे हैं। अब टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दोनों के संन्यास के बाद उनकी कमी जरूर खलेगी। इसकी भरपाई करना तो मुश्किल है लेकिन फिर परिवर्तन संसार का नियम है। जिम्बाब्वे मजबूत टीम नहीं है लेकिन टी-20 प्रारूप में दोनों टीमों के बीच बहुत गहरा अंतर नहीं है। आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिये खेलने वाले सिकंदर रजा भारत के लिए चुनौती साबित हो सकते हैं। शिवम दुबे, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल तीसरे मैच से ही उपलब्ध होंगे। भारत के भावी टी-20 कप्तान हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव भी भविष्य में इस प्रारूप में लौटेंगे लिहाजा अंतिम एकादश में ज्यादा जगह खाली नहीं है।

**मैच : शाम 04:30 बजे**

**भारत : (पहले दो मैचों के लिए) :** शुभमन गिल (कप्तान), रूतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश, तुषार देशपांडे, साइ सुदर्शन, जितेश शर्मा, हर्षित राणा।

**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स, एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

अब से 2026 टी-20 विश्व कप तक भारतीय टीम इस प्रारूप में 34 मैच खेलेगी। कप्तान गिल पारी का आगाज करेंगे और देखना होगा कि उनके अजीज दोस्त अभिषेक शर्मा को पदार्पण का मौका मिलता है या चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ खेलते हैं। अभिषेक पारी की शुरूआत करते हैं तो गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं। पराग चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं लिहाजा उनके चयन की संभावना अधिक है। आक्रामक फिनिशर रिंकू सिंह पांचवें नंबर पर उतर सकते हैं जबकि छठे नंबर पर जितेश शर्मा या ध्रुव जुरेल को उतारा जा सकता है। गेंदबाजी में आवेश खान और खलील अहमद का खेलना तय है जबकि डैथ ओवरों के खतरनाक गेंदबाज मुकेश कुमार तीसरे तेज गेंदबाज होंगे । दुबे के आने तक वॉशिंगटन सुंदर को मौका मिल सकता है।



विश्वविजेता टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित करते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे। ● एजेंसी

## मुख्यमंत्री ने टीम के लिए 11 करोड़ के पुरस्कार की घोषणा की

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए शुक्रवार को 11 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की। यह घोषणा यहां विधान भवन में की गई जहां भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित किया गया।

शिंदे ने अपने भाषण में विश्व कप में टीम की चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर मिली जीत के अलावा सूर्यकुमार के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच में लिए गए शानदार कैच की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने सहयोगी टीम के सदस्य पारस म्हाम्ब्रे और अरूण कनाडे के योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने मुंबई पुलिस की गुरुवार को विजय परेड के दौरान भीड़ प्रबंधन की भी सराहना की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेंद्र फडनवीस भी मौजूद थे। पवार ने कहा रोहत शर्मा ने स्पष्ट कर दिया कि वह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में अब नहीं खेलेंगे, लेकिन जब भी हम टी-20 मैच देखेंगे, हम हमेशा आपको और आपकी टीम की उपलब्धियों को याद रखेंगे। फडनवीस ने रोहित की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका नाम अब हमेशा के लिए क्रिकेट इतिहास में लिखा जाएगा।

रोहित ने कहा कि फाइनल में टीम प्रयास से जीत मिली। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुझे कहा कि इस तरह का आयोजन विधान भवन परिसर में कभी नहीं किया गया है। इतने लंबे इंतजार के बाद क्रिकेट विश्व कप भारत लाकर सपना सच हो गया। यह टीम प्रयास था। उन्होंने मजाक करते हुए कहा, यह पूरी तरह से टीम प्रयास था। सूर्या ने सभी को कहा कि वह भाग्यशाली रहे कि गेंद उनके हाथ में आ गई। अगर ऐसा नहीं हुआ होता तो मैं उसे अगले मैच में बाहर बिठा देता। फाइनल में मैच का रूख बदलने वाला कैच लेने वाले सूर्यकुमार ने कहा मैं आप सभी से मिलकर खुश हूं। हमें कल और आज यहां विधान भवन में जो समर्थन मिला, मैं उसे कभी नहीं भुला पाऊंगा। दुबे ने कहा मुझे गर्व है कि मैं महाराष्ट्र में रह रहा हूं। हम कल मिले स्वागत से अभिभूत हो गए।

### ट्रॉफी क्या मायने रखती है यह कल देखा

**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने यहां अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि विजय परेड के दौरान प्रशंसकों के असीम प्यार ने साबित कर दिया कि यह टी-20 विश्व कप सिर्फ उनकी टीम के लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए क्या मायने रखता है। रोहित ने बीसीसीआई टीवी से कहा आप इस रोमांच से अनुमान लगा सकते हैं। इससे साबित होता है कि यह ट्रॉफी सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए क्या मायने रखती है। मुझे खुशी है कि हम इस तरह का कुछ हासिल कर सके। रोहित ने दूसरी बार टी-20 विश्व कप जीता है लेकिन उनके लिए यह खास है। उन्होंने कहा 2007 अलग था। मैं उसे भूल नहीं सकता क्योंकि वह मेरा पहला विश्व कप था। यह खास है क्योंकि मैं इस बार कप्तान था। मेरे लिए यह बहुत गर्व का पल है।

### प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए चुने गए बुमराह, रोहित

**दुबई।** आईसीसी ने टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले जसप्रीत बुमराह और रोहित शर्मा तथा महिला वर्ग में स्मृति मंधाना, मैया बाउचिर और विशमी गुणरत्ने को प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित किया। आईसीसी की ओर से प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए जारी की गई नामांकित सूची में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और और अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज तथा महिला वर्ग में स्मृति मंधाना, इंग्लैंड की मैया बाउचिर, श्रीलंका की विशमी गुणरत्ने भी शामिल है। बुमराह ने जून में हुए टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट में 15 विकेट चटकाए।

## फर्नले को हराकर नोवाक तीसरे दौर में




**लंदन।** सात बार के विंबलडन चैंपियन सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ब्रिटेन के जैकब फर्नले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर विंबलडन चैंपियनशिप के तीसरे दौर में पहुंच गए है। ऑल इंग्लैंड क्लब में खेले गये मुकाबले में, एक महीने पहले घुटने में लगी चोट के बावजूद जोकोविच ने ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रा में अपना पहला मैच खेल रहे ब्रिटिश वाइल्डकार्ड जैकब फर्नले पर 6-3, 6-4, 5-7, 7-5 से जीत दर्ज की। सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच तीसरे दौर में मुकाबला एलेजांद्रो टेबिलो और फ्लेवियो कोबोली के मैच के विजेता से होगा। मैच के बाद जोकोविच ने फर्नले के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा जैकब को शानदार मैच के लिए बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने शानदार प्रयास किया और बहुत बढ़िया टेनिस खेला।

# द. अफ्रीका ने भारत को 12 रन से हराया

चेन्नई, एजेंसी

- दक्षिण अफ्रीका की तजमिन ब्रिट्स और मारिजने काप ने लगाए अर्धशतक
- पहले टी-20 में जेमिमा रोड्रिग्स ने खेली 53 रनों की नाबाद पारी

दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम ने तजमिन ब्रिट्स (81 रन) और मारिजने काप (57 रन) के अर्धशतकों की मदद से शुक्रवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को 12 रन से शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई। ब्रिट्स ने 56 गेंद में 10 चौके और तीन छक्के जड़े जबकि काप ने 33 गेंद में आठ चौके और एक छक्का लगाया।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 189 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में भारतीय टीम जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 53 रन) के अर्धशतक के बावजूद चार विकेट पर 177 रन ही बना सकी। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (18 रन) और स्मृति मंधाना (46 रन) ने पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी निभाकर भारत को अच्छी शुरुआत कराई, लेकिन अयाबोंगा खाका ने शेफाली को आउट कर पहला झटका दिया। मंधाना को क्लो ट्रायोन की आउट किया। मंधाना ने 30 गेंद की पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए। दयालन हेमलता (14 रन) ज्यादा देर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकीं और 17 गेंद खेलने के बाद नाडिने डि क्लर्क का शिकार हुईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर (35 रन) पारी की अंतिम गेंद पर एन मलाबा की गेंद पर आउट हुई जिससे उनके और रोड्रिग्स (30 गेंद, सात चौके, एक छक्का) के बीच चौथे विकेट के लिए 59 गेंद में 90 रन की साझेदारी का अंत हुआ और टीम 12 रन से हार गईं।



विकेट लेने के बाद जश्न मनातीं दक्षिण अफ्रीका की खिलाड़ी। ● एजेंसी

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**दक्षिण अफ्रीका :** 189/4, 20 ओवर। तजमिन ब्रिट्स 81, मारिजने काप 57, लौरा वोलवार्ट 33, क्लो ट्रायोन 12। **विकेट :** पूजा वस्त्राकर 2, राधा यादव 2।

**भारत :** 117/4, 20 ओवर। शेफाली 18, स्मृति मंधाना 46, हरमनप्रीत 35, जेमिमा रोड्रिग्स 53 नाबाद। **विकेट :** अयबोंगा खाका 1।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज ब्रिट्स और कप्तान लौरा वोलवार्ट (33 रन) ने सतर्क शुरूआत करते हुए 43 गेंद में 50 रन की साझेदारी निभायी जिससे टीम प्रतिस्पर्धी स्कोर की ओर अग्रसर हुई। इस पारी में बने 189 रन टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च स्कोर भी है। लौरा चौथे ओवर में भाग्यशाली रहीं जब तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर (दो विकेट) की गेंद पर श्रेयंका पाटिल (टखना मुड़ने के कारण मैदान से बाहर गयीं डी हेमलता की जगह उतरीं) ने उनका कैच छोड़ दिया, तब वह 24 रन पर थीं। राधा यादव (दो विकेट) ने लौरा को आउट कर पहले विकेट की भागीदारी का अंत किया। इस दौरान स्मृति मंधाना ने काप और विकेटकीपर ऋचा घोष ने ब्रिट्स के कैच छोड़े। ऋचा कैच लेने के प्रयास में चेहरे पर चोट लगने से मैदान से चली गईं। ब्रिट्स और काप ने दूसरे विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी निभाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। राधा ने काप को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। अनुभवी क्लो ट्रायोन (12) और काप ने फिर तेजी से 38 रन जोड़े।

## पाकिस्तान करेगा इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश की मेजबानी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अंतिम समय में अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला घोषित करने की परंपरा से हटते हुए शुक्रवार को पुष्टि की कि पुरुष टीम 2024-25 सत्र में इंग्लैंड के खिलाफ हाई प्रोफाइल श्रृंखला सहित नौ टेस्ट, 14 वनडे और नौ टी-20 मैच खेलेगी। पाकिस्तान इस साल अक्टूबर में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा जबकि बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के दौरे भी शामिल हैं।

पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा, ये श्रृंखलाएं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का स्थान मजबूत करने के लिए हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है। पीसीबी ने कहा कि बांग्लादेश रावलपिंडी (21 से 25 अगस्त) और कराची (30 अगस्त से तीन सितंबर) में दो टेस्ट खेलेगा और अंतर्राष्ट्रीय सत्र की शुरूआत करेगा जिसका समापन नौ मार्च को प्रस्तावित आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल से होगा। पाकिस्तान का सामना तीन टेस्ट में इंग्लैंड से होगा जो मुल्तान, कराची और रावलपिंडी में होंगे।

## आदित्य बोले- मुंबई से कभी विश्व कप फाइनल मत छीनना

मुंबई, एजेंसी

शिव सेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि मुंबई में टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम का भव्य स्वागत बीसीसीआई के लिए संदेश भी है कि देश की वित्तीय राजधानी से कभी भी किसी बड़े टूर्नामेंट का फाइनल मैच मत छीनो। ऐसा लगता है कि ठाकरे की टिप्पणी बीसीसीआई की आलोचना के लिए थी जिसने 2023 में आईसीसी वनडे विश्व कप की मेजबानी में इसका फाइनल मुंबई के बजाय अहमदाबाद को दिया था।

भारत पिछले साल नंवबर में हुए विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार गया था। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मुंबई में कल का जश्न बीसीसीआई को कड़ा संदेश भी है कि मुंबई से कभी भी विश्व कप फाइनल मत छीनो। ठाकरे की यह टिप्पणी टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम की मुंबई में विजय परेड के एक दिन बाद आई है।

### बीसीसीआई एक ही शहर को नहीं दे सकता प्राथमिकता : राजीव

**मुंबई।** बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे की प्रतिक्रिया के जवाब में कहा कि जब महत्वपूर्ण फाइनल के आयोजन की बात आती है तो बोर्ड एक शहर को दूसरे पर प्राथमिकता नहीं दे सकता।

शुक्ला ने कहा कोलकाता में भी 1987 विश्व कप का फाइनल हो चुका है और कोलकाता को भारत में क्रिकेट का मक्का कहा जाता है। इसलिए यह फैसला नहीं किया जा सकता कि फाइनल एक विशेष शहर में ही होना चाहिए। मुंबई में कई सेमीफाइनल और फाइनल हो चुके हैं। शुक्ला ने कहा कोलकाता (ईडन गार्डन्स) की क्षमता काफी अधिक है जिसमें करीब 80,000 दर्शकों (66,000 के करीब) दर्शक आ सकते हैं। ऐसा अन्य शहरों में भी है। यह फैसला पूरे देश को और सभी स्टेडियमों को ध्यान में रखकर लिया जाता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# पैन कार्ड से हो सकता है स्कैम, धोखेबाज ले सकते हैं मनमाफिक लोन

आज के दौर में देश के नागरिकों के लिए पैन कार्ड एक जरूरी डॉक्यूमेंट बन गया है। इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने, बीमा प्रीमियम जमा करने, बैंक अकाउंट खोलने, डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड बनवाने या प्रोपर्टी खरीदने में पैन कार्ड की डिटेल देना जरूरी है। इसी का फायदा उठाकर साइबर ठग लोगों को पैन कार्ड स्कैम का धड़ल्ले से शिकार बना रहे हैं। हाल ही में पैन कार्ड स्कैम का एक मामला मुंबई से सामने आया है। दरअसल एक बुजुर्ग महिला को 2010-11 में 1.3 करोड़ रुपये की संपत्ति को बेचने के लिए आयकर विभाग से नोटिस मिला। हालांकि यह कोई पहली घटना नहीं है, जब पैन कार्ड के दुरुपयोग का मामला सामने आया हो। इससे पहले भी देश के अलग-अलग हिस्सों से पैन कार्ड का गलत इस्तेमाल कर ठगी करने की शिकायतें मिली हैं। ऐसे में पैन कार्ड का इस्तेमाल करते समय बेहद सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है यह भी हो सकता है कि आपके नाम पर कोई लोन ले ले।




### पैन कार्ड स्कैम क्या है

पैन कार्ड का इस्तेमाल व्यक्ति और संस्था टैक्स से जुड़े कानूनों का पालन कर रहे हैं या नहीं, यह ट्रैक करने के लिए किया जाता है। कार्ड में नाम, जन्मतिथि, फोटो, पैन नंबर व हस्ताक्षर जैसी जानकारी होती है। यह जानकारी साइबर ठग के हाथ लग जाए तो वह कई तरीकों से दुरुपयोग कर सकता है।

### इस तरह बचें स्कैम से

इस स्कैम के अधिकांश मामलों में साइबर ठग लोगों को मोबाइल फोन पर पैन कार्ड अपडेट करने के नाम पर फर्जी लिंक भेजते हैं। लिंक पर क्लिक करते ही ठग फोन पर रिमोट एक्सेस लेने के लिए एक स्क्रीन-शेयरिंग ऐप डाउनलोड कराते हैं।

### गलत इस्तेमाल पर ऐसे करें पता

कार्ड का कोई गलत इस्तेमाल तो नहीं कर रहा है, यह जानने का सबसे अच्छा तरीका है क्रेडिट स्कोर को चेक करना। स्कोर आपको इस बारे में जानकारी देता है कि पैन कार्ड के साथ कुछ अनऑथराइज्ड एक्टिविटी तो नहीं हो रही है। अगर किसी तरह के फ्रॉड की जानकारी लगे तो तुरंत शिकायत करनी चाहिए।

### यह सावधानियां बरतनी चाहिए

पैन कार्ड नंबर और इससे जुड़ी कॉन्फिडेंशियल जानकारी कंम्प्यूटर या मोबाइल फोन में न रखें। अनजान ऑनलाइन पोर्टल पर अपना पूरा नाम या जन्मतिथि दर्ज न करें। किसी होटल में कमरा बुक करते समय, ई-टिकट बुकिंग के समय वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या आधार कार्ड जैसी आईडी का इस्तेमाल करें।

### स्कैम का शिकार होने पर ऐसे करें शिकायत

- : https://www.protean-tinpan.com/ के ऑफिशियल पोर्टल पर जाएं।
- इसके बाद होम पेज पर ऊपर दाईं तरफ कस्टमर केयर ऑप्शन पर जाएं।
- फिर ड्रॉप-डाउन कर कंप्लेन/क्वैरी के ऑप्शन पर क्लिक करें।
- इसके बाद एक शिकायत पत्र आएगा, इसमें अपनी शिकायत से जुड़ी डिटेल्स को भरकर कैप्चा दर्ज करें।
- शिकायत से जुड़ी जानकारी और कैप्चा दर्ज करने के बाद सबमिट के बटन पर क्लिक करें।

## एक नजर

### पाक में पर्यावरण के नमूनों में मिला पोलियो वायरस

**इस्लामाबाद** पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान के दो नए जिलों के साथ-साथ तीन प्रांतों के छह पहले से संक्रमित जिलों के सीवेज नमूनों में वाइल्ड पोलियो वायरस टाइप 1 का पता चला है। मंत्रालय ने कहा कि इस वायरस का पता 10 से 12 जून के बीच दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर, सिबी, केच, डुक्की, उस्ता मुहम्मद और मस्तुंग जिलों, पूर्वी पंजाब प्रांत के रावलपिंडी जिले और उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एबटाबाद जिले से एकत्र किए गए पर्यावरण नमूनों से लगाया गया था।

### वेटिकन ने अपने पूर्व राजदूत को किया बहिष्कृता

**रोम।** वेटिकन ने अमेरिका में अपने पूर्व राजदूत आर्कबिशप कार्लो मारिया विगानो को विभाजन का दोषी पाते हुए, बहिष्कृत कर दिया है। यह पोप फ्रांसिस के सबसे प्रबल आलोचकों में गिने जाने वाले उग्र रूढ़िवादी (विगानो) के लिए अपरिहार्य अंत है। शुक्रवार को एक प्रेस वक्तव्य में कहा गया कि वेटिकन के सिद्धांत कार्यालय ने गुरुवार को अपने सदस्यों की बैठक के बाद यह प्रतिबंध लगाया।

### इजरायली हमले में सात फिलिस्तीनी मारे गए

**रामल्लाह।** फिलिस्तीन के उत्तरी वेस्ट बैंक में जेनिन शहर और उसके शरणार्थी शिविर में इजरायली हवाई हमले और गोलीबारी में सात फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

### पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर छह दिन प्रतिबंध

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने इस्लामी महीने मुहर्रम के दौरान नफरत फैलाने वाली सामग्री को नियंत्रित करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया मंच यूट्यूब, व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और टिकटॉक पर 13 से 18 जुलाई तक प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। पंजाब सरकार की ओर से जारी की गई एक अधिसूचना के अनुसार, मुख्यमंत्री मरियम नवाज की कानून एवं व्यवस्था संबंधी कैबिनेट समिति ने 12 करोड़ से अधिक की आबादी वाले प्रांत में प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है।

### चीन में नए उपग्रह समूह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण

**बीजिंग।** चीन ने उत्तरी शांक्सी प्रांत के ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र से से शुक्रवार सुबह 6:49 बजे तियानहुई 5-02 उपग्रह समूह को सफलतापूर्वक प्रक्षेपति किया गया। उपग्रह समूह को संशोधित लॉन्ग मार्च-6 वाहक रॉकेट द्वारा ले जाया गया और उसने नियोजित कक्षाओं में प्रवेश कर लिया है। उपग्रहों के इस समूह का उपयोग भौगोलिक मानचित्रण, भूमि संसाधन सर्वेक्षण, वैज्ञानिक प्रयोग और अन्य उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। यह वाहक रॉकेटों की लॉन्ग मार्च श्रृंखला का 527वां मिशन है।

### तुर्की में 45 आईएस संदिग्ध हिरासत में

**अंकारा।** तुर्की पुलिस ने आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े होने के संदेह में 45 लोगों को हिरासत में लिया है। तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा आईएस के खिलाफ अभियान के परिणामस्वरूप कुल 81 में से 16 प्रांतों में 45 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। यह अभियान इस्तांबुल, अंताल्या और अंकारा और अन्य स्थानों पर चलाया गया। येरलिकाया ने बताया कि छापे के दौरान बड़ी संख्या में मुद्रा और डिजिटल डेटा जब्त किया गया।


प्रधानमंत्री बनने के बाद स्टॉर्मर का स्वागत करते नागरिक।


डाउनटाउन आवास में पत्नी के साथ नवनियुक्त प्रधानमंत्री खुशी जाहिर करते हुए। ● एजेंसी


डाउनटाउन छोड़ने के बाद पत्नी अक्षिता के साथ ऋषि सुनक।

# ब्रिटेन में 14 साल बाद सत्ता परिवर्तन

## कंजर्वेटिव पर भारी पड़ी लेबर पार्टी, बड़ी संख्या में चुने गए भारतीय मूल के सांसद, सुनक ने लोगों से माफी मांगी

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने नए प्रधानमंत्री का पदभार संभाल लिया है। लेबर पार्टी ने आम चुनावों में भारी बहुमत हासिल किया और कंजरवेटिव पार्टी के 14 साल के शासन का अंत हुआ। कंजरवेटिव को शुक्रवार को हुए मतदान में देश के इतिहास में सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ा।

वहीं इस बार भारतीय मूल के लगभग 26 सांसद वहां की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए हैं। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यॉर्कशायर में रिचमंड और नॉर्थलेर्टन निर्वाचन क्षेत्र में निर्णायक जीत के साथ ब्रिटिश भारतीयों की जीत का नेतृत्व किया है।

सुनक ने एक संदेश में कहा इस मुश्किल समय में मैं रिचमंड और नॉर्थलेर्टन निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे लगातार समर्थन दिया है। अपनी सीट फिर से जीतने वाले अन्य प्रमुख ब्रिटिश भारतीय टोरी नेताओं में पूर्व गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन और प्रीति पटेल शामिल हैं। गगन महिंद्रा ने कंजर्वेटिव पार्टी के लिए अपनी साउथ वेस्ट हर्टफोर्डशायर सीट पर जीत हासिल की। वहीं शिवानी राजा ने लीसेस्टर ईस्ट निर्वाचन क्षेत्र में विजय प्राप्त की। वह यहां से भारतीय मूल के लेबर उम्मीदवार राजेश अग्रवाल के खिलाफ चुनाव मैदान में थीं। चुनाव परिणामों से पता चलता है कि लेबर पार्टी में सबसे अधिक संख्या में भारतीय प्रवासी उम्मीदवार विजयी हुए हैं।


महाराजा चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के बाद आधिकारिक रूप से ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री।

### सत्ता परिवर्तन से एफटीए में कुछ संशोधन संभव

**नई दिल्ली।** सत्ता परिवर्तन से ब्रिटेन और भारत के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मंजूरी मिलने की उम्मीद है, इसमें मामूली बदलाव हो सकते हैं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने कहा कि लेबर पार्टी एफटीए के फायदों को पहचानेगी, क्योंकि इससे उच्च टैरिफ बाधाओं को दूर करते हुए तेजी से बढ़ते और बड़े भारतीय बाजार तक पहुंच मिलती है।

### दुनिया भर के नेताओं ने दी बधाई

**लंदन।** प्रधानमंत्री मोदी ने स्टॉर्मर को बधाई देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के साथ ही पारस्परिक विकास एवं समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक तथा रचनात्मक सहयोग की उम्मीद जताई। साथ ही सुनक के नेतृत्व की सराहना की और अपने कार्यकाल के दौरान भारत और ब्रिटेन के संबंधों को प्रगाढ़ करने में उनके सक्रिय योगदान के प्रति आभार जताया।

**आस्ट्रेलिया :** प्रधानमंत्री एंथनी ने कहा सरकार के साथ रचनात्मक रूप से काम करने के लिए उत्सुक हैं।

**इटली :** प्रधानमंत्री मेलोनी ने कहा इटली व ब्रिटेन के बीच मजबूत संबंध है और मुझे विश्वास है कि हम अपने नागरिकों के हित में प्रगाढ़ संबंध विकसित करना जारी रखेंगे।

**नार्वे :** नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोरे ने स्टॉर्मर और लेबर पार्टी को चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी।

### डाउनटाउन को छोड़ते समय भावुक हुए सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन के निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शुक्रवार को कहा कि आम चुनाव में अपनी पार्टी की हार की जिम्मेदारी लेते हुए वह कंजर्वेटिव पार्टी के नेता का पद छोड़ देंगे। इसके साथ ही सुनक ने उन दिवाली उत्सवों को याद किया जो उन्होंने भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का आवास) पर अपने परिवार के साथ मनाए थे। सुनक (44) का कार्यकाल करीब 20 महीना रहा और प्रधानमंत्री के रूप में अपने विदाई भाषण में वह भावुक हो गए। उन्होंने मतदाताओं से माफी मांगी लेकिन जोर दिया कि उन्होंने बतौर प्रधानमंत्री पूरे समर्पण से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने अपनी पार्टी के सहयोगियों से भी माफी मांगी जो चुनाव में हार गए। सुनक ने कहा सबसे पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि मुझे खेद है। मैंने इस पद पर पूरी ईमानदारी से काम किया।

### निगेल फराज आठवें प्रयास में बने सांसद



**लंदन।** निगेल फराज अपने आठवें प्रयास में ब्रिटेन की किसी संसदीय सीट से निर्वाचित होने में कामयाब हो गए। वह क्लैक्टन से जीत हासिल करके पहली बार सांसद बने हैं। फराज की कट्टर दक्षिणपंथी रिफॉर्म यूके पार्टी ने ब्रिटेन के आम चुनाव में चार सीट पर जीत हासिल की है। फराज (60) ने कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार जाइल्स वाटलिंग को हराया। वाटलिंग 2017 से एसेक्स के इस तटीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।

# रूस में सेना में भारतीयों का मुद्दा उठाएंगे मोदी

- सोमवार को रूस एवं ऑस्ट्रिया की यात्रा पर जाएंगे प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रूस एवं ऑस्ट्रिया की यात्रा पर जाएंगे और वह रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के साथ बातचीत में भारतीय नौजवानों के रूसी सेना में भर्ती होकर यूक्रेन के मोर्चे पर भेजे जाने का मुद्दा उठायेंगे और ऐसे सभी भारतीय युवाओं को मुक्त कर स्वदेश भेजने का भी अनुरोध करेंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

इस मौके पर विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) पवन कपूर, अतिरिक्त सचिव (यूरेशिया) चरणजीत सिंह और अतिरिक्त सचिव (मध्य यूरोप) अरुण कुमार भी मौजूद थे। क्वात्रा ने प्रधानमंत्री की यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूस के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 8-9 जुलाई को मॉस्को की आधिकारिक यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री का सोमवार को दोपहर में मॉस्को पहुंचने का कार्यक्रम है। मोदी के सम्मान में सोमवार 8 जुलाई को राष्ट्रपति एक निजी रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। प्रधानमंत्री क्रेमलिन में अज्ञात सैनिक की कब्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे और उसके बाद मोदी मॉस्को में प्रदर्शनी स्थल का दौरा करेंगे।

इन कार्यक्रमों के बाद दोनों नेताओं के बीच एक एकांत में बातचीत होगी, जिसके बाद प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। विदेश सचिव ने कहा कि मोदी नौ जुलाई को दोपहर बाद मास्को से विएना जाएंगे। ऑस्ट्रिया के चांसलर के निमंत्रण पर नरेंद्र मोदी 9-10 जुलाई को ऑस्ट्रिया में रहेंगे।

### पुतिन से बातचीत को मॉस्को पहुंचे हंगरी के प्रधानमंत्री



**बुडापेस्ट (हंगरी)।** हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता के लिए मॉस्को पहुंचे। ओरबान के प्रेस प्रमुख ने शुक्रवार को बताया कि दो वर्ष से अधिक समय पहले यूक्रेन पर आक्रमण के बाद किसी यूरोपीय नेता की यह रूस की दुर्लभ यात्रा है। ओरबान की यह यात्रा यूक्रेन की इसी तरह की अघोषित यात्रा के कुछ ही दिनों बाद हो रही है, जहां उन्होंने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की थी और प्रस्ताव रखा था कि यूक्रेन रूस के साथ तत्काल युद्ध विराम पर विचार करे। यूरोपीय संघ में पुतिन के सबसे करीबी सहयोगी माने जाने वाले ओरबान ने यूक्रेन की सहायता करने तथा युद्ध के लिए मॉस्को पर प्रतिबंध लगाने के यूरोपीय संघ के प्रयासों को नियमित रूप से अवरुद्ध, विलंबित या कमजोर किया है। वह लंबे समय से यूक्रेन में शत्रुता समाप्त करने की वकालत करते रहे हैं।

# इमरान खान ने प्रधान न्यायाधीश पर जताया अविश्वास, भूख हड़ताल की दी धमकी

इस्लामाबाद, एजेंसी



जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शुक्रवार को धमकी दी कि अगर उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा उनके मामलों में न्याय करने में असफल होते हैं तो वह भूख हड़ताल पर चले जाएंगे।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 71 वर्षीय प्रमुख ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में मीडिया से बातचीत के दौरान यह बयान दिया। उन्होंने इस दौरान पार्टी और उनके मामलों को संभालने वाली पीठों में मुख्य न्यायाधीश ईसा की भागीदारी पर चल रही चिंताओं का हवाला दिया। वह अदियाला जेल में अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के सिलसिले में अदालत में उपस्थित थे। उन्होंने अपनी पीटीआई पार्टी से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए गठित पीठ में मुख्य न्यायाधीश ईसा की उपस्थिति पर आपत्ति जताई तथा चेतावनी दी कि यदि प्रधान न्यायाधीश न्याय देने में विफल रहे तो वे भूख हड़ताल पर चले जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके वकीलों ने उनकी पार्टी के मामलों के बारे में सुनवाई करने वाली प्रत्येक पीठ में प्रधान न्यायाधीश ईसा को शामिल करने पर आपत्ति जताई है। पूर्व प्रधानमंत्री ने पूछा प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा पीटीआई और मेरे मामलों की सुनवाई करने वाली हर पीठ में कैसे शामिल होते हैं? खान ने यह भी कहा कि पूर्व प्रधान न्यायाधीश गुलजार अहमद ने कहा था कि ईसा पीटीआई के मामलों की सुनवाई नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि पीटीआई के वकीलों का मानना है कि उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, इसलिए हमारे मामलों की सुनवाई किसी और को करनी चाहिए।

## रूसी क्षेत्र में 50 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट

**मॉस्को।** रूस की हवाई सुरक्षा ने रात भर में तीन रूसी क्षेत्रों में 50 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा पिछली रात के दौरान जब कीव शासन ने रूसी संघ के क्षेत्र पर मानव रहित हवाई वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमलों को अंजाम देने का प्रयास किया। ड्यूटी पर मौजूद वायु रक्षा प्रणालियों ने क्रास्नोडार क्षेत्र में 14 यूएवी, ज़ापोरोज़े के ऊपर 26 यूएवी को नष्ट कर दिया और रोस्तोव क्षेत्र में 10 यूएवी को भी नष्ट कर दिया। पुतिन ने कहा है कि इस ऑपरेशन का उद्देश्य आठ वर्षों तक कीव शासन द्वारा नरसंहार के शिकार लोगों की रक्षा करना है।

# प्रंचड 12 जुलाई को करेंगे बहुमत परीक्षण का सामना

काठमांडू, एजेंसी



नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड 12 जुलाई को प्रतिनिधि सभा में बहुमत परीक्षण का सामना करेंगे। गुरुवार को इसकी घोषणा की गई। इस सप्ताह की शुरुआत में प्रचंड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार से दो प्रमुख राजनीतिक दलों ने समर्थन वापस ले लिया था। प्रधानमंत्री ने संसद सचिव को एक पत्र लिखकर बहुमत परीक्षण के लिए मतदान की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है।

काठमांडू पोस्ट की खबर में कहा गया है दाहाल ने संविधान के अनुच्छेद 100 (2) के तहत बहुमत परीक्षण कराने का अनुरोध किया है, जिसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री जिस दल का नेतृत्व कर रहे हैं, अगर वह विभाजित हो जाता है या कोई राजनीतिक दल गठबंधन सरकार से समर्थन वापस ले लेता है तो प्रधानमंत्री को 30 दिन में प्रतिनिधि सभा में बहुमत साबित करने के लिए प्रस्ताव पेश करना होगा। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओलि ने गठबंधन सरकार बनाने के लिए सोमवार को समझौता किया था।

## मीटू अभियान में फ्रांसीसी निर्देशक पर आरोप तय

**पेरिस।** एक प्रमुख फ्रांसीसी फिल्म निर्देशक पर महिला कलाकारों से जुड़े एक मामले की जांच कर रहे फ्रांसीसी न्यायाधीश ने दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न और हिंसा के प्रारंभिक आरोप तय किए हैं। पेरिस में अभियोजक कार्यालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बेनोइट जैक्वॉट को 50 से ज्यादा फिल्मों और टेलीविजन कार्यक्रमों के निर्देशन का श्रेय दिया जाता है। फ्रांसीसी फिल्म उद्योग और उसके इतर यौन शोषण और शारीरिक दुर्व्यवहार के मामले में उनका नाम एक बार फिर प्रमुखता से उभरा है। फ्रांसीसी अभिनेत्री जूडिथ गॉडरेच ने आरोप लगाया है कि जैक्वॉट ने उनके साथ छह साल तक बलात्कार किया और शारीरिक शोषण किया।

## बॉलीवुड हलचल

### भोजपुरी लोकगीत राजा जी के पातर कमरिया रिलीज

**मुंबई।** गायिका करिश्मा कक्कड़ और अभिनेत्री चांदनी मेहता का भोजपुरी लोकगीत राजा जी के पातर कमरिया रिलीज हो गया है। लोकगीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में दिखाया गया है कि एक युवा पत्नी जोकि बहुत सुंदर है, वह अपने पति से बहुत प्यार करती है और वह अपने पति की तारीफों के पुल बांध रही है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत राजा जी के पातर कमरिया के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को करिश्मा कक्कड़ ने गाया है। वीडियो में चांदनी मेहता नजर आ रही हैं। इस गाने को आशुतोष तिवारी ने लिखा है।

### फिल्म अल्फा में नजर आएंगी आलिया भट्ट-शरवरी वाघ



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट और शरवरी बाघ स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा में काम करती नजर आएंगी। यशराज फिल्म्स की पहली फीमेल लीड स्पाई मूवी का टाइटल अल्फा रखा गया है। फिल्म के टाइटल के साथ पहला वीडियो यशराज फिल्म्स ने सोशल मीडिया मेकर्स ने रिवील कर दिया है, जिसमें आलिया की आवाज में बैकग्राउंड में सुनाई दे रही हैं। आलिया कहती हैं, ग्रीक एल्फाबेट का सबसे पहला अक्षर और हमारे प्रोग्राम का मोटो। सबसे पहले, सबसे तेज, सबसे वीर, ध्यान से देखो तो हर शहर में एक जंगल है और हर जंगल में राज करेगा एक अल्फा। अल्फा के टाइटल अनाउंसमेंट वीडियो में आखिरी में फिल्मिंग नाऊ भी लिखा गया है। आलिया भट्ट ने अल्फा के टाइटल वीडियो को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ये अल्फा का टाइम है...गर्ल्स!

## ईरान में राष्ट्रपति चुनाव के लिए पुनः मतदान प्रारंभ

**दुबई।** ईरान में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के मारे जाने के बाद शुक्रवार को देश में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हो रहे हैं जिसमें मुकाबला कट्टरपंथी परमाणु वार्ताकार सईद जलीली और सुधारवादी मसूद पेजेश्कियन के बीच है। इससे पहले 28 जून को मतदान के शुरुआती दौर में किसी भी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट नहीं मिले जिसके कारण दोबारा मतदान कराए जा रहे हैं। जेल में बंद नोबेल पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी सहित कई लोगों ने चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया है। कट्टरपंथी पूर्व परमाणु वार्ताकार सईद जलीली और हार्ट सर्जन तथा लंबे समय से संसद सदस्य रहे मसूद पेजेश्कियन के बीच टक्कर है।

**बदलाव** मानसूनी बारिश में आई तीन गुना से अधिक कमी

# जलवायु परिवर्तन का गहरा असर नैनीताल के मानसून पर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जलवायु परिवर्तन का गहरा असर नैनीताल के मानसून में नजर आता है। जिसमें तीन गुना तक कमी दर्ज की गई है। विश्व विख्यात इस हिल स्टेशन के मानसूनी बारिश में भारी अनिरन्तरता देखने को मिली है। इस नगर में मानसून के दौरान तीन हजार मिमी से अधिक वर्षा हुआ करती थी, जो गिरकर हजार मिमी से भी नीचे जा पहुची है।

अतीत गवाह है , 25 वर्ष पहले तक नैनीताल का मानसून झूमकर बरसा करता था। बरसा की तीव्रता को ध्यान में रखते हुए मानसून में शायद ही कार्यक्रम निर्धारित किए जाते थे। मगर वर्ष 2000 के बाद मौसम में तब्दीली आनी शुरु हो गई। दरअसल यह वह वही नगर है, जिसके अपने क्षेत्रीय बारिश का भी एक चक्र हुआ करता था। जिसे लोकल बारिश कहा जाता था। जून के शुरुआत में यह बारिश हुआ करती थी। इसकी वजह अत्यधिक नमी हुआ करती थी, जिसमें अब भारी कमी आ जाने के कारण लोकल बारिश का दौर लगभग समाप्त हो चुका है। जानकार बताते हैं कि लोकल बारिश 200 मिमी तक होती थी। मानसूनी बारिश को लेकर एक और बदलाव खंड वृष्टि के रूप में देखने को मिली है।

### 2015 से 23 के बीच 10 वर्ष में हुई मानसून का आंकड़ा




### जलवायु परिवर्तन है कारण

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के पर्यवारण वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह कहते हैं कि जलवायु परिवर्तन ने नैनीताल की बारिश को प्रभावित किया है। जिस कारण मानसून ही नही, बल्कि पश्चिमी विक्षोभ की बारिश में बदलाव आया है। मगर इस बार ला नीना प्रभाव के चलते उम्मीद है कि मानसून की बारिश में सामान्य से अधिक बढ़ोतरी होगीं।